काव्यमय

उत्तराध्ययन सूत्र

मुनि वीरेन्द्र

प्रकाशक :
श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ
समता भवन, रामपुरिया मार्ग, बीकानेर – 334005 (राज.)

❖ पुस्तक
काव्यमय उत्तराध्ययन सूत्र

❖ काव्यकार
मुनि वीरेन्द्र

❖ **अर्थ सौजन्य :**
पीतलिया परिवार, सिरयारी (राजस्थान)
भारत बिल्डिग, काच्छीगुडा, हैदराबाद (आ.प्र.)

❖ **प्रकाशक :**
श्री अ. भा. साधुमार्गी जैन संघ
समता भवन, रामपुरिया मार्ग, बीकानेर (राज.)
दूरभाष · 0151-2544867, 0151-3092177
2203150 (Fax)

❖ **मूल्य : 80/-**

❖ **संस्करण : प्रथम संस्करण, अक्टूबर 2005**

❖ **प्रतियाँ : 2100**

❖ **आवरण सज्जा :**
नटराज इन्फॉसिस
बीकानेर

❖ **मुद्रक :**
तिलोक प्रिटिंग प्रेस, बीकानेर
दूरभाष : 9351202622 (M)

समर्पण

हुक्म क्षितिज पर समतालोक ले, उद्भासित आदित्य ।
करूँ समर्पित काव्यभावामृत उत्तराध्ययन साहित्य।।

परम पुनीत
परम श्रद्धास्पद
अनन्त कृपा सिंधु
महामहिम
समता विभूति
पूज्य आचार्य देव श्री नानेश
के 25 वें युवाचार्य पदोत्सव
की सुरभित
मंगलमय पावन घड़ियों के उपलक्ष्य
में सादर सविनय
वन्दन अभिनन्दन
के साथ
अर्पित-समर्पित

चरणरज -
- मुनि वीरेन्द्र

प्रकाशकीय

साधुमार्गी जैन परम्परा सनातन काल से भव्य प्राणियों को मुक्ति का पथ प्रदर्शित करती आ रही हैं। इस परम्परा ने काल प्रभाव से कभी ह्रास के अन्तिम विन्दु को देखा है तो कभी विकास के उत्तुंग शिखर को छुआ हैं। सौभाग्य यह रहा कि इस परम्परा को समय-समय पर सुयोग्य आचार्यो की उपलब्धि होती रही। उसी आचार्य-शृंखला में क्रियोद्धारकजी पूज्य श्री हुक्मीचन्दजी म.सा. का नाम प्रमुख रूप से उभर कर आता हैं।

आचार्य पूज्य श्री हुक्मीचन्दजी म.सा. ने तत्कालीन साधु सस्था में व्याप्त शिथिलाचार का उन्मूलन कर विशुद्ध साध्वाचार की प्रतिस्थापना की। उत्तरवर्ती आचार्यो ने उस क्रांतिकारी विशुद्ध परम्परा को पोषित, पल्लवित एवं पुष्पित किया और समाज के सन्मुख समय की आड़ में शिथिलाचार को सीने से लगाये रखने वाले छद्‌मवेशियों के सन्मुख एक आदर्श प्रस्तुत किया।

आचार्य श्री हुक्मीचन्दजी म.सा. की क्राति परम्परा का सम्प्रति आचार्य पूज्य श्री नानेश के विधिवत् पट्टधर प्रशान्तमना पूज्य आचार्य श्री रामलालजी म.सा. सम्यक्तया निर्वहन कर रहे हैं। आचार्य श्री रामेश के कुशल मार्ग दर्शन में जहॉ साधु समुदाय ने ज्ञान और क्रिया के क्षेत्र में अभिनव विकास किया हैं वहीं श्रावक समुदाय ने भी ज्ञान-क्रिया के उच्च पायदानों पर आरोहण किया है।

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ, साधना के विभिन्न आयामों को गति देने के लिए कृत सकल्पित हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में साहित्य प्रकाशन उनका महत्त्वपूर्ण कार्य रहा हैं। साहित्य के क्षेत्र में संघ ने कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रस्तुत **"काव्यमय उत्तराध्ययन सूत्र"** उसी साहित्य लड़ी में अनमोल मणिरत्न हैं।

यह उच्च कोटि का काव्य ग्रन्थ भाव, भाषा शैली आदि से समृद्ध तो है ही इसकी साहित्यिक छटा भी अद्‌भुत हैं। सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्रीयुत् माणकचन्दजी रामपुरिया ने **"अमृत मंथन"** लिखकर ग्रन्थ गौरव को सुस्पष्ट किया है। अतः ग्रन्थ के बारे अधिक कुछ परिचय की आवश्यकता नहीं।

ग्रन्थ के रचनाकार विद्वद्वर्य, कविरत्न श्री वीरेन्द्रमुनिजी म.सा. है। मुनिश्री भाषाविज्ञ हैं तथा संस्कृत, प्राकृत एवं हिन्दी भाषा के अध्यापन में दक्ष है। काव्यमय सूत्रकृताङ्ग सूत्र एव निष्काम साधक (खण्ड काव्य) भी आपके पाडित्य का मुखर बखान करते हैं। आचार्य श्री नानेश-रामेश शासन की सेवा में अहर्निश संलग्न मुनिश्री द्वारा प्रदत्त रचना हेतु संघ कृतज्ञ हैं।

पं. श्री काशीनाथजी शास्त्री "आचार्य चन्द्रमौलि" के संशोधन सहयोग हेतु आभार। उत्साही युवा श्री सुशील कुमार बैद तथा श्री प्रेमराज सुराणा ने निष्ठापूर्वक प्रतिलिपि तैयार की तदर्थ भविष्य में संघ सेवा की आशा के साथ धन्यवाद।

ग्रन्थ प्रकाशन में हैदराबाद निवासी पीतलिया परिवार- हैदराबाद (सिरयारी) के उदारता पूर्वक सहयोग के लिए धन्यवाद। आशा है, श्री पीतलियाजी भविष्य में भी अपनी लक्ष्मी का इसी प्रकार संघ सेवा में सदुपयोग करते रहेंगे।

पाठकों से निवेदन हैं कि वे नित्य स्वाध्याय द्वारा ग्रन्थ प्रकाशन के उद्देश्य को सफल बनायें और आत्मकल्याण के पथ पर अग्रसर हों।

भवदीय

शान्तिलाल सांड, संयोजक

साहित्य प्रकाशन समिति

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ, समता भवन,

रामपुरिया मार्ग, बीकानेर (राज.)

मदीयम्

विश्वमंच पर साहित्य का अपना महत्त्व रहा है। वह लौकिक हो या लोकोत्तर मनीषियों की प्रज्ञा पुरस्सर लेखनी के उत्स ने अनेक ग्रन्थ का प्रणयन किया। पूर्व में इसे कंठाभरण किया जाता रहा सम्प्रति मतिमन्दता से कण्ठाभरण की स्थिति न्यूनतम होती जा रही है। गेय स्वरूप ग्रन्थ किसी भी स्थिति विशेष से हो, वे परम उपादेय रूप हैं।

जैनदर्शन के प्रणीत ग्रन्थ आगम के रूप में अभिसज्ञित हैं। वत्तीस आगमों में चार मूलों के अन्तर्गत उत्तराध्ययन सूत्र सर्वप्रथम रूप से कहा गया है। इसमें साध्वाचार सहित तत्त्वविशेष का विश्लेषण है। जैन मनीषियों के द्वारा इसे जैन गीता के रूप में मुखरित किया हैं।

उत्तराध्ययन सूत्र का आचारांग के पश्चात् पठन होने से इसे इस रूप में कहा जाता है।

दीपमालिका के पश्चात् प्रतिवर्ष इसका वाचन किया जाता हैं। प्रसंगोपात मानस में अतिरेक जागृत हुआ क्यों न इसे काव्यात्मक रूप दिया जाय। महिमा मण्डित समताविभूति आचार्य देव नानेश व कृपा परायण धायमातृ पदालंकृत इन्द्र भगवान् के अनुग्रह वर्षण से यह उपक्रम सार्थक हुआ।

. कविकर्म सर्वथा अत्यन्त कठिन होता है हिन्दी साहित्य में हिन्दी के छन्दों का उपयोग तो अनिवार्य रूप से किया जाता हैं। संस्कृत के छन्दों का एकमात्र प्रयोग सर्वप्रथम महाकवि अयोध्यासिंह उपाध्याय ने अपने हिन्दी महाकाव्य "प्रिय प्रवास" में सफलतापूर्वक किया है। उनके बाद वह परम्परा दुरूह होने के कारण अवरुद्ध-सी जान पड़ती है। उसी परम्परा में केवल संस्कृत छन्द बसन्ततिलका में पूरी रचना करने का प्रस्तुत प्रयास किया गया है। वर्णिक छन्दों की रचना अपने में दुष्कर ही मानी गई है। उसमें हमें कितनी सफलता मिली है, यह तो साहित्य धुरन्धर महाकवियों की आलोचना का विषय हैं। जहॉ पर उस छन्द की परिधि ज्ञात नहीं हो सकी वहां पर विषयानुकूल धनाक्षरी/कवित्त का समाश्रयण लिया गया है। उत्तराध्ययन एक महत्त्वपूर्ण धार्मिक ग्रन्थ हैं। उसके विषय में कुछ कहना सूर्य को दीपक दिखाने के तुल्य हैं। पुनः पुनः यही सद्भावना मानस पटल पर उद्वेलित हो रही है कि यह कृति श्री नानेश चरणों में समर्पित होकर ही अपना समुचित स्थान पावें।

१५ अक्टूबर, १६८५ —मुनि वीरेन्द्र
सेठिया कोटड़ी
बीकानेर (राज.)

प्राक्कथन

जैन आगम चार भागों में विभक्त है। १ अंग २ उपांग ३ मूल ४ छेद। अंग ११, उपांग १२, मूल ४ तथा छेद ४ हैं। उत्तराध्ययन कृति मूलविभाग से सम्बद्ध है। इस विषय में प्रसंग प्राप्त विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है। जैन आगमों में उत्तराध्ययन सूत्र का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें साधनापथ पर सद्य अग्रसर हुए साधकों से लेकर उच्चतम श्रेणी पर आरूढ़ साधकों के लिए भी साधना की सभी आवश्यक सामग्री उत्तरोत्तर मार्गदर्शन के लिए सन्निहित है। इसे यदि शाश्वत सिद्धिपद पर पहुँचने का सोपान कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

इसमें भगवान् महावीर के विश्व कल्याणकारी अन्तिम उपदेश हैं। जो उन्होंने निर्वाणाधिरोहण से पूर्व प्रदान किये। इसके ३६ अध्ययन हैं। यह भगवान महावीर की अन्तिम वाणी है। इसका निरूपण करते-करते सिद्ध-बुद्ध और मुक्त हुए। इसका प्रतिपाद्य विशद है। यह पद्यात्मक आगम है। इसमें १६३८ श्लोक तथा ८८ सूत्र है। उनतीसवां, दूसरा तथा सोलहवें में गद्य भाग भी। इस पर अर्थाभिव्यक्ति के लिए अनेक व्याख्या ग्रन्थ उपलब्ध हैं। संस्कृत भाषा में लिखी गई- "बृहद्वृत्ति" महत्त्वपूर्ण है।

इस उपदेशात्मक अध्ययनों के अनुकूल आचरण से मानव जीवन सर्वथा सफल हो सकता है। इसके कतिपय अध्ययन अतिशय हृदयस्पर्शी है। जिनके परिशीलन से अलौकिक आनन्द की सम्प्राप्ति सम्भव है। आरम्भ के विनय में विनीत अविनीत शिष्य का सशक्त चित्रण किया गया है। परिषह 'अध्ययन में जीवन को दुःखी और चंचल बनाने वाले परिषहों का दिग्दर्शन है। प्रव्रज्या अध्ययन से मोह का निरास सर्वथा सम्भव है। द्रुमपत्रक निश्चय रूप से अनुपम है। काल के सूक्ष्म भाग समय को व्यर्थ नहीं खोना चाहिए। यह निर्दिष्ट किया गया हैं जीवन और यौवन की क्षण भंगुरता का दिग्दर्शन सर्वथा हृदयस्पर्शी है। दार्शनिक दृष्टि से यह अध्ययन अपनी गरिमा, मार्मिकता तथा मौलिकता से संवलित हैं, इसी प्रकार सभी अध्ययन अपने अपने अंश में निराले और जीवन को संयम पथ पर अग्रसर करने में सक्षम हैं।

धर्म मानव जीवन की आधारशिला है। वह उसका संगीतमय निर्झर है। उससे उसका शोधन होता है। धर्म से अधिक पावन द्रव्य, इस धरा पर और क्या हो सकता है ? सम्प्रदाय धर्म का परिधान है, धर्म नहीं है। धर्म की परिभाषा जैन दर्शन से इस प्रकार से दी गई है। "वत्थुसहावो धम्मो" वस्तु का स्वकीय स्वरूप ही वस्तुत. धर्म है। इसलिए धर्म परमोपादेय मानना चाहिए तथा उसका सदा आचरण करना चाहिए।

जिस भाषा में महावीर ने अपने विश्वास, विचार, आचार का प्रकाश डाला उसे अर्धमागधी कहा जाता है। वह देववाणी भी है। जैन संस्कृति धर्म, परम्परा, विचारों-आचारों का स्त्रोत आगम वाङ्मय ही है। वहॉं धर्म, दर्शन, संस्कृति, तत्त्व, गणित, ज्योतिष, खगोल, भूगोल, इतिहास तथा समाज सभी प्रकार के विषय यथा प्रसंग आ गये हैं।

उत्तराध्ययन के विषय में अनेक मनीषियों के विचार हो सकते हैं, किन्तु इसमें भाव, भाषा शैली सब कुछ महत्त्वपूर्ण है। यहाँ सरस तथा सरल पद्यों में कहीं कहीं गद्य में भी धर्म, दर्शन, अध्यात्म, योग, ध्यान का महनीय निरूपण किया गया है। इसका दिव्य सदेश इस प्रकार से हैं:- आवश्यकता से अधिक भाषण नहीं करना चाहिए। अपने आप पर भी कभी क्रोध न हो। संसार में अदीन भाव से रहना चाहिए। जीवन में शंकाओं से ग्रस्त भीत होकर न चले। कृतकर्मो का फल भोगे बिना छुटकारा नहीं। प्रमत्त मनुष्य, धन के द्वारा अपनी रक्षा नहीं कर सकता न इस लोक में न परलोक में। इच्छाओं के निरोध से ही मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है। केवल अपने को जीतने से सबको जीत लिया जाता है। इच्छाएँ आकाश के समान अनन्त हैं। जरा, मनुष्य की सुन्दरता को समाप्त कर देती है, जैसे वृक्ष के फल समाप्त हो जाने पर खग उसे छोड देते हैं। ससार के विषय भोग क्षणमात्र के लिए सुखदायी है किन्तु बदले में चिरन्तन दु.खदायी हैं। सदा हित मित, सत्य वचन बोलना चाहिए। जो लाभ-अलाभ, सुख-दु ख, जीवन-मरण, निन्दा-प्रशंसा, मान-अपमान में समभाव रखता है वही वस्तुतः मुनि है। जो स्वयं अनाथ है, वह दूसरे का नाथ कैसे हो सकता है। अपनी शक्ति को यथावत् पहचान कर यथावसर यथोचित्त कर्त्तव्य का पालन करते हुए राष्ट्र में विचरण करना चाहिए। असंयत आत्मा ही स्वयं का एक शत्रु है। साधक की स्वय की प्रज्ञा ही समय पर धर्म की समीक्षा कर सकती है। ब्राह्मण वही है जो ससार में रहकर भी कामभोगों से निर्लिप्त रहता है, जैसे कमल जल में रहता हुआ भी उससे सलिप्त नहीं होता। समता से श्रमण, ब्रह्मचर्य से ब्राह्मण, ज्ञान से मुनि, और तपस्या से तापस कहलाता है। कर्म से ही ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र होते हैं। स्वाध्याय सभी भावों का प्रकाशक है। वस्तु स्वरूप को यथार्थ रूप से जानने वाले जिन भगवान् ने ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप को मोक्ष का मार्ग बताया है।

सम्यक्त्व के अभाव में चारित्र नहीं हो सकता। ज्ञान के समग्र प्रकाश से आत्मा एकान्त सुख स्वरूप मोक्ष को प्राप्त करता है। राग-द्वेष कर्म के बीज हैं। कर्म मोह से उत्पन्न होता है। कर्म, जन्म-मरण का मूल है और वे ही वस्तुतः दु.ख है।

इस प्रकार से विवेच्य ग्रन्थ का हार्दरहस्य संक्षिप्त रूप से विवेचन किया गया। आशा व्यक्त की जाती है कि यह जन-जन के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रस्तुत काव्यमयी रचना विद्वद्रत्न श्री वीरेन्द्रमुनिजी म.सा. की है। जो संस्कृति के वर्णिक छन्द बसन्ततिलका को अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया गया है। संस्कृत छन्दों का निर्वाह हिन्दी जगत् में सर्वथा नवीन तथा दुरूह कार्य है। इसमें मुनिवर का प्रयास अवश्य ही स्तुत्य कहा जाएगा। अपनी मौन साधना से स्वयं की प्रेरणा से इस दिशा में प्रवृत्ति कुछ वर्ष पूर्व की गई थी। जो अब जाकर परिपूर्ण हुई है।

प्राक्कथन

जैन आगम चार भागों में विभक्त है। १ अंग २ उपांग ३ मूल ४ छेद। अंग ११, उपांग १२, मूल ४ तथा छेद ४ हैं। उत्तराध्ययन कृति मूलविभाग से सम्बद्ध है। इस विषय में प्रसंग प्राप्त विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है। जैन आगमों में उत्तराध्ययन सूत्र का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें साधनापथ पर सद्य अग्रसर हुए साधकों से लेकर उच्चतम श्रेणी पर आरूढ़ साधकों के लिए भी साधना की सभी आवश्यक सामग्री उत्तरोत्तर मार्गदर्शन के लिए सन्निहित है। इसे यदि् शाश्वत सिद्धिपद पर पहुँचने का सोपान कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

इसमें भगवान् महावीर के विश्व कल्याणकारी अन्तिम उपदेश हैं। जो उन्होंने निर्वाणाधिरोहण से पूर्व प्रदान किये। इसके ३६ अध्ययन हैं। यह भगवान महावीर की अन्तिम वाणी है। इसका निरूपण करते-करते सिद्ध-बुद्ध और मुक्त हुए। इसका प्रतिपाद्य विशद है। यह पद्यात्मक आगम है। इसमें १६३८ श्लोक तथा ८८ सूत्र है। उनतीसवां, दूसरा तथा सोलहवें में गद्य भाग भी। इस पर अर्थाभिव्यक्ति के लिए अनेक व्याख्या ग्रन्थ उपलब्ध हैं। संस्कृत भाषा में लिखी गई- "बृहद्वृत्ति" महत्त्वपूर्ण है।

इस उपदेशात्मक अध्ययनों के अनुकूल आचरण से मानव जीवन सर्वथा सफल हो सकता है। इसके कतिपय अध्ययन अतिशय हृदयस्पर्शी है। जिनके परिशीलन से अलौकिक आनन्द की सम्प्राप्ति सम्भव है। आरम्भ के विनय में विनीत अविनीत शिष्य का सशक्त चित्रण किया गया है। परिषह 'अध्ययन में जीवन को दुःखी और चंचल बनाने वाले परिषहों का दिग्दर्शन है। प्रव्रज्या अध्ययन से मोह का निरास सर्वथा सम्भव है। द्रुमपत्रक निश्चय रूप से अनुपम है। काल के सूक्ष्म भाग समय को व्यर्थ नहीं खोना चाहिए। यह निर्दिष्ट किया गया हैं जीवन और यौवन की क्षण भंगुरता का दिग्दर्शन सर्वथा हृदयस्पर्शी है। दार्शनिक दृष्टि से यह अध्ययन अपनी गरिमा, मार्मिकता तथा मौलिकता से संवलित हैं, इसी प्रकार सभी अध्ययन अपने अपने अंश में निराले और जीवन को संयम पथ पर अग्रसर करने में सक्षम हैं।

धर्म मानव जीवन की आधारशिला है। वह उसका संगीतमय निर्झर है। उससे उसका शोधन होता है। धर्म से अधिक पावन द्रव्य, इस धरा पर और क्या हो सकता है ? सम्प्रदाय धर्म का परिधान है, धर्म नहीं है। धर्म की परिभाषा जैन दर्शन से इस प्रकार से दी गई है। "वत्थुसहावो धम्मो" वस्तु का स्वकीय स्वरूप ही वस्तुतः धर्म है। इसलिए धर्म परमोपादेय मानना चाहिए तथा उसका सदा आचरण करना चाहिए।

जिस भाषा में महावीर ने अपने विश्वास, विचार, आचार का प्रकाश डाला उसे अर्धमागधी कहा जाता है। वह देववाणी भी है। जैन संस्कृति धर्म, परम्परा, विचारों-आचारों का स्त्रोत आगम वाङ्मय ही है। वहॉ धर्म, दर्शन, संस्कृति, तत्त्व, गणित, ज्योतिष, खगोल, भूगोल, इतिहास तथा समाज सभी प्रकार के विषय यथा प्रसंग आ गये हैं।

उत्तराध्ययन के विषय में अनेक मनीषियों के विचार हो सकते हैं, किन्तु इसमें भाव, भाषा शैली सब कुछ महत्त्वपूर्ण है। यहाँ सरस तथा सरल पद्यों में कहीं कहीं गद्य में भी धर्म, दर्शन, अध्यात्म, योग, ध्यान का महनीय निरूपण किया गया है। इसका दिव्य संदेश इस प्रकार से हैं:- आवश्यकता से अधिक भाषण नहीं करना चाहिए। अपने आप पर भी कभी क्रोध न हो। संसार में अदीन भाव से रहना चाहिए। जीवन में शंकाओं से ग्रस्त भीत होकर न चले। कृतकर्मो का फल भोगे बिना छुटकारा नहीं। प्रमत्त मनुष्य, धन के द्वारा अपनी रक्षा नहीं कर सकता न इस लोक में न परलोक में। इच्छाओं के निरोध से ही मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है। केवल अपने को जीतने से सबको जीत लिया जाता है। इच्छाएॅ आकाश के समान अनन्त हैं। जरा, मनुष्य की सुन्दरता को समाप्त कर देती है, जैसे वृक्ष के फल समाप्त हो जाने पर खग उसे छोड़ देते हैं। संसार के विषय भोग क्षणमात्र के लिए सुखदायी है किन्तु बदले में चिरन्तन दुःखदायी हैं। सदा हित मित, सत्य वचन बोलना चाहिए। जो लाभ-अलाभ, सुख-दु.ख, जीवन-मरण, निन्दा-प्रशंसा, मान-अपमान में समभाव रखता है वही वस्तुतः मुनि है। जो स्वयं अनाथ है, वह दूसरे का नाथ कैसे हो सकता है। अपनी शक्ति को यथावत् पहचान कर यथावसर यथोचित्त कर्त्तव्य का पालन करते हुए राष्ट्र में विचरण करना चाहिए। असंयत आत्मा ही स्वय का एक शत्रु है। साधक की स्वयं की प्रज्ञा ही समय पर धर्म की समीक्षा कर सकती है। ब्राह्मण वही है जो संसार में रहकर भी कामभोगों से निर्लिप्त रहता है, जैसे कमल जल में रहता हुआ भी उससे सलिप्त नहीं होता। समता से श्रमण, ब्रह्मचर्य से ब्राह्मण, ज्ञान से मुनि, और तपस्या से तापस कहलाता है। कर्म से ही ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र होते हैं। स्वाध्याय सभी भावों का प्रकाशक है। वस्तु स्वरूप को यथार्थ रूप से जानने वाले जिन भगवान् ने ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप को मोक्ष का मार्ग बताया है।

सम्यक्त्व के अभाव में चारित्र नहीं हो सकता। ज्ञान के समग्र प्रकाश से आत्मा एकान्त सुख स्वरूप मोक्ष को प्राप्त करता है। राग-द्वेष कर्म के बीज हैं। कर्म मोह से उत्पन्न होता है। कर्म, जन्म-मरण का मूल है और वे ही वस्तुतः दु:ख है।

इस प्रकार से विवेच्य ग्रन्थ का हार्दरहस्य संक्षिप्त रूप से विवेचन किया गया। आशा व्यक्त की जाती है कि यह जन-जन के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रस्तुत काव्यमयी रचना विद्वद्रत्न श्री वीरेन्द्रमुनिजी म.सा. की है। जो संस्कृति के वर्णिक छन्द बसन्ततिलका को अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया गया है। संस्कृत छन्दों का निर्वाह हिन्दी जगत् में सर्वथा नवीन तथा दुरूह कार्य है। इसमें मुनिवर का प्रयास अवश्य ही स्तुत्य कहा जाएगा। अपनी मौन साधना से स्वयं की प्रेरणा से इस दिशा में प्रवृत्ति कुछ वर्ष पूर्व की गई थी। जो अब जाकर परिपूर्ण हुई है।

साहित्यिक जगत् की वस्तु होने के कारण वर्णिक छन्द में इसकी आनन्दानुभूति से साहित्य मनीषि वंचित नहीं रह पायेंगे। इसी दिशा में यह एक नव्य, भव्य, उपादेय लघुप्रयास है।

समता दर्शन प्रणेता, धर्मपाल प्रतिबोधक, समीक्षण ध्यान ध्याता, संघ शिरोमणि बाल ब्रह्मचारी चारित्र चूड़ामणि श्री नानेशाचार्य की अहेतु की कृपा सुधा धारा के बिना यह सृजन का कार्य किसी प्रकार सम्पन्न नहीं हो सकता था। उन्हीं की निश्रा में पठन-पाठन, विचार-विमर्श, आगम-निगमों का आदर्श स्वरूप निरन्तर प्रवहमान है। जिसका एकमात्र श्रेय आचार्य-प्रवर को ही सम्प्राप्त है।

श्री धायमातृ पद विभूषित शासन प्रभावक शासन सचिव, सम्यक् ज्ञान, दर्शन, चारित्र के समाराधक इन्द्रभगवन् के कृत उपकारों की अभिव्यक्ति के लिए मेरे पास कोई उपयुक्त शव्दावली नहीं है। उनकी एकमात्र वत्सलता जीवन का संबल हैं। उन्हीं के श्री चरणों में स्थित होकर यह काव्य साधना गतिमती हुई है।

प्रस्तुत काव्य आप महानुभावों के समक्ष प्रस्तुत है, इनके गुण-दोषों के विश्लेषक तो सर्वथा पाठक ही हो सकते हैं।

-: निवेदक :-

काशीनाथ शास्त्री "आचार्य चन्द्रमौलि : नव्यव्याकरणाचार्य (वाराणसी)

स्वर्ण-पदक प्राप्त राजस्थान शासन पुरस्कृत,

भूतपूर्व प्राचार्य बीकानेर संस्कृत महाविद्यालय

अमृत मंथन

उत्तराध्ययन - सूत्र काव्यानुवाद, बसन्ततिलका व अन्य छन्द में परिवेष्टित हिन्दी भाषा का सहज श्रृंगार हैं। "कवयः किं न पश्यन्ति" कवि की दृष्टि सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, अतः अपनी पारदर्शी दृष्टि से लोकिक और आध्यात्मिक तत्त्वों का समन्वय करना उनका महत्त्वपूर्ण उद्देश्य रहता है। सूत्रकार ने शिष्य और साधक के सम्बन्ध में जिन आवश्यक तत्त्वों का सम्प्रेषण किया है अर्थात् साधना में प्रमाद का सर्वथा निषेध है। साधना और संयम ही जीवन को उदात्त एवं जागरणशील बनाने में सहायक है, अतएव साहित्य साधना एवं साहित्य सर्जना में जिन शास्त्रीय नियमों का आंकलन किया गया है तदनुकूल रचनाकार ने अपनी विशेष प्रज्ञा के द्वारा अपने भावों को परिमार्जित और संशोधित कर ३६ सर्गो में छन्दबद्ध करने का सफल प्रयास किया है। उन सर्गो के नामकरण भी दूरदर्शी कवि मनीषि ने शास्त्रसम्मत ही दिए हैं जिससे विषय का प्रतिपादन अधिक अर्थपूर्ण है।

आचार्य के मन वचोगत पूर्व भाव-
को जान के प्रथमता उसको सदा दे।
आचार आचरण की फिर भूमिका हो।
आप्त प्रणीत शुभकारि हितोपदेश।।

प्रस्तुत उद्धरण में कवि की मनोज्ञता, मनुष्यत्व, गुरु शिष्य भाव, धर्म श्रवण एवं शुभप्रद हितोपदेश का संदर्भ देकर असंख्य जनमानस को, दिव्यालोक देने का अभूतपूर्व कार्य किया है।

असंस्कृत रहकर जीवन और जगत् में अन्धकार का ही साम्राज्य फैलता हैं। नवोन्मेषकारिणी प्रतिभा का सृजन तभी होगा जब मानव सत्संस्कार को पाकर पुरुषार्थ की ओर अग्रसर होगा।

संस्कारहीन अरु तुच्छ पर प्रवादी-
जो प्रेय पाश परिबन्धित काम दास।
सद्धर्मरिक्त जन है उनसे पृथक् हो
कायादि भेद तक सद्गुण को सजावे।।

कर्म ही दुःख का कारण है, जिसमें अज्ञानता का पुट रहता है, वह विशेष रूप से इस कण्टकाकीर्ण जगत् में दुःखी और चिन्तित रहता है। जीवन के लिए कृतसंकल्प होकर धर्म और साधना में संलग्न होना तत्त्वबोध का विशेष लक्षण है। धर्म साधक कृति ने इस तथ्य का भी निदर्शन किया है कि संसार सागर में निमज्जित होकर मनुष्य तभी कूल किनारा उपलब्ध कर सकता है, जब वह "जल से होकर विलग, जलज हो जल में जैसे"।। अन्यथा सुखों का भोग दूसरा ही करता है-

जैसे किये करम हैं, अनुकूल शूल।
पाता वहाँ पर गती उस रूप में हैं।।

जीव जगत् में परिवेदनाओं से प्रपीड़ित होता है, तभी उसमें अध्यात्म-भाव तीव्र रूप में उभर कर आते हैं। मोहाभिषिक्त होने पर ही भावोर्मियां तरंगित होती है-

अध्यात्म भाव मन में तब तीव्र आया-
प्राणी प्रपीड़ित सदा परिवेदना से।
संसार सागर अपार महोर्मिवाला-
मोहाभिषक्त जिसमें जन मज्जरूप।।

"समाचारी" का विश्लेषण कवि की भावनाओं एवं तत्त्व चिन्तन का एक ज्वलन्त उदाहरण हैं।

दुःखार्त मुक्त बनते परिपालना से-
निर्ग्रन्थ भाव परिशुद्ध रहे क्रिया में।।

अनादिकाल से ही सांसारिक बाधा में एवं दुःख चले आ रहे हैं, उससे जीव को मुक्ति कैसे होगी, उसका सदुपदेश भी कृतिकार ने सामंजस्य पूर्वक किया हैं-

संसार दुःख चलते चल आ रहे हैं।
सारे अनादि युग से सतत प्रहारी।।

जीवाजीव-विभाग प्रकरण में भी पद्य प्रणेता ने अपनी बहुज्ञता का परिचय देते हुए जीव-अजीव, लोक-अलोक तथा धर्मा-धर्म का भी तात्त्विक विवेचन कर सार्वकालिक एवं सार्वजनीन मंगल भावनाओं का ही विशेष उद्रेक किया है।

धर्माधर्म तत लोक सरूप जानों।
आकाश लोक व अलोक विमध्यलीन।
है काल तो मनुज लोक व अन्यदीय
होते अनादि व अनन्त व नित्य लीन।।

सारांश यह है कि **"उत्तराध्ययन सूत्र"** की भाषा काव्यानुवाद तप-श्रम-साध्य साधना की सिद्धि है, जिसमें स्वान्तः सुखाय के साथ सर्वजन हिताय और सर्व जन सुखाय के सभी उपकरण विद्यमान हैं। तत्सम भाषा, हृदय ग्राहिणी शैली-वसन्ततिलका और धनाक्षरी तथा यदा-कदा अन्योन्य छन्दों का समिश्रण भी मणि-काचन संयोग ही है।

आगम निगम तत्त्वों से परिपूर्ण यह सूत्र काव्यानुवाद जैन धर्म एवं संस्कृति का ही नहीं अपितु मानव धर्म एवं सदाचार को प्रतिफलित करने का सहज सोपान है। लव्ध प्रतिष्ठ विद्वान मुनिजी ने सर्व साधारण उपकार के लिए ही इस "ग्रन्थ" का प्रणयन किया है, ऐसा मेरा विश्वास हैं।

सार्थक शब्दो का संयोग, सुखद छन्दों का प्रयोग, विवेकपूर्ण भावों का योगायोग मानव-मात्र के लिए विशेष प्रेरणाप्रद हैं। निश्चय ही यह कृति 'युग-मांग' की पूर्ति कही जा सकती है। भाषा, भाव शैली एवं छन्द विधान सर्वथा आकर्षक है। मैं मुक्त कंठ से इस कवि कर्म की सराहना एवं तप. पूत मुनि विद्यावारिधि पूज्यपाद वीरेन्द्रमुनिजी म.सा. की सादर अभ्यर्थना करता हूँ कि उन्होंने अपने अथक अक्षीण परिश्रम के द्वारा भवसागर को क्षीरसागर में परिणत कर मुझे भी 'अमृत मंथन' का सुयोग देकर, धन्य-धन्य बनाया।

मैं उनके प्रति अपनी हार्दिक श्रद्धा एवं कृति के प्रति असीम आस्था प्रकट करता हूँ कि यह प्रणीत कृति उतरोत्तर समय, समाज, संस्कृति और साहित्य का मंगल प्रकाश स्तम्भ और संस्कृति का जलयान होगी। सत्यम-शिवम्-सुन्दरम्।

''इत्यलम्''

वशंवद

मानकचन्द रामपुरिया

महामहोपाध्याय

अनुक्रमणिका

१ अध्ययन : विनयसूत्र

अध्ययन सूत्र संकेत

- प्रस्तुत प्रथम अध्ययन का नाम चूर्णि के अनुसार 'विनयसूत्र' है।
- इस अध्ययन मे विविध पहलुओं से भिक्षाजीवी निर्ग्रन्थ नि:सग अनगार के विनय की श्रुति अथवा विनय के सूत्रो का निरूपण किया गया है।
- विनय मुक्ति का प्रथम चरण है, धर्म का मूल है तथा दूसरा आभ्यन्तर तप है। विनय रूपी मूल के बिना सम्यग्दर्शन–ज्ञान–चारित्ररूपी पुष्प नहीं खिलते। फिर मोक्षरूप फल की प्राप्ति भी कहॉ से होगी ?
- मूलाचार के अनुसार विनय की पृष्ठभूमि मे निम्नोक्त गुण निहित है– (1) शुद्ध धर्माचरण, (2) जीतकल्प–मर्यादा, (3) आत्मगुणो का उद्दीपन, (4) आत्मिक शुद्धि, (5) निर्द्वन्द्वता, (6) ऋजुता, (7) मृदुता (नम्रता, निष्छलता, निरहंकारिता), (8) लाघव (अनासक्ति), (9) गुण–गुरुओं के प्रति भक्ति, (10) आह्लादकता, (11) कृति–वन्दनीय पुरुषो के प्रति वन्दना, (12) मैत्री, (13) अभिमान का निराकरण, (14) तीर्थंकरों की आज्ञा का पालन एवं (15) गुणो का अनुमोदन।
- यद्यपि प्रस्तुत अध्ययन मे विनय की परिभाषा नहीं दी है, किन्तु विनयी और अविनयी के स्वभाव और व्यवहार तथा उसके परिणामो की चर्चा विस्तार से की है, उस पर से विनय और अविनय की परिभाषा स्पष्ट हो जाती है।
- विनय का अर्थ दासता, दीनता या गुरु की गुलामी नहीं है, न स्वार्थ सिद्धि के लिए किया गया कोई दुष्ट उपाय है और न कोई औपचारिकता है। सामाजिक व्यवस्था मात्र भी नहीं है। अपितु गुणी जनो और गुरुजनो के महान् मोक्ष साधक पवित्र गुणों के प्रति सहज प्रमोदभाव है, जो गुरु और शिष्य के साथ तादात्म्य एवं आत्मीयता का काम करता है। उसी के माध्यम से गुरु प्रसन्नतापूर्वक अपनी श्रुतसम्पदा एवं

आचारसम्पदा से शिष्य को लाभान्वित करते है।

- बृहद्वृत्ति के अनुसार विनय के मुख्य दो रूप फलित होते है– लौकिक विनय एव लोकोत्तर विनय। लौकिक विनय में अर्थ विनय, काम विनय, भय विनय और लोकोपचार विनय आते है और लोकोत्तर विनय, जो यहॉ विवक्षित है और जिसे यहॉ मोक्ष विनय कहा गया है, उसके 5 भेद किये गए है– दर्शन विनय, ज्ञान विनय, चारित्र विनय, तपो विनय और उपचार विनय। औपपातिकसूत्र मे इसी के 7 प्रकार हैं– (1) ज्ञान विनय, (2) दर्शन विनय, (3) चारित्र विनय, (4) मन विनय, (5) वचन विनय, (6) काय विनय और (7) लोकोपचार विनय।
- विनय का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ किया गया है– अष्टविध कर्मों का जिससे विनयन–उन्मूलन किया जाए। इस दृष्टि से प्रस्तुत अध्ययन में मोक्ष विनय ही अभीष्ट है।
- प्रस्तुत अध्ययन की दूसरी, अठारहवीं से 22वीं तक और तीसवीं गाथा मे लोकोपचार विनय की दृष्टि से विनीत के व्यवहार का वर्णन किया है।
- प्रस्तुत अध्ययन में विनयी और अविनयी के स्वभाव, व्यवहार और आचरण का सांगोपांग वर्णन है।
- अध्ययन के उपसंहार में 45 से 48वीं गाथा तक विनीत शिष्य की उपलब्धियों का विनय की फलश्रुति के रूप में वर्णन किया गया है। कुल मिलाकर मोक्ष विनय का सांगोपांग वर्णन किया गया है।

१. विनय श्रुत

संजोगा विप्पमुक्कस्स,
अणगारस्स भिक्खुणो ।
विणयं पाउकरिस्सामि,
आणुपुव्विं सुणेह मे।।१।।

[1]संयोगमुक्त अणगार विशेष भिक्षु-
के संप्रकाश विनयादिक का करूंगा ।
दत्तावधान सुनना क्रमतः यथार्थ
श्री वीतराग कथनादिक है मनोज्ञ ।।१।।

आणा - णिद्देसकरे,
गुरूण - मणुवाय - कारए ।
इंगियागार संपण्णे,
से विणीए-त्ति वुच्चई।।२।।

निर्देशनादि गुरु का परिपालता है
सांनिध्य ही सतत शान्त सदा सुहाता ।
संकेत भाव मन का ध्रुव जानता है
सम्यक् विनीत नत शिष्य सदा कहाता ।।२।।

आणा - ऽणिद्देसकरे,
गुरूण - मणुवाय - कारए ।
पडिणीए असंबुद्धे,
"अविणीए" त्ति वुच्चई।।३।।

आज्ञाविहीन गुरु की करता, न सेवा
है प्रत्यनीक, चरणादिक से अबुद्ध ।
सांनिध्य में न रहता, नहि तत्त्वदर्शी
है शिष्य-चेल, अविनीत सदा कहाता ।।३।।

जहा सुणी पूइ-कण्णी,
णिक्क-सिज्जइ सव्वसो ।
एवं दुस्सील-पडिणीए,
मुहरी णिक्कसिज्जइ।।४।।

जैसे शुनी घृणित गर्हित शीर्णकर्णा-
निष्कासिता, अमित है लहती अवज्ञा ।
वैसे कुशील विपरीत कदाचरी से-
सर्वत्र मान परिवर्जित, शिष्य होता ।।४।।

---
[1]बसन्ततिलका

कण-कुण्डगं चइत्ताणं,
विट्ठं भुंजइ सूयरो ।
एवं सीलं चइत्ताणं,
दुस्सीले रमई मिए।।५।।

धान्यादि भूस तज, सूकर की अभीप्सा
विष्ठा विशेष अदनादिक तीव्र होती ।
वैसे सदा चरणहीन कुशील शिष्य-
दुःशील में रमण है, करता सदैव ।।५।।

सुणिया-ऽभावं साणस्स,
सूयरस्स णरस्स य ।
विणए ठवेज्ज अप्पाणं,
इच्छंतो हिय-मप्पणो।।६।।

संसार मध्य अपमान परम्पराप्त
कुत्ती व शूकर दशा लख भव्य शिष्य ।
आधान हेतु विनयादिक-सद्गुणों के-
आत्मार्थ जागरण-शील बने विशेष ।।६।।

तम्हा विणय-मेसेज्जा,
सीलं पडि-लभेज्जओ ।
बुद्ध-पुत्त णियागट्ठी,
ण णिक्क-सिज्जइ कण्हुई।।७।।

इत्थं करे, विनय के नित आचरादि-
शीलाप्ति हो, न नर जीवन का विनाश ।
जो बुद्धपुत्र नयनागर तत्त्वदर्शी
है मुक्ति बोध लहता, न कदापि गर्हा ।।७।।

णिसंते सियाऽमुहरी,
बुद्धाणं अंतिए सया ।
अट्ठजुत्ताणि सिक्खिज्जा,
णिरट्ठाणि उ वज्जए।।८।।

संबुद्ध-शिष्य गुरु पादसरोजसेवी-
वाचालहीन शमनात्मक भावना से ।
शब्दार्थ का सतत शिक्षणशील होवे,
दूरस्थ है अमितहीन परम्परा से ।।८।।

अणुसासिओ ण कुप्पिज्जा,
खंतिं सेविज्ज पण्डिए ।
खुड्डेहिं सह संसग्गिं,
हासं कीडं च वज्जए।।९।।

आचार्यदेव अनुशासन से प्रसन्न-
न क्रोध भाव उपजे, परिशान्तचित्त ।
क्षुद्रादि संग परिवर्जनशील होवे-
क्रीडादि हास्य रुचि भी, न करे कदापि ।।९।।

मा य चण्डालियं कासी,
वहुयं मा य आलवे ।
कालेण य अहिज्जित्ता,
तओ झाइज्ज एगओ।।१०।।

आवेश से, श्वपचकार्य, करे न नीच
शुष्कादिवाद विधि से, नित दूर ही हो ।
अभ्यास के समय में, पठनादि कर्म-
ध्यानस्थ, सग तज के, नित हो तपस्वी ।।१०।।

आहच्च चण्डालियं कट्टु,
ण णिण्हविज्ज कयाइ वि ।
कडं कडेत्ति भासेज्जा,
अकडं णो कडेत्ति य।।११।।

आवेशं हेतु यदि पाप किया कदाचित्-
तो भूल के न उसको गुरु से छिपावे ।
है जो किया स्वमन से, नित मान जावे,
है ना किया तब उसे, न कदापि माने ।।११।।

मा गलियस्सेव कसं,
वयण-मिच्छे पुणो-पुणो ।
कसं व दट्ठु-माइण्णे,
पावगं परिवज्जए।।१२।।

दुष्टाश्व चाबुक सदा चल चाहता है
तादृक् विनेय उसकी न करे अपेक्षा ।
आकीर्ण अश्व सम हो, गुरु इंगितों से-
पापीयकर्म परिवर्जन को, करे ही ।।१२।।

अणासवा थूलवया कुसीला,
मिउंपि चण्डं पकरंति सीसा ।
चित्ताणुया लहु दक्खोव-वेया,
पसायए ते हु दुरासयंऽपि।।१३।।

आज्ञाविहीन अविचार कुशील शिष्य-
आमर्षयुक्त करता, मृदु भी गुरु को ।
चित्तानुकूल अरु दक्ष विनीत सेवी-
क्रुद्ध स्वभाव, गुरु को करता तितिक्षु (सहिष्णु) ।।१३।।

णापुट्ठो वागरे किंचि,
पुट्ठो वा णालियं वए ।
कोहं असच्चं कुवेज्जा,
धारेज्जा पियमप्पियं।।१४।।

पूछे बिना न वचनादिक को सुनावे-
मिथ्या कहे न, परिशान्त रहे, अरोषी ।
एकाग्रचित्त नित जीत चलेन्द्रियों को-
आचार्य शिक्षण लहे, बन के विनम्र ।।१४।।

अप्पा चेव दमेयव्वो,
अप्पा हु खलु दुद्दमो ।
अप्पा-दंतो सुही होइ,
अस्सिं लोए परत्थ य।।१५।।

जेता बने, सतत आत्मसमृद्धिशाली-
होता कठोरतम निग्रह भी स्वकीय-।
अध्यात्म के विजय से, पथ है प्रशस्त
सर्वत्र सौरव्य मिलता; ध्रुव अद्वितीय ।।१५।।

वरं मे अप्पादंतो,
संजमेण तवेण य ।
माऽहं परेहि दम्मंतो,
बंधणेहिं वहेहि य ।।१६।।

सोचे स्वयं, मुनि करे, नित ये विमर्श
संयाम और तप में, विजयी बनूं मैं ।
बन्धादि और, वध से परिताडना से
क्यों अन्य से दमित की स्थिति हो मलीन ? ।।१६।।

पडिणीयं च बुद्धाणं,
वाया अदुव कम्मुणा ।
आवी वा जइ वा रहस्से,
णेव कुज्जा कयाइ वि।।१७।।

प्रत्यक्ष सर्वजन के अथवा अकेले-
चैतन्य भाव भृत या स्मृतिहीन होके ।
आचार्य के विषय में, प्रतिकूल कार्य-
वाणी स्वकर्मचय से, न करें कदापि ।।१७।।

ण पक्खओ ण पुरओ,
णेव किच्चाण पिट्ठओ ।
ण जुंजे उरुणा उरुं,
सयणे णो पडिस्सुणे।।१८।।

आचार्य के सम न आस्थित हो, न आगे
आरात पृष्ठ दिशि में, न अदूरवर्ती ।
आदेश को नित सुने, गुरु पार्श्व जाके
होके विनम्रतम, उत्तर दे, यथार्थ ।।१८।।

णेव पल्हत्थियं कुज्जा,
पक्खपिण्डं च संजए ।
पाए पसारिए वावि,
ण चिट्ठे गुरुणंतिए।।१९।।

पद्मासनस्थ गुरु के, न समक्ष होवे
हस्तद्वयादि परिवेष्टितकाय भी ना ।
पाद प्रसारण विधी, न कदापि योग्य
औचित्य का सतत पालन लाभकारी ।।१९।।

आयरिएहिं वाहिंतो,
तुसिणीओ ण कयाइवि ।
पसायपेही णियागट्ठी,
उवचिट्ठे गुरुं सया ।।२०।।

आचार्यदेव परिबोधन से सुशिष्य
तूष्णीं न हो, सतत तत्पर हो सतर्क ।
मोक्षार्थ, किन्तु कमनीय-कृपाभिलाषी
सेवादि में रत रहे, मन से विनीत ।।२०।।

आलवंते लवंते वा,
ण णिसीएज्ज कयाइ वि ।
चइऊण-मासणं धीरो,
जओ जत्तं पडिस्सुणे।।२१।।

होके विनीत गुरु सन्निधि में सहर्ष
आह्वान की अभय हो, न करे उपेक्षा ।
सन्नद्ध हो, नित सुने, निखिलानुयोग
दत्तावधान नित हो, परिपालना मे ।।२१।।

आसण गओ ण पुच्छेज्जा,
णेव सेज्जागओ कयाइ वि ।
आगम्मु-क्कुडुओ संतो,
पुच्छिज्जा पंजलीउडो।।२२।।

शय्यासनादिगत वात कभी न पूछे
जाके समीप नय से नित हो पिपृच्छा ।
नम्रात्म-भावधृत या वन के विनीत-
वद्धांजली विविध पृष्टि करे विनेय ।।२२।।

एवं विणय-जुत्तस्स,
सुत्तं अत्थं च तदुभयं ।
पुच्छमाणस्स सीसस्स,
वागरेज्ज जहा सुयं।।२३।।

वैनेयभावयुत शिष्य सहर्ष-पृष्ट-
आचार्य संभृत सदा करुणाकलाप ।
सूत्रार्थ के विषय में उपदेश देवे
शिष्यार्थ साधक यथा श्रुत रूप में ही ।।२३।।

मुसं परिहरे भिक्खू,
ण य ओहारिणिं वए ।
भासा-दोसं परिहरे,
मायं च वज्जए सया।।२४।।

भिक्षू असत्य परिहार करे सदैव-
भाषा न निश्चय सरूप कदापि बोले ।
संशीति हास्य परिवर्जन हो विशेष-
माया कषाय चय का न विधान होवे ।।२४।।

ण लवेज्ज पुट्ठो सावज्जं,
ण णिरट्ठं ण मम्मयं ।
अप्पणट्ठा परट्ठा वा,
उभयस्संतरेण वा।।२५।।

संपृच्छना यदि करे अपने लिये या-
अन्यान्य के विषय में नहि पापकारी ।
भाषा निरर्थक रु मर्म विभेदकारी
संवर्जना निरत हो, मुनि सर्वदैव ।।२५।।

समरेसु अगारेसु,
संधीसु य महापहे ।
एगो एगित्थिए सद्धिं,
णेव चिट्ठे ण संलवे।।२६।।

लोहार के सदन में गृह वीथिका में
एकान्त राजपथ में मुनि का अकेला-।
योषा खड़ी यदि रहे, नहि संग वार्ता-
स्वच्छन्द वृत्ति, नहि कल्प कहा मुनी का ।।२६।।

जं मे बुद्धाणु सासंति,
सीएण फरुसेण वा ।
मम लाभोत्ति पेहाए,
पयओ तं पडिस्सुणे।।२७।।

आचार्य का कथन तीव्र, मनोज्ञ या हो
सम्यक् हितार्थ मम सर्व विमर्श संग ।
है लाभ का विषय सोच सुयत्नपूर्व-
स्वीकार ले, समनुशासन धीर शिष्य ।।२७।।

अणु - सासण - मोवायं,
दुक्कडस्स य चोयणं ।
हियं तं मण्णए पण्णो,
वेसं होइ असाहुणो।।२८।।

आचार्य का उचित कोमल या कठोर-
सर्वोपदेश दुरितारि-निवारकारी ।
सच्छिष्य कान उसको करता सहर्ष-
विद्वेषपूर्ण बनता वह अन्य को है ।।२८।।

हियं विगय-भया बुद्धा,
फरुसंपि अणुसासणं ।
वेसं तं होइ मूढाणं,
खंति सोहिकरं पयं।।२६।।

मेधावि बुद्ध भयमुक्त, विनेय वृन्द-
माने कठोर अनुशासन को हितार्थ-।
वैशिष्ट्यपूर्ण अरु शान्त विशुद्ध वाक्य
अप्राज्ञ शिष्य समझे निज वैर बीज ।।२६।।

आसणे उवचिट्ठेज्जा,
अणुच्चे अकुए थिरे ।
अप्पुट्ठाई णिरुट्ठाई,
णिसीएज्जऽप्पकुक्कुए।।३०।।

वैसा न आसन कभी, नत शिष्य का हो
जैसा सदाहित सदा, गुरु का लगा हो ।
चांचल्य शून्य नित नम्र रवादिमुक्त
ध्यानस्थ हो, सतत तत्र समाधिनिष्ठ ।।३०।।

कालेण णिक्खमे भिक्खू,
कालेण य पडिक्कमे ।
अकालं च विवज्जित्ता,
काले कालं समायरे।।३१।।

भिक्षार्थ के समय भिक्षु सदैव जावे
है लौटना, समय से, यह कल्प पाले ।
ध्यावे अकाल, विपरीत न कार्य कोई-
होवे सदा नियत, काल सभी क्रिया का ।।३१।।

परिवाडीए ण चिट्ठेज्जा,
भिक्खू दत्तेसणं चरे ।
पडिरूवेण एसित्ता,
मियं कालेण भक्खए।।३२।।

भोज्यार्थ पंक्ति उपविष्ट मनुष्य मध्य-
होवे न संस्थित कदापि मुनी गवेषी ।
स्वीकार ले, सतत फासुक गोचरी को-
शास्त्रोक्त-काल मिल भुक्ति करे तपस्वी ।।३२।।

णाइदूर - मणासण्णे,
णऽण्णेसिं चक्खु-फासओ ।
एगो चिट्ठेज्ज भत्तट्ठा,
लंघित्ता तं णाऽइक्कमे।।३३।।

हैं पूर्व से यदि खड़े गृह में भिखारी-
तो नाति दूर अति सन्निधि में विराजे ।
दाता गृहस्थ नयनादिक के न पास-
एकान्त संस्थित अतिक्रमणादिहीन ।।३३।।

णाइ-उच्चे व ण णीए वा,
णासण्णे णाइ-दूरओ ।
फासुयं परकडं पिण्डं,
पडिगाहेज्ज संजए।।३४।।

संयाम में रत अचित्त व अन्य हेतु-
आहार को ग्रहण नित्य करे तपस्वी-।
ऊँचे व निम्न थल से अति दूर पास-
लेवे न, कल्प विधि को नितपूर्ण पाले ।।३४।।

अप्प-पाणेऽप्प-बीयम्मि,
पडिच्छण्णंम्मि संवुडे ।
समयं संजए भुंजे,
जयं अपरिसाडियं।।३५।।

संयामशील मुनि जीव व बीजमुक्त-
आच्छन्न शान्त मन से यतना समेत-।
दीवार संवृत निवासन में सधर्मी-
के संग में सुविधि से अशनादि लेवे ।।३५।।

सु-कडित्ति सु-पक्कित्ति,
सुच्छिण्णे सु-हडे मडे ।
सु-णिट्ठिए सु-लट्ठित्ति,
सावज्जं वज्जए मुणी।।३६।।

आहार के समय भोज्य पदार्थ हेतु
अच्छा किया सु परिपाक सु छेदनादि ।
हैं ये कषाय परिमुक्त रसादियुक्त
सावद्य शब्द मुनिवर्य कहे न कोई ।।३६।।

रमए पंडिए सासं,
हयं भद्दं व वाहए ।
बालं सम्मइ सासंतो,
गलियस्सं व वाहए।।३७।।

मेधावि शिष्य हित शिक्षण से गणीश-
होते प्रसन्न दुइ वाहक के समान ।
आचार्य खिन्न नित गर्हित शिष्य हेतु-
जैसे कदश्व परिवाहक अश्व बार ।।३७।।

खड्डुया मे चवेडा मे,
अक्कोसा य वहाय मे ।
कल्लाण - मणुसासंतो,
पाव-दिट्ठित्ति मण्णई।।३८।।

कल्याणपूर्ण अनुशासन पापदृष्टि-
वाले कुशिष्य, अपने मन मानते हैं ।
चाँटा व ठोकर समान कुशब्ददाता-
तीव्र प्रहार सम वाक्य कठोर रूप ।।३८।।

पुत्तो मे भाय-णाइत्ति,
साहू कल्लाण-मण्णई ।
पाव-दिट्ठि उ अप्पाणं,
सासं दासित्ति मण्णई।।३९।।

भाई व पुत्र सुजनादिक भावना से-
देते सदैव हित शिक्षण हैं गणीश ।
कल्याण-सा समझता नत शिष्य रत्न-
दासनुदासमय भाव कुशिष्य माने ।।३९।।

ण कोवए आयरियं,
अप्पाणंपि ण कोवए ।
बुद्धो-वघाई ण सिया,
ण सिया तोत्त-गवेसए।।४०।।

आचार्य हों कुपित भृत्य करें न वृत्ति
होवे स्वयं न अनुशासन के विरुद्ध ।
आचार्य की न [illegible] भावना हो
एवं न छिद्र [illegible] [illegible] देखना हो ।।४०।।

आयरियं कुवियं णच्चा, पत्तिएण पसायए । विज्झवेज्ज पंजलिउडो, वएज्ज ण पुणोत्ति य।।४१।।	होवे किसी अशुभ आचरणादिकों से- जो अप्रसन्न गुरु तो शुभ भावना से-। माधुर्यपूर्ण वचनादिक से विनीत- बोले ! अकार्य फिर से, न करूँ कदापि ।।४१।।
धम्मज्जियं च ववहारं, बुद्धेहिं आयरियं सया । तमायरंतो ववहारं, गरहं णाभिगच्छई।।४२।।	धर्मादि अर्जित सदा व्यवहार पूर्ण शान्त प्रबुद्ध गुरु से सुतरा विधेय । पूर्वोक्त का अनुसरी रहता सतर्क- होता न निन्दित कभी मुनि साधनार्थी ।।४२।।
मणोगयं वक्कगयं, जाणित्ताऽयरियस्स उ । तं परिगिज्झ वायाए, कम्मुणा उववायए।।४३।।	आचार्य के मन वचोगत पूर्व भाव- को जान के प्रथमता, उसको सदा दे । आचार आचरण-की फिर भूमिका हो आप्त-प्रणीत शुभकारि हितोपदेश ।।४३।।
वित्ते अचोइए णिच्चं, खिप्पं हवइ सुचोइए । जहोव-इट्ठं सुकयं, किच्चाइं कुव्वइ सया।।४४।।	संप्रेरणा रहित उद्यमशील शाली- सम्पन्न कार्य करता विनयी सुशिष्य । होते प्रयोज्य नित कार्य करे विशिष्ट कर्त्तव्य शिष्यजन का श्रुतवृन्द वेद्य ।।४४।।
णच्चा णमइ मेहावी, लोए कित्ती से जायए । हवइ किच्चाणं सरणं, भूयाणं जगई जहा।।४५।।	नम्र स्वभाव भृत शान्त बना विशिष्ट सद्यः सुलोकगत कीर्ति सदैव पाता । सारे चराचर जगन्मय जीव का भी आधारभूत बनता, गुण-शील शिष्य ।।४५।।
पुज्जा जस्स पसीयंति, संबुद्धा पुव्वसंथुआ । पसण्णा लाभइस्संति, विउलं अट्ठियं सुयं ।।४६।।	शिक्षादि के समय पूर्व विनीत शिष्य- के नम्र भाव गुण जान सुबुद्ध पूज्य । आचार्यवर्य उससे रहते प्रसन्न शब्दार्थ का विपुल बोध सदा कराते ।।४६।।

स पुज्ज सत्थे सुविणिय-संसए,
मणोरुई चिट्ठइ कम्म-संपया ।
तवो-समायारी-समाहि-संवुडे,
महज्जुई पंच वयाइं पालिया।।४७।।

है शिष्य पूज्य गुण से बहुमान पाता
शंका विवर्जित गुरु प्रिय कर्मकारी ।
होता समाधि तप सुव्रत पालना है
तेजस्विता बहु लहे, गुणयुक्त साधु ।।४७।।

स देव-गंधव्व-मणुस्स पूइए,
चइत्तु देहं मल-पंक-पुव्वयं ।
सिद्धे वा हवइ सासए,
देवे वा अप्परए महिड्डिए।।४८।।

गन्धर्व देव नर पूज्य विनीत शिष्य
पंकादि पृक्त नर काय विहीन होके ।
होता सुसिद्ध गति शाश्वत सिद्धि युक्त-
या अल्प कर्म गुण-युक्त सुदेव होता ।।४८।।

२ अध्ययन : परीषह–प्रविभक्ति

अध्ययन सूत्र संकेत

- प्रस्तुत द्वितीय अध्ययन का नाम परीषह–प्रविभक्ति है।
- संयम के कठोर मार्ग पर चलने वाले साधक के जीवन में परीषहो का आना स्वाभाविक है।
- सच्चे साधक के लिए परीषह बाधक नही, अपितु कर्मक्षय करने मे साधक एव उपकारक होते हैं।
- परीषह का शब्दशः अर्थ होता है–जिन्हे (समभावपूर्वक आर्त्तध्यान के परिणामो के बिना) सहा जाता है, उन्हें परीषह कहते हैं। यहाँ कष्ट सहने का अर्थ अज्ञानपूर्वक, अनिच्छा से, दबाव से, भय से या किसी प्रलोभन से मन, इन्द्रिय और शरीर को पीड़ित करना नहीं है। समभावपूर्वक कष्ट सहने के पीछे दो प्रयोजन होते है–(1) मार्गाच्यवन और (2) निर्जरा अर्थात् जिनोपदिष्ट स्वीकृत मोक्षमार्ग से च्युत न होने के लिए और निर्जरा–समभावपूर्वक सह कर कर्मों को क्षीण करने के लिए। यही परीषह का लक्षण है।
- परीषह–सहन या परीषह–विजय का अर्थ जानबूझ कर कष्टों को बुलाकर शरीर, इन्द्रियों या मन को पीड़ा देना नही है और न आए हुए कष्टों को लाचारी से सहन करना है। परीषह–विजय का अर्थ है–दुःख और कष्ट आने पर भी संक्लेशमय परिणामों का न होना या अत्यन्त भयानक क्षुधादि वेदनाओं को सम्यग्ज्ञानपूर्वक समभाव से शान्तिपूर्वक सहन करना अथवा क्षुधादि वेदना उपस्थित होने पर निजात्म भावना से उत्पन्न निर्विकार नित्यानन्द रूप सुखामृत अनुभव से विचलित न होना परीषहजय है।
- अनगार धर्मामृत में बताया गया है कि जो संयमी साधु दुःखो का अनुभव किये विना ही मोक्षमार्ग को ग्रहण करता है, वह दुःखों के उपस्थित होते ही भ्रष्ट हो सकता है। इसलिए परीषहजय का फलितार्थ हुआ कि प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति को साधना

के सहायक होने के क्षणों तक प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार करना, न तो मर्यादा तोडकर उसका प्रतीकार करना है और न इधर–उधर भागना है, न उससे बचने का कोई गलत मार्ग खोजना है। परीषह आने पर जो साधक उससे न घबरा कर मन की आदतो का या सुविधाओ का शिकार नहीं बनता, वातावरण मे बह नही जाता, वरन् उक्त परीषह को दुःख या कष्ट न मानकर ज्ञाता–दृष्टा बन कर स्वेच्छा से सीना तानकर निर्भय एवं निर्द्वन्द्व होकर सयम की परीक्षा देने के लिए खडा हो जाता है, वही परीषह–विजयी है। वस्तुतः साधक का सम्यग्ज्ञान ही आन्तरिक अनाकुलता एवं सुख का कारण बनकर उसे परीषह–विजयी बनाता है।

- परीषह और कायक्लेश में अन्तर है। कायक्लेश एक बाह्य तप है, जो उदीरणा करके, कष्ट सह कर कर्मक्षय करने के उद्देश्य से स्वेच्छा से झेला जाता है। वह ग्रीष्मऋतु में आतापना लेने, शीतऋतु में अपावृत स्थान मे सोने, वर्षाऋतु मे तरुमूल में निवास करने, अनेक विध प्रतिमाओ को स्वीकार करने, शरीर विभूषा न करने एव नाना आसन करने आदि अर्थों में स्वीकृत है। जबकि परीषह मोक्षमार्ग पर चलते समय इच्छा के बिना प्राप्त होने वाले कष्टो को मार्गच्युत न होने और निर्जरा करने के उद्देश्य से सहा जाता है।
- प्रस्तुत अध्ययन मे कर्मप्रवाद पूर्व के 17वे प्राभृत से उद्धृत करके संयमी के लिए सहन करने योग्य 22 परीषहों का स्वरूप तथा उन्हें सहकर उन पर विजय पाने का निर्देश है। इनमे से बीस परीषह प्रतिकूल है, दो परीषह (स्त्री और सत्कार) अनुकूल है, जिन्हें आचारांग में उष्ण और शीत कहा है।
- इन परीषहो मे प्रज्ञा और अज्ञान की उत्पत्ति का कारण ज्ञानावरणीय कर्म है, अलाभ का अन्तराय कर्म है, अरति, अचेल, स्त्री, निषद्या, याचना, आक्रोश, सत्कार–पुरस्कार की उत्पत्ति का कारण चारित्र मोहनीय, 'दर्शन' का दर्शनमोहनीय और शेष 11 परीषहो की उत्पत्ति का कारण वेदनीयकर्म है।
- प्रस्तुत अध्ययन मे परीषहो के विवेचन रूप मे संयमी की चर्या का सांगोपांग निरूपण है।

२. परीषह-प्रविभक्ति

छन्द धनाक्षरी

सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं-इह खलु बावीसं परीसहा समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया । जे भिक्खू सोच्चा णच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खायरियाए परिव्वयंतो पुट्ठो णो विणिहण्णेज्जा ।

आयुष्मान ! हितबोध बाईस परीषहों को।
भगवान् महावीर प्रभु ने बताया है ।।
अणगार जीवन में, जाने भली भाँति इन्हें ।
सुने माने अभ्यास से, परिचय पाया है ।।
पराजित कर भिक्षाचर्या में प्रयत्न करे-
होता नहीं परिशान्त सुपथ सुहाया है ।।
भिक्षाचरी विकट विहारादि में जयशील ।
समाक्रांति काल माँही कम्पित न काया है ।।१।। सूत्र

छन्द-बसन्ततिलका

कयरे खलु ते बावीसं परीसहा समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया जे भिक्खू सोच्चा णच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खायरियाए परिव्वयंतो पुट्ठो णो विणिहण्णेज्जा ?

है कौन-सा वह परीषह काश्यपोक्त ।
भिक्षादि पर्यटन में नहि कष्ट कारी ।।
आक्रान्त भी न चलचित्त बने कदापि ।
ऐसा प्रवेदित महेश जिनेन्द्र से है ।।२।। सूत्र

इमे खलु ते बावीसं परीसहा समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया, जे भिक्खू सोच्चा णच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खायरियाए परिव्वयंतो पुट्ठो णो विणिहण्णेज्जा तंजहा- ।।३।।

बाईस ये वर परीषह को जिनेन्द्र-
द्वारा प्रणीत परिवेदित जान सूक्त ।।
अभ्यास से नहि पराजित हो विशेष-
भिक्षादि पर्यटन से, चलचित्तता न ।।३।। सूत्र

दिगिंछा-परीसहे[१] पिवासा-परीसहे[२] सीयपरीसहे[३] उसिण-परीसहे[४] दंस-मसय-परीसहे[५] अचेल-परीसहे[६] अरइ - परीसहे[७] इत्थी- परीसहे[८] चरिया - परीसहे[९] णिसीहिया-परीसहे[१०] सेज्जा- परीसहे[११] अक्कोस-परीसहे[१२] वह-परीसहे[१३] जायणा-परीसहे[१४] अलाभ-परीसहे[१५] रोग-परीसहे[१६] तणफास - परीसहे[१७] जल्ल- परीसहे[१८] सक्कार-पुरक्कार- परीसहे[१९] पण्णा - परीसहे[२०] अण्णाण परीसहे[२१] दंसण-परीसहे[२२] ।।४।।

छन्द-धनाक्षरी

क्षुधा संपिपासा शीत उष्ण दंशमशकादि-
अचेल अरति योषित् चयन गिनाया है ।।
निषद्या आक्रोश शय्यावध अरु याचनादि-
अलाभ व रोग तृण जल्ल मान पाया है ।।
प्रज्ञा और है अज्ञान, दर्शन ये बाईस को-
सही वीर तीर्थंकर प्रभु ने बताया है ।।
काश्यप गोत्रीय भगवान महावीरदिष्ट ।
परीषह भेद रूप अनुक्रम छाया है ।।४।।१ सूत्र

परीसहाणं पविभत्ति,
कासवेणं पवेइया ।
तं भे उदाहरिस्सामि,
आणुपुव्विं सुणेह मे ।।१।।

छन्द-बसन्ततिलका

दिगिंछा-परिगए देहे,
तवस्सी भिक्खू थामवं ।
ण छिंदे ण छिंदावए,
ण पए ण पयावए।।२।।

पूरा मनोबल रहे न बुभुक्षयार्त-
छेदे फलादि न कभी, पर से छिदावे ।
पाकादिकर्म निज से, न करे कदापि
अन्यादि से, बन नियोजक ना करावे ।।२।।

काली-पव्वंग-संकासे,
किसे धमणि-संतए ।
मायण्णे असण-पाणस्स,
अदीण-मणसो चरे।।३।।

दीर्घ-क्षुधावलित देह तृणादि तुल्य
दौर्बल्य-पूर्ण कृश कान्ति विभा विहीन ।
तो भी विभोज्य-जल पान-विशेष बुद्ध-
संयाम में मुनि चरे, गतदीन-भाव ।।३।।

तओ पुट्ठो पिवासाए,
दोगुंछी लज्ज-संजए ।

संयामहीन पथ से रुचि-रिक्त साधु
लज्जा प्रधान, परिपीड़ित हो पिपासा-।

सीओदगं ण सेविज्जा,
वियडस्सेसणं चरे।।४।।

से भी सचित्त जल सेवन तो करे न ।
अन्वेषणा नित करे पय जो अचित्त ।।४।।

छिण्णा-वाएसु पंथेसु,
आउरे सुपिवासिए ।
परिसुक्क मुहाऽदीणे,
तं तितिक्खे परीसहं।।५।।

एकान्त शान्त गमनागम-शून्य-मार्ग-
में भी न आतुर पिपासित हो विशेष-।
होवे व्यथा व्यथित नैव, अदीन भाव-
से कष्ट को नित सहे, परिशुष्क कण्ठ ।।५।।

चरंतं विरयं लूहं,
सीयं फुसइ एगया ।
णाइवेलं मुणी गच्छे,
सोच्चाणं जिण-सासणं।।६।।

आसक्तिहीन सुविरक्त पथानुगामी
संशीत जन्य-बहु-कष्ट सहे सदैव-।
आप्तप्रणीत जिनशासन पंथ-यायी
स्वाध्याय काल नहि लंघन से विराधे ।।६।।

ण मे णिवारणं अत्थि,
छवित्ताणं ण विज्जइ ।
अहं तु अग्गिं सेवामि,
इइ भिक्खू ण चिंतए।।७।।

शीतत्व में मुनि न सोच करे कदापि-
मेरे न पास कुछ शीत निवारणार्थ ।
है ना मकान अरु साधन अन्य कोई-
त्राणार्थ वस्त्र नहि, तो अनलादि सेवूँ ।।७।।

उसिणं परियावेणं,
परिदाहेण तज्जिए ।
घिंसु वा परियावेणं,
सायं णो परिदेवए।।८।।

हो उष्ण भूमि व शिला ध्रुव धूप जाल-
के ताप से बहु पिपासित तिग्म सूर्य-।
सन्तप्त तीव्र परिपीडित हो सदैव-
क्या सौख्य हेतु परिदेवित हो तपस्वी ? ।।८।।

उण्हाहि-तत्तो मेहावी,
सिणाणं णोऽवि पत्थए ।
गायं णो परिसिंचेज्जा,
ण वीएज्जा य अप्पयं।।९।।

उष्णादि से न, परिपीडित हो कदापि-
स्नानादि भाव मन में, न करे मनस्वी ।
ना गात्र सिंचित करे, जल से तपस्वी
वात प्रयोग न करे, व्यजनादिकों से ।।९।।

पुट्ठो य दंस-मसएहिं, समरेव महामुणी । णागो संगाम-सीसे वा, सूरो अभिहणे परं।।१०।।	हो मत्कुणादि कटु-कीट उपद्रवी तो- होवे सहिष्णु करिराज समान शान्त । पूरा परीषह सहे, दृढ़-भावना से रागादिभाव-विजयी विनिवृत्तकाम ।।१०।।
ण संतसे ण वारेज्जा, मणंऽपि ण पओसए । उवेहे ण हणे पाणे, भुंजंते मंस-सोणियं।।११।।	संत्रस्त दंशमशकादि परीषहों से- होवे न जान करके, न उसे हटावे । संसक्त शोणित पिये तब भी सुसाधु- मारे, न तीव्रतमभाव बने, न दीन ।।११।।
परिजुण्णेहिं वत्थेहिं, होक्खामित्ति अचेलए । अदुवा सचेले होक्खामि, इइ भिक्खू ण चिंतए।।१२।।	वस्त्रादि जीर्ण पर भाव करे न ऐसे नग्नत्व की स्थिति कहीं, न मिले विरूप-। वस्त्रादि लाभ मन में न कभी विचारे मध्यस्थ भाव नद में तिरता अजस्र ।।१२।।
एगयाऽचेलए होइ, सचेले यावि एगया । एयं धम्मं-हियं णच्चा, णाणी णो परिदेवए !।।१३।।	होते सचेल व अचेल परिस्थिती से संयाम धर्म हित में युगल प्रवृत्ति । दोनों दशा हितकरी समयानुकूल ये सोच खेद मन में, न करे मनस्वी ।।१३।।
गामाणुगामं रीयंतं, अणगारं अकिंचणं । अरई अणुप्पवे-सेज्जा, तं तितिक्खे परीसहं।।१४।।	वासानुवास गति से विहर प्रवृत्ति- में जो बने विरति भाव विदीनता से । तो शान्त चित्त धृति पूर्व सदानगार- पूरा परीषह सहे, कुशली समग्र ।।१४।।
अरइं पिट्ठओ किच्चा, विरए आय-रक्खिए । धम्मारामे णिरारम्भे, उवसंते मुणी चरे।।१५।।	संसार से विरत-आत्म-समाधिलीन सम्यक्-सरूप-हित-साधन में प्रवृत्त । धर्मादि में रमणशील अनन्य वृत्ति आरम्भ हीन, उपशान्त बने तपस्वी ।।१५।।

संगो एस मणुस्साणं,
जाओ लोगम्मि इत्थिओ ।
जस्स एया परिण्णाया,
सुकडं तस्स सामण्णं।।१६।।

योषादि लोकगत बन्धन रूप पूर्ण-
ऐसा स्वरूप जिसने पहचान पाया ।
श्रामण्य की सफलता मिलती उसे है
होता जिनागम महासुपथानुगामी ।।१६।।

एवमादाय मेहावी,
पंकभूया उ इत्थिओ ।
णो ताहिं विणिहण्णेज्जा
चरेज्जऽत्तगवेसए।।१७।।

है पंक भूत दल के सम योषिताएँ
मेधा-प्रपूर्ण इनको समझे यथार्थ ।
संयाम का न विनिपात करे कदापि
आत्मानुशोधक बने मुनिवर्य तूर्य ।।१७।।

एग एव चरे लाढे,
अभिभूय परीसहे ।
गामे वा णगरे वावि,
णिगमे वा रायहाणीए।।१८।।

चर्या प्रधान अनुशासित हो अकेला
जेता सदा बन विशाल परीषहों का ।
वासानुवास निगमादिक राजधानी-
में संचरे सुयति कल्प विधानुसारी ।।१८।।

असमाणो चरे भिक्खू,
णेव कुज्जा परिग्गहं ।
असंसत्तो गिहत्थेहिं,
अणिएओ परिव्वए।।१९।।

श्रामण्य धर्म युत भूत दयानुकम्पी
शुभ्रव्रती विगत संग्रह भाव साधु ।
निर्लिप्त-सा जगत में गृहता विमुक्त
सम्यक् चरे विगतनेह सदा मनस्वी ।।१९।।

सुसाणे सुण्णगारे वा,
रुक्ख-मूले व एगओ ।
अकुक्कुओ णिसीएज्जा,
ण य वित्तासए परं।।२०।।

शून्य प्रशान्त गृह में शमशान में या-
वृक्षादि के तल विशेष मुनी अकेला-।
चांचल्यभाव विनिमुक्त सुधीर धैर्य-
ना कष्टदायक बने, लघुजीव का भी ।।२०।।

तत्थ से चिट्ठमाणस्स,
उवसग्गाभि धारए ।
संका-भीओ ण गच्छेज्जा,
उट्ठित्ता अण्ण मासणं।।२१।।

कष्टादि में यदि कभी उपसर्ग आये-
तो साम्यभाव रख के सहले तपस्वी ।
आत्मादि की क्षति नहीं मन में विचारे
एवं अनिष्ट परिशंकित दूर ना हो ।।२१।।

उच्चावयाहिं सेज्जाहिं,
तवस्सी भिक्खु थामवं ।
णाइवेलं विहण्णेज्जा,
पाव-दिट्ठी विहण्णई।।२२।।

अच्छी बुरी शयन कारण से तपस्वी
संयामशील अवहेलन भी करे, ना ।
हर्षादि शोक अभिभूत बने कुदृष्टि
उल्लंघनादि करता, परिहीन साधु ।।२२।।

पइरिक्कुवस्सयं लद्धुं,
कल्लाणं अदुव पावयं ।
किमेग राइं करिस्सइ,
एवं तत्थ-ऽहियासए।।२३।।

स्त्री आदि से रहित शान्त उपाश्रयों को-
पाके भला अरु बुरा न कहे मुनीश ।
सम्यक्तया वर विचार करे मनस्वी
संवास रात्रि भर का, कर का सकेगा ? ।।२३।।

अक्कोसेज्जा परे भिक्खुं,
ण तेसिं पडिसंजले ।
सरिसो होइ बालाणं,
तम्हा भिक्खू ण संजले।।२४।।

गाली प्रयोग यदि कोइ करे मनुष्य-
तो क्रोधभाव उसपै, न करे तपस्वी ।
है क्रोध पूर्ण नर अज्ञ समान सत्य
आक्रोश से ज्वलित हो; न कदापि साधु ।।२४।।

सोच्चाणं फरुसा भासा,
दारुणा गाम-कंटगा ।
तुसिणीओ उवेहेज्जा,
ण ताओ मणसीकरे।।२५।।

दारुण्य कण्टक समान कठोर भाषा-
को भी सुने, न मन में, मुनि भाव लावे ।
हो मौनपूर्ण समुपेक्षित भावना से-
संसाधना निरत हो, न विराधना हो ।।२५।।

हओ ण संजले भिक्खू,
मणंऽपि ण पओसए ।
तितिक्खं परमं णच्चा,
भिक्खू धम्मं समायरे।।२६।।

घात प्रघात पर भी मुनि के विचारों-
में क्रोध भाव उपजे, नहि कल्मषादि ।
दुर्भावना नहि उठे, यति हो तितिक्षु
संसाधना निरत हो, निज धर्म सेवी ।।२६।।

समणं संजयं दंतं,
हणिज्जा कोइ कत्थइ ।
णत्थि जीवस्स णासुत्ति,
एवं पेहेज्ज संजए।।२७।।

संयाम इन्द्रियजयी श्रमणादिकों के-
घात प्रघात पर चिन्तन को झरे यूं ।
आत्मादि का न परिनाश कभी हुआ है-
ये सोच के वध परीषह को सहे ही ।।२७।।

दुक्करं खलु भो! णिच्चं,
अणगारस्स भिक्खुणो ।
सव्वं से जाइयं होइ,
णत्थि किंचि अजाइयं।।२८।।

सर्वत्र दुष्कर कहा परियाचना को-
आहार आदि मिलते नित मांगने पै-।
मांगे बिना, न मिलती हर वस्तुएँ भी-
याचे बिना, न बनता, यति काम कोई ।।२८।।

गोयरग्ग-पविट्ठस्स,
पाणी णो सुप्पसारए ।
सेओ अगार-वासुत्ति,
इइ भिक्खू ण चिंतए।।२९।।

भिक्षार्थ यात गृहमध्य, कर प्रसार-
यांचार्थ भिक्षु नहि, भूल करे कदापि-।
श्रामण्य में नियत याचनता समग्र
है श्रेष्ठपूर्ण गृहवास, करे न चिन्ता ।।२९।।

परेसु घासमेसेज्जा,
भोयणे परिणिट्ठिए ।
लद्धे पिंडे अलद्धे वा,
णाणु तप्पेज्ज पंडिए।।३०।।

भोज्यादि सिद्धि समनन्तर गोचरी हो-
आहार लब्धि हित तत्पर हो, तपस्वी-।
थोड़ा मिले, न मिलने पर भी, कभी भी-
संतापपूर्ण नद में नहि खिन्न होवे ?।।३०।।

अज्जेवाहं ण लब्भामि,
अवि लाभो सुए सिया ।
जो एवं पडिसंचिक्खे,
अलाभो तं ण तज्जए।।३१।।

है आज संभव नहीं, कल तो मिलेगा-
जो सोचता इस विधी विनिवृत्तकाम-।
कष्टादि को सहन है करता सदैव-
संत्रस्त वो नहि, अलाभ विषण्ण होता ।।३१।।

णच्चा उप्पइयं दुक्खं,
वेयणाए दुहट्टिए ।
अदीणो ठावए पण्णं,
पुट्ठो तत्थ-ऽहियासए।।३२।।

कर्मादि के उदय से सब रोग होते-
ऐसा विचार कर निर्भर पीड़ना से-।
होवे न दीन मन से स्थिर बुद्धिशाली-
संप्राप्त वेदन सहे समभावपूर्ण ।।३२।।

तेगिच्छं णाभिणंदेज्जा,
संचिक्ख-ऽत्तगवेसए ।
एवं खु तस्स सामण्णं,
जं ण कुज्जा ण कारवे।।३३।।

आत्मा गवेषक सुसाधक संचिकित्सा-
का नाभिनन्दन करे, सुसमाधिवन्त-।
श्रामण्य पालन करे प्ररुजाभिभूत-
रोगोपचार न करे, न कभी कराए ।।३३।।

अचेलगस्स लूहस्स,
संजयस्स तवस्सिणो ।
तणेसु सय-माणस्स,
हुज्जा गाय-विराहणा।।
आयवस्स णिवाएणं,
अउला हवइ वेयणा ।
एवं णच्चा ण सेवंति,
तंतुजं तण तज्जिया।।३४-३५।।

रुक्षांग और गतचेलकपूर्ण साधु-
का घास पै शयन कष्ट विशिष्टकारी-।
सन्नद्ध हो, सहन नित्य परीषहों का-
है कल्प संयत उदार, मुनीश्वरों का ।।३४-३५।।

किलिण्ण-गाए मेहावी,
पंकेण वा रएण वा ।
घिंसु वा परितावेणं,
सायं णो परिदेवए।।३६।।

ग्रीष्मर्तु में सरज मैल सुतापलिप्त-
होता शरीर उससे, अति ही मलीन-।
मेधावि ! सन्त निज सात विशेष हेतु-
संताप ताप तप में, न तपे तपस्वी ।।३६।।

वेएज्ज णिज्जरा-पेही,
आरियं धम्म-ऽणुत्तरं ।
जाव सरीर-भेउत्ति,
जल्लं काएण धारए।।३७।।

जो आर्य-धर्म अनुरञ्जित-निर्जरार्थी-
धृत्यादि से वदन पै रख जल्ल मैल-।
संसाम्य भावपन से, सहता सदैव-
वो वीतराग पथ का परिपान्थ होता ।।३७।।

अभिवायण-मब्भुट्ठाणं,
सामी कुज्जा णिमंतणं ।
जे ताइं पडिसेवंति,
ण तेसिं पीहए मुणी।।३८।।

राजादि शासक समूह सभाजनाक्त-
सम्मान संग अभिवाद निमन्त्रणादि-।
स्वीकारते अपर भिक्षु जिसे सहर्ष-
संयामशील उसकी, न करे अभीप्सा ।।३८।।

अणु-क्कसाई अप्पिच्छे,
अण्णाएसी अलोलुए ।
रसेसु णाणुगिज्झेज्जा,
णाणुतप्पेज्ज पण्णवं।।३९।।

होवे अहंकृतिविहीन विशेष साधु
हो अल्प इच्छित सदैव विरक्तभाव ।
अज्ञात वंश परियाचक गृद्धिमुक्त-
सम्मान देख पर का न तपे प्रबुद्ध ।।३९।।

से णूणं मए पुव्वं,
कम्मा-ऽणाण-फला कडा ।
जेणाहं णाभिजाणामि,
पुट्ठो केणइ कण्हुइ।।४०।।

मैंने प्रदुष्य अपकर्म किये प्रभूत-
अज्ञान रूप फल लब्ध, मुझे हुए हैं ।
प्रश्नोत्तरादि असमर्थ बना हुआ हूँ-
है कर्म का फलविपाक अवश्यभावी ।।४०।।

अह पच्छा उइज्जंति,
कम्मा-ऽणाण-फला कडा ।
एवमस्सासि अप्पाणं,
णच्चा कम्म-विवागयं।।४१।।

अज्ञान-रूप फलदायक-पूर्वकर्म-
के ही प्रभावपन का मिलता उदै है ।
ये भाव जान करके मुनिवर्य नैज-
आश्वस्त हो, सतत संयम में तपस्वी ।।४१।।

णिरट्ठ-गम्मि विरओ,
मेहुणाओ सुसंवुडो ।
जो सक्खं णाभिजाणामि,
धम्मं कल्लाण-पावगं।।४२।।

संसार-सौख्य परिहान वृथा किया है
चित्तेन्द्रियादि दमनादिक योग्य भी न-।
धर्मादि के विषय में कुछ भी न दीखे-
संशीति साधु मन में, न करे कदापि ।।४२।।

तवोवहाण-मादाय,
पडिमं पडिवज्जओ ।
एवं वि विहरओ मे,
छउमं ण णियट्टइ।।४३।।

स्वीकारता सतत सार तपोपधान
संपालना नित करूँ प्रतिमादिकों की ।
कर्मा-वृत्ती न मिटती फिर भी अनल्प- ?
ऐसा विचार मुनि का, न बने कदापि ।।४३।।

णत्थि णूणं परे लोए,
इड्ढी वावि तवस्सिणो ।
अदुवा वंचिओ-मित्ति,
इइ भिक्खू ण चिंतए।।४४।।

आता न दृष्टिपथ में परलोक कोई-
एवम् तपादिकृत ऋद्धि नहीं यती में ।
मैं तो प्रवंचित हुआ, जिन धर्म हेतु-
ऐसा न चिन्तन करे, मन में मनस्वी ।।४४।।

अभू-जिणा अत्थि-जिणा,
अदुवा वि भविस्सइ ।
मुसं ते एव-माहंसु,
इइ भिक्खू ण चिंतए।।४५।।

थे पूर्व में जिन व वर्तन काल में हैं
होगें भविष्यगत ये परिकल्पना है ।
मिथ्यानिरूपण किया प्रतिकूलता से-
ऐसा न चिन्तन करे, मन में तपस्वी ।।४५।।

एए परीसहा सव्वे,
कासवेणं पवेइया ।
जे भिक्खू ण विहम्मेज्जा,
पुट्ठो केणइ कण्हुई।।४६।।

ऐसी जिनेन्द्र कृत मुक्ति विवेचना है
और परीषह कहे प्रभु ने यथार्थ-।
संबोध से मुनि पराजित हो कभी न-
संयाम में विहरता, मुनि धर्म धीर ।।४६।।

३ अध्ययन : चतुरंगीय

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम चतुरंगीय है।
- प्रस्तुत अध्ययन में – (1) मनुष्यत्व, (2) सद्धर्म–श्रवण, (3) सद्धर्म में श्रद्धा और (4) संयम में पराक्रम–इन चारों अंगों की दुर्लभता का क्रमशः प्रतिपादन है।
- सर्वप्रथम इस अध्ययन में मनुष्यजन्म की दुर्लभता का प्रतिपादन किया गया है। यह तो सभी धर्मों और दर्शनों ने माना है कि मनुष्यशरीर प्राप्त हुए बिना मोक्ष–जन्ममरण से, कर्मों से, रागद्वेषादि से मुक्ति–नहीं हो सकती। इसी देह से इतनी उच्च साधना हो सकती है और आत्मा से परमात्मा बना जा सकता है।
- 7. यज्ञ, विप्रभोज, दान एवं भोग, इन प्राणिप्रीतिकारक कार्यों को करके फिर दीक्षा लेना चाहिए।
- 8. घोराश्रम (गृहस्थाश्रम) को छोड कर सन्यास ग्रहण करना उचित नही है। यहीं रह कर पौषधव्रतादि का पालन करो।
- 9. चॉदी, सोना, मणि, मुक्ता, कांस्य, दूष्य–वस्त्र, वाहन, कोश आदि मे वृद्धि करके निराकांक्ष होकर तत्पश्चात् प्रव्रजित होना।
- 10 प्रत्यक्ष प्राप्त भोगो को छोड कर अप्राप्त भोगो की इच्छा की पूर्ति के लिए प्रव्रज्याग्रहण करना अनुचित है।
- राजर्षि नमि के सभी उत्तर आध्यात्मिक स्तर के एवं श्रमणसंस्कृति– अनुलक्षी है।
- नमि राजर्षि के उत्तर सुन कर देवेन्द्र अत्यन्त प्रभावित होकर परम श्रद्धाभक्तिवश स्तुति, प्रशंसा एवं वन्दना करके अपने स्थान को लौट जाता है।

९. नमिप्रव्रज्या

चइऊण देव-लोगाओ,
उववण्णो माणुसम्मि लोगम्मि ।
उवसंत-मोहणिज्जो,
सरइ पोराणियं जाइं।।१।।

देवत्व भाव तज के नमि देव ने भी
मानुष्य लोकपन का फिर रूप धारा ।
मोहादिकर्म उपशान्त किया समग्र
जाति स्मृती समुपलब्ध हुई विचित्र ।।१।।

जाइं सरित्तु भयवं,
सहं-संबुद्धो अणुत्तरे धम्मे ।
पुत्तं ठवेत्तु रज्जे,
अभिणिक्खमइ णमी राया।।२।।

जाति स्मृतित्व गुण से सुविरक्ति भाई
धर्मादि भाव निज से निज में जगाया ।
राज्यादि तन्त्र निज पुत्र करस्थ कारी
राजा नमी विरत ने शिव तथ्य पाया ।।२।।

सो देवलोग-सरिसे,
अंतेउर-वरगओ वरे भोए ।
भुंजित्तु णमी राया,
बुद्धो भोगे परिच्चयइ।।३।।

भोग प्रधान जिनका रनिवास भी था
शक्रेन्द्रपूर्ण-अति भव्य सुरूप धारी ।
सामर्थ्य भोग बल भी अति था निराला
संसार भोग भव से मन को हटाया ।।३।।

मिहिलं सपुर-जणवयं,
बल-मोरोहं च परियणं सव्वं ।
चिच्चा अभिणिक्खंतो,
एगंत-महिट्ठिओ भयवं।।४।।

वैराग्य रंग मन में सविशेष छाया
अन्तः-पुरस्थ जन को पल में विसारा ।
त्यागी, समृद्ध मिथिला निज राजधानी
सेनादि छोड़, विधि से थिर मुक्ति पाई-।।४।।

कोलाहलग-संभूयं,
आसी मिहिलाए पव्वयंतम्मि ।
तइया राय-रिसिम्मि,
णमिम्मि अभिणिक्खमंतम्मि।।५।।

कोलाहल द्रवित शब्द जहाँ सुने थे
दीक्षाभिभूत बनके, मिथिला बिसारी ।
त्याग प्रधान-बनके धृत धारणा से
सम्यक्त्व दिव्य अविलम्ब मिला सहारा ।।५।।

अब्भुट्ठियं रायरिसिं,
पवज्जा ठाण-मुत्तमं ।
सक्को माहण-रूवेण,
इमं वयण-मब्बवी।।६।।

अक्षादि सौख्य मन से विधि से निकाला
सम्पन्न आत्म तप से निज को सुधारा ।
विप्रस्वरूप धरके जब इन्द्र पूछे-
देते प्रशान्त मन से मुनि उत्तरादि ।।६।।

किण्णु-भो! अज्ज मिहिलाए
कोलाहलग - संकुला ।
सुव्वंति दारूणा सद्दा,
पासाएसु गिहेसु य।।७।।

औत्तम्य भाव थिर थे मुनि में विशेष
शक्रेन्द्र विप्र उनसे तब पूछता है ।
दारुण्यपूर्ण मिथिला दयनीयता से
क्यों दुर्दशा नगर की यह हो रही है ? ।।७।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेउ-कारण-चोइओ ।
तओ णमी रायरिसी,
देविंदं इण-मब्बवी।।८।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।८।।

मिहिलाए चेइए वच्छे,
सीय-च्छाए मणोरमे ।
पत्त-पुप्फ-फलोवेए,
बहूणं बहु-गुणे सया।।९।।

वृक्षादिपूर्ण मिथिला वन से सुहाती
शैत्यादि शान्ति जिसमें भरपूर छाई ।
पुष्पादियुक्त फल से तरु था निराला
पक्ष्यादि आश्रय बना अवदात भी था ।।९।।

वाएण हीरमाणम्मि,
चेइयम्मि मणोरमे ।
दुहिया असरणा अत्ता,
एए कन्दंति भो खगा।।१०।।

वाय्वादि वेग लहके शिथिली हुआ था
वन्य प्रदेश शिखरी वह वृक्ष टूटा ।
पक्षी सदैव जिसपै रहते सहर्ष-
वे आज नष्ट रव, पीडित हैं विशिष्ट ।।१०।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ कारण चोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं,
देविंदो इण-मब्बवी।।११।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।११।।

एस अग्गी य वाऊ य,
एयं डज्झइ मंदिरं ।
भयवं अंतेउरं तेणं,
कीस णं णाव-पेक्खह।।१२।।

वायु प्रभाव मिथिला पर फैलता है
अग्नि प्रकर्ष अपना दिखला रही है ।
सारी प्रजा जल रही करुणार्दिता हो
कर्त्तव्य शून्य पथ पै मुनि जा रहे क्यों ? ।।१२।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमी रायरिसी,
देविंदं इण-मब्बवी।।१३।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।१३।।

सुहं वसामो जीवामो,
जेसिं मो णत्थि किंचणं ।
मिहिलाए डज्झ-माणीए,
ण मे डज्झइ किंचणं।।१४।।

वस्तु स्वरूप कुछ भी न यहाँ रहा है
एकान्तवास अपना सुख का सरूप ।
अग्नि प्रभाव मिथिला पर है अवश्य
मेरा नहीं कुछ जले, यह बात सत्य ।।१४।।

चत्त-पुत्त-कलत्तस्स,
णिव्वावारस्स भिक्खुणो ।
पियं ण विज्जए किंचि,
अप्पियं वि ण विज्जइ।।१५।।
बहुं खु मुणिणो भद्दं,
अणगारस्स भिक्खुणो ।
सव्वओ विप्पमुक्कस्स,
एगंत-मणुपस्सओ।।१६।।

सारे पदार्थ परिमोचक हो, दया से
एकान्त-भाव अपनेपन में सँजोये ।
भिक्षार्थ धर्मपन से निज लो लगाये
सत्यार्थ-बोध अपना जग को सुनाये ।।१५-१६।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,	शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
हेऊ-कारण-चोइओ ।	कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
तओ णमिं रायरिसिं,	अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देविंदो इण-मब्बवी।।१७।।	देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।१७।।
पागारं कारइत्ताणं,	प्राकार, गोपुर, बना रिपु मार्ग रोधी
गोपुरट्टालगाणि य ।	खाई खुदा सफल हो जयशीलता से ।
उस्सूलग सयग्घीओ,	बैरी विरुद्ध जन पै अधिकार पाके
तओ गच्छसि खत्तिया।।१८।।	दीक्षा तभी, ग्रहण के अनुरूप होगी ।।१८।।
एयमट्ठं णिसामित्ता,	शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
हेऊ-कारण-चोइओ ।	कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
तओ णमी रायरिसी,	अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देविंदं इण-मब्बवी।।१९।।	देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।१९।।
सद्धं णगरं किच्चा,	श्रद्धानरूप नगरी निज में बनाके
तव संवर-मग्गलं ।	प्राकार शान्ति यति धर्म विशेष पाके ।
खंतिं णिउण-पागारं,	सन्तप्त हो प्रखर संयम साधना से
तिगुत्तं दुप्पधंसयं।।२०।।	गुप्त्यादि से सकल कर्म बने विजेता ।।२०।।
धणुं परक्कमं किच्चा,	आत्मीय शौर्यबल का धनु भी बनाके
जीवं च इरियं सया ।	ईर्यादि डोर जिस पर अनुविद्ध होवे ।
धिइं च केयणं किच्चा,	धैर्यादिमूठ करके नभ में चढ़ाके
सच्चेण पलिमंथए।।२१।।	सत्यादि सूत्र गुण से प्रतिबद्ध होवें ।।२१।।
तवणारायजुत्तेण,	नाराचयुक्त तप है उसका कराल
भित्तूणं कम्म-कंचुयं ।	कर्मादि वर्ग जिससे परिभेद पावे ।
मुणी विगय-संगामो,	संघात सर्व-अरि का मुनि साधना है
भवाओ परिमुच्चए।।२२।।	साफल्य संभृतजनी परिपूर्ण होती ।।२२।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं,
देविंदो इण-मब्बवी।।२३।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।२३।।

पासाए कारइत्ताणं,
वद्धमाण-गिहाणि य ।
वालग्ग-पोइयाओ य,
तओ गच्छसि खत्तिया।।२४।।

प्रासाद सुन्दर यहाँ अति भव्य होवे
सज्जा सुखादि गृह वस्तु यहाँ बनावे ।
वाप्यादि वारि परिपूर्ण जलादि खेला
सम्पादनादि करके, फिर वर्जना हो ।।२४।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमी रायरिसी,
देविंदं इणमब्बवी।।२५।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।२५।।

संसयं खलु सो कुणई,
जो मग्गे कुणई घरं ।
जत्थेव गंतु-मिच्छेज्जा,
तत्थ कुव्वेज्ज सासयं।।२६।।

शंकाभिभूत नर लोक निमज्जता है
सम्यक्-प्रधान जिसकी दृढ़ पूर्णता है ।
संसार में न भटके वह भव्य [illegible]
मुक्ति-प्रकर्ष-पद को अविलम्ब [illegible]

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं,
देविंदो इणमब्बवी।।२७।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि [illegible]
कारुण्य हेतु सब जान [illegible]
अध्यात्म रूप धरके [illegible]
देवेन्द्र चित्त [illegible]

आमोसे लोमहारे य,
गंठिभेए य तक्करे ।
णगरस्स खेमं काऊणं,
तओ गच्छसि खत्तिया।।२८।।

दस्युवादि [illegible]
ग्रन्थी [illegible]
औचि[illegible]
[illegible]

एयमट्ठं णिसामित्ता,	शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
हेऊ-कारण-चोइओ ।	कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
तओ णमी रायरिसी,	अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देविंदं इणमब्व्वी।।२६।।	देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।२६।।
असइं तु मणुस्सेहिं,	संसार में विषमता परिलक्ष्य होती
मिच्छा-दंडो पजुंजइ ।	अज्ञान पूर्ण जन दण्ड विधान रूप-।
अकारिणोऽत्थ वज्झंति,	होता, सदोष बचता, यह नीति कैसी ?
मुच्चई कारओ जणो।।३०।।	निर्दोष दण्डित यहाँ पर, देखते हैं ।।३०।।
एयमट्ठं णिसामित्ता,	शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
हेऊ-कारण-चोइओ ।	कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
तओ णमिं रायरिसिं,	अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देविंदो इणमब्बवी।।३१।।	देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।३१।।
जे केइ पत्थिवा तुज्झं,	जो अन्य भूपजन हैं अधिकार-गर्वी
णाऽणमंति णराहिवा ।	दण्ड प्रयोग करके झुकना सिखावो ।
वसे ते ठावइत्ताणं,	उद्दण्डता सकल ही उनकी मिटावो
तओ गच्छसि खत्तिया।।३२।।	दीक्षा तभी, ग्रहण के अनुकूल होगी ।।३२।।
एयमट्ठं णिसामित्ता,	शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
हेऊ-कारण-चोइओ ।	कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
तओ णमी रायरिसी,	अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देविंदं इणमब्बवी।।३३।।	देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।३३।।
जो सहस्सं सहस्साणं,	दुर्जेय अत्यधिक विश्व विजेतृता से
संगामे दुज्जए जिणे ।	संग्राम में प्रखर-योध कदम्ब जेता-।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं,	आत्मा विशेष विजयी उसके समक्ष
एस से परमो जओ।।३४।।	है ही, समग्र-विधि से नित वन्दनीय ।।३४।।

अप्पाण-मेव जुज्झाहि,
किं ते जुज्झेण बज्झओ ।
अप्पणामेव-मप्पाणं,
जिणित्ता सुहमेहए।।३५।।

आत्मीय युद्ध रुचि में परिपूर्णता हो
बाह्यस्थ के विजय में, न विशेषता है ।
आन्तर्य जीत करके निज को सुधारे
सौख्यातिलाभ मिलता मन में विचारे ।।३५।।

पंचिंदियाणि कोहं,
माणं मायं तहेव लोहं च ।
दुज्जयं चेव अप्पाणं,
सव्वं अप्पे जिए जियं।।३६।।

पंचेन्द्रियादि रुष और अनल्पमाया-
दुर्जेय-आत्म अरु लोभ कषाय को भी ।
सम्यकृतयात्मजय से यम संग जीते
सान्द्रा सुधा सरस पान तभी सुहावे ।।३६।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं,
देविंदो इणमब्बवी।।३७।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।३७।।

जइत्ता विउले जण्णे,
भोइत्ता समण-माहणे ।
दच्चा भोच्चा य जिट्ठा य,
तओ गच्छसि खत्तिया।।३८।।

यज्ञीय कार्य सुसमापन भी कराके
रत्नादि दान दिज आश्रित को दिलाके ।
जीवादि तृप्ति करके अशनादि देके
दीक्षा तभी ग्रहण की अनुकूलता में ।।३८।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमी रायरिसी,
देविंदं इणमब्बवी।।३९।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।३९।।

जो सहस्सं सहस्साणं,
मासे मासे गवं दए ।
तस्सावि संजमो सेओ,
अदिन्तस्स-ऽवि किंचणं।।४०।।

लक्षादि धेनु हर मास सुदान देता
कारुण्य भाव परिपूरित मानवों को ।
देता न दान कुछ भी मुनि साधनाभृत्
होता विशिष्ट पद संयम संयमी का ।।४०।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं,
देविंदो इणमब्बवी।।४१।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।४१।।

घोरासमं चइत्ताणं,
अण्णं पत्थेसि आसमं ।
इहेव पोसह-रओ,
भवाहि मणुयाहिवा।।४२।।

गार्हस्थ्य धर्म तज के यह साधुता क्या ?
आदर्श रूप रहना इसमें भला था ।
क्षात्रत्व तेज परिपूरित के न योग्य
पोषादि धर्म गृह में करना प्रशस्त ।।४२।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमी रायरिसी,
देविंदं इणमब्बवी।।४३।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।४३।।

मासे मासे उ जो बालो,
कुसग्गेणं तु भुंजए ।
ण सो सुयक्खाय धम्मस्स,
कलं अग्घइ सोलसिं।।४४।।

मासादि मास तप में मन को लगावे
भुक्त्यादि में अशन भी वस में कुशाग्र।
वो भी न जैन मत के सम हो सकेगा
तीर्थंकरादि विनिदिष्ट परम्पराप्त ।।४४।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं,
देविंदो इणमब्बवी।।४५।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।४५।।

हिरण्णं सुवण्णं मणि-मुत्तं,
कंसं दूसं च वाहणं ।
कोसं वड्ढा वइत्ताणं,
तओ गच्छसि खत्तिया।।४६।।

रत्नादि हेम मणि मौक्तिक भाजनादि
अश्वादि अन्य सव ही परिवस्तुओं पै ।
एकाधिकार अपना सविशेष पाके
श्रीवृद्धि पूर्ण करके, तव हो सुदीक्षा ।।४६।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेउ-कारण-चोइओ ।
तओ णमी रायरिसी,
देविंदं इण-मब्बवी।।४७।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।४७।।

सुवण्ण-रुव्वस्स उ पव्वया भवे,
सिया हु केलास समा असंखया ।
णरस्स लुद्धस्स ण तेहिं किंचि,
इच्छा हु आगास समा अणंतिया।।४८।।

कैलाश पर्वत समान धनादि तुच्छ
आकाश रूप सम विस्तृत भी अभीप्सा ।
आनन्द तोष जिसके मन में समाया
वो ही मनुष्य सुख की छवि से सुहाता ।।४८।।

पुढवी साली जवा चेव,
हिरण्णं पसुभिस्सह ।
पडिपुण्णं णाल-मेगस्स,
इइ विज्जा तवं चरे।।४९।।

व्रीह्यादि धान्य उपयोगि पदार्थ जात-
स्वर्णादि-वैभव समग्र यहाँ रहे हो ।
सम्यक् प्रकार उनको यदि दे किसी को-
तो भी सुतोष, उसके मन में न होगा ।।४९।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमिं रायरिसिं,
देविंदो इण-मब्बवी।।५०।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।५०।।

अच्छेरग-मब्भुदए,
भोए चयसि पत्थिवा ।
असंते कामे पत्थेसि,
संकप्पेण विहम्मसि।।५१।।

आश्चर्य भूप ! मुझको यह हो रहा है
कैसे सुभोग सपने सजले विसारे ?
दिव्यादि लाभ नित नूतन कल्पना से
संप्राप्त हस्तगत भोग न नष्ट होवे ।।५१।।

एयमट्ठं णिसामित्ता,
हेऊ-कारण-चोइओ ।
तओ णमी रायरिसी,
देविंदं इणमब्बवी।।५२।।

शक्रेन्द्र कथ्य सुनके, मुनि ने कहा यों
कारुण्य हेतु सब जान लिया प्रसंग ।
अध्यात्म रूप धरके उस ने बताया
देवेन्द्र चित्त अवधान हुआ विशेष ।।५२।।

सल्लं कामा विसं कामा,,
कामा आसी-विसोवमा ।
कामे पत्थेमाणा,
अकामा जंति दोग्गइं।।५३।।

कामादि भोग विष रूप विशल्य माने
आशीविषोपमित विज्ञ-सभी बताते ।
संकल्प मात्र भव दुर्गति हेतु जानो
संप्राप्ति के विषय में, कहना न शेष ।।५३।

अहे वयइ कोहेणं,
माणेणं अहमा गइ ।
माया गई-पडिग्घाओ,
लोहाओ दुहओ भयं।।५४।।

क्रोध प्रभाव नर को गति नर्क देता
मानादि मत्तपन से वह नीच होता ।
माया विनाश करती शुभ कर्म का है
लोभ प्रधान नर का निरयाभिपात ।।५४।

अवउज्झिऊण माहण रूवं,
विउव्विऊण ईंदत्तं ।
वंदइ अभित्थुणंतो,
इमाहिं महुराहिं वग्गूहिं।।५५।।
अहो ते णिज्जिओ कोहो,
अहो माणो पराजिओ ।
अहो ते णिरक्किया माया,
अहो लोहो वसीकओ।।५६।।

विप्र स्वरूप धरके करने परीक्षा-
आये, सुरेन्द्र, नमि थे दृढ़ धर्मधारी ।
सद्यः पराजित बने, निज रूप धारी
वैदग्ध-भाव नत, वन्दित वन्दना की ।।५५-५६।।

अहो ते अज्जवं साहु,
अहो ते साहु मद्दवं ।
अहो ते उत्तमा खंती,
अहो ते मुत्ति उत्तमा।।५७।।

आश्चर्य ! अन्वित दया मुनि में निराला
आश्चर्य ! साधुपन में मृदुता विशिष्ट ।
आश्चर्य ! पूर्ण तुझ में समता सुहाती
आश्चर्य ! सर्व भव से ममतापहारी ।।५७।।

इहंसि उत्तमो भंते,
पेच्छा होहिसि उत्तमो ।
लोगुत्त-मुत्तमं ठाणं,
सिद्धिं गच्छसि णीरओ।।५८।।

भन्ते ! यहाँ सफलता तुममें सुहाई
अन्यत्र लोक अवदात किया विशेष ।
लोकान्त भी सफल है इसमें न शंका
मुक्त्यर्थ भाजन भरा तुम-सा न कोई ।।५८।।

एवं अभित्थुणंतो,
रायरिसिं उत्तमाए सद्धाए ।
याहिणं करेंतो,
पुणो पुणो वंदइ सक्को।।५६।।

पूरी स्तुती सुमुनि की त्रिदशेश ने की
श्रद्धा विशेष मुनि की मन में समाई ।
आवर्तना सविधि की निज भक्ति से भी
शक्रेन्द्र वन्दन हुआ पद पंकजों में ।।५६।।

तो वंदिऊण पाए,
चक्कं कुसलक्खणे मुणिवरस्स ।
आगासेणु-प्पइओ,
ललिय-चवल-कुंडल-तिरीडी।।६०।।

उत्साहपूर्ण उनको सिर है झुकाया
चक्राकुशी मुनि पुनीत बने विरागी ।
आकाश काम्य पथ से निज धाम आये
लालित्यपूर्ण शशि कुण्डल थे प्रदीप्त ।।६०।।

णमी णमेइ अप्पाणं,
सक्खं सक्केण चोइओ ।
चइऊण गेहं वइदेही,
सामण्णे पज्जुवट्ठिओ।।६१।।

आत्मानुभाव निज में मुनि ने जगाया
साक्षात् सुरेन्द्र जिन के पद में नमें थे ।
गार्हस्थ्य-धर्म तज के, मिथिला पुरी को
शक्रेन्द्र से विहित थी जिनकी परीक्षा ।।६१।।

एवं करेंति संबुद्धा,
पंडिया पवियक्खणा ।
विणियट्टंति भोगेसु,
जहा से णमी रायरिसी।।६२।।

ऐसा विशेष बुध तत्त्व विमर्श कारी
पाण्डित्य भी झलकता विधिवद् विशिष्ट ।
भोगादिभाव भव से विनिवृत्त होके
त्यागी नमी विरत सा, सुख शान्ति पाता ।।६२।।

१० अध्ययन : द्रुमपत्रक

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'द्रुमपत्रक' है।
- चम्पानगरी के पास पृष्ठचम्पा नगरी थी। वहाँ साल और महाशाल ये दो सहोदर भ्राता थे। शाल वहॉ के राजा थे और महाशाला युवराज। इनकी यशस्वती नाम की एक बहन थी। बहनोई का नाम पिठर ओर भानजे का नाम था गागली। एक बार श्रमण भगवान् महावीर विहार करते हुए पृष्ठचम्पा पधारे। दोनों भाई वन्दना के लिए गए। शालका अंतःकरण संसार से विरक्त हो गया। वह नगर में आया, तथैव भाई के समक्ष स्वयं दीक्षा लेने की और उसे राज्य ग्रहण करने की बात कही तो महाशाल ने कहा—मै स्वय इस असार संसार से विरक्त हो गया हूॅ। अतः आपके साथ प्रव्रजित होना चाहता हूॅ। राजा ने अपने भानजे गागली को काम्पिल्यपुर से बुलाया और उसे राज्य का भार सौंप कर दोनों भाई दीक्षित हो गए।
- एक बार भगवान् महावीर राजगृह से विहार करके चम्पानगरी जा रहे थे। तभी शाल और महाशाल मुनि ने भगवान् के पास आकर सविनय प्रार्थना की—"भगवन्! आपकी आज्ञा हो तो हम दोनों स्वजनो को प्रतिबोधित करने के लिए पृष्ठचम्पा जाना चाहते है।"
- भगवान् ने श्री गौतमस्वामी के साथ जाने की अनुज्ञा दी। मुनि पृष्ठचम्पा आए। राजा गागली और उसके माता–पिता को दीक्षित करके वे सब पुन. भगवान् महावीर के पास आ रहे थे। मार्ग में चलते–चलते अध्यवसायो की पवित्रता बढी। पाचो ही व्यक्तियो को केवलज्ञान हुआ। सभी भगवान् के पास पहुॅचे। ज्यो वे केवलियो की परिषद् मे जाने लगे तो गौतम ने उन सब को रोकते हुए कहा—'पहले त्रिलोकीनाथ भगवान् को वन्दना करो।'

- भगवन् ने गौतम से कहा–'गौतम! ये सब केवलज्ञानी हो चुके है। उनका मन अधीरता और शंका से भर गया। क्या मै सिद्ध नहीं होऊँगा?
- एक बार गौतमस्वामी अष्टापद पर गए थे। वहॉ कौडिन्य, दत्त और शैवाल नाम तीन तपास अपने पांच–पांच सौ शिष्यो के साथ क्लिष्ट तप कर रहे थे। अपनी तपस्या से वे क्रमशः पहली, दूसरी और तीसरी मेखला तक चढ सके, आगे नहीं चढ सके।
- गौतमस्वामी वहॉ आए तो उन्हें तापस परस्पर कहने लगे–हम महातपस्वी भी ऊपर नहीं जा सके तो यह स्थूल शरीर वाला साधु कैसे जाएगा? परन्तु उनके देखते ही देखते गौतमस्वामी जंघाचरणलब्धि से सूर्य की किरणों का अवलम्बन लेकर शीघ्र ही चढ गए और क्षणभर में अन्तिम मेखला तक पहुँच गए। आश्चर्यचकित तापसों ने निश्चय कर लिया कि ज्यों यह मुनि नीचे उतरेंगे, हम उनके शिष्य बन जाएँगे। प्रातः काल जब गौतमस्वामी पर्वत से नीचे उतरे तो तापसो ने उनका रास्ता रोक कर कहा–'पूज्यवर! आप हमारे गुरु है, हम सब आपके शिष्य हैं।' तब गौतम बोले–'तुम्हारे और हमारे सब के गुरु तीर्थकर महावीर हैं।' यह सुन कर वे आश्चर्य से बोले–'क्या आपके भी गुरु है ?' गौतमस्वामी ने कहा–'हॉ, रागद्वेषरहित सर्वज्ञ प्रभु महावीर स्वामी जगद्गुरु है, वे मेरे भी गुरु है।' सभी तापस यह सुन कर हर्षित हुए। सभी तापसो को प्रव्रजित कर गौतम, भगवान् की ओर चल पडे।
- मार्ग मे शैवाल आदि 501 साधुओं ने सोचा, शुभ अध्यवसायपूर्वक शुक्लध्यानश्रेणी पर आरूढ उनको केवलज्ञान प्राप्त हो गया। तीर्थकर भगवान् की प्रदक्षिणा करके ज्यों ही वे केवलियो की परिषद् की ओर जाने लगे, गौतम ने उन्हें रोकते हुए भगवान् को वन्दना करने का कहा, तब भगवान् ने कहा–'गौतम! ये केवली हो चुके है।' गौतम–स्वामी ने उन सबसे क्षमायाचना करके विचार किया–मै इस भव में मोक्ष प्राप्त करूँगा या नहीं ? भगवान्, गौतम के अधैर्ययुक्त मन को जान गए। उन्होने गौतम से पूछा– 'गौतम ! देवों का वचन प्रमाण है या तीर्थकर का ?' गौतम– 'भगवन्! तीर्थकर के वचन प्रमाण है।'
- भगवान ने कहा–'गौतम ! स्नेह चार प्रकार के होते है–सोंठ के समान, द्विदल के समान, चर्म के समान और ऊर्णाकट के समान। चिरकाल के परिचय के कारण तुम्हारा मेरे प्रति ऊर्णाकट जैसा स्नेह है। इस कारण तुम्हे केवलज्ञान नहीं होता। जो राग स्त्री–पुत्र–धनादि के प्रति होता है, वही राग तीर्थकर देव, गुरु और धर्म के प्रति

हो तो वह प्रशस्त होता है, फिर भी वह यथाख्यातचारित्र का प्रतिबन्धक है। सूर्य के बिना जैसे दिन नहीं होता, वैसे ही यथाख्यातचारित्र के बिना केवलज्ञान नही होता यहाँ से च्यव कर हम दोनों ही एक ही अवस्था को प्राप्त होंगे, अतः अधैर्य न लाओ।

- इस प्रकार भगवान् ने गौतम तथा अन्य साधकों को लक्ष्य में रख कर प्रमाद–त्याग का उद्‌बोधन करने हेतु 'द्रुमपत्रक' नामक यह अध्ययन कहा है।
- समग्र अध्ययन में प्रमाद से विरतहोकर अप्रमाद के राजमार्ग पर चलने का उद्घोष है

१०. द्रुमपत्रक

दुम-पत्तए पंडुयए जहा,
णिवडइ राइगणाण अच्चए ।
एवं मणुयाणं जीवियं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१।।

जैसे सपीत बनके द्रुमकादि पत्र-
पाके-समै सतत शुष्क पड़े धरा पै ।
वैसी समग्र जनजीवन की कहानी
होवे न गौतम ! समै भर का प्रमाद ।।१।।

कुसग्गे जह ओस-बिंदुए,
थोवं चिट्ठइ लम्बमाणए ।
एवं मणुयाणं जीवियं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२।।

घासाग्र भाग परिशोभित वारिबिन्दु-
की अल्पकाल तक ही स्थिति है वहाँ पै ।
वैसा कहा, मनुज जीवन है विनाशी
होवे न गौतम समै भर का प्रमाद ।।२।।

इइ इत्तरियम्मि आउए,
जीवियए बहु-पच्चवायए ।
विहुणाहि रयं पुरे कडं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।३।।

अत्यल्प आयु अधिकाधिक विघ्नपूर्ण
है जीवन स्थिति विनश्वरशील सर्व ।
पूर्वाप्त कर्म रज का क्षय कार्यकाम्य
होवे न गौतम समै भर का प्रमाद ।।३।।

दुल्लहे खलु माणुसे भवे,
चिर कालेण वि सव्व पाणिणं ।
गाढा य विवाग कम्मुणो,
समयं गोयम ! मा पमायए।।४।।

संसार में मनुज को चिरकाल में भी-
दुर्लब्ध ही मनुजता कहते मनीषी ।
होता सदैव निज कर्म विपाक तीव्र-
होवे न गौतम कभी क्षण भी प्रमाद ।।४।।

पुढवि-काय-मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।५।।

पृथ्वी शरीरगत जीव सदा अधीन
उत्पत्ति औ मरण को लहता असंख्य।
ये जान के सतत साधनशील साधु-
होवे न गौतम कभी क्षण भी प्रमाद ।।५।।

आउ-काय-मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।६।।

अप्काय में गमनशील अधीन जीव
उत्कर्ष से चिर समै रहता विपन्न ।
ऐसा विवेक करके बन सावधान-
होवे न गौतम यहाँ पल भी प्रमाद ।।६।।

तेउ-काय-मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।७।।

तेजश् शरीरगत जीव विशेष रूप
उत्कृष्ट दीर्घ चिरकाल निवासकारी ।
ये सोच साधक सदा निज साधनार्थी
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमाद ।।७।।

वाउ-काय मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।८।।

सर्वज्ञ का कथन, वायु शरीर में भी-
उत्कृष्ट संख्यगत हीन समै कहा है।
तो आत्म साधन परायण साधु जीव-
होवे न गौतम कभी क्षण भी प्रमाद ।।८।।

वणस्सइ-काय-मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
काल-मणंत-दुरंतं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।९।।

पाके वनस्पति शरीर रहे विपन्न
उत्कृष्ट काल तक कर्म परम्परा से-
तो जीव को समझ के जिनतत्त्व-वेत्ता
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमाद ।।९।।

बेइंदिय-काय-मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं-संखिज्ज-सण्णियं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१०।।

द्वीन्द्रीयकाय गत जीव समस्त का भी-
उत्कृष्ट से समय संख्य कहा गया है।
संध्यान से समझ के निज आत्म हेतु-
होवे न गौतम यहाँ पल भी प्रमाद ।।१०।।

तेइंदिय-काय-मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
काल संखिज्ज-सण्णियं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।११।।

त्रीन्द्रीयकाय गत जीव इसी प्रकार-
उत्कृष्ट से समय संख्य कहा गया है ।
शुद्धावबोध चय से बन सावधान-
होवे न गौतम यहाँ क्षण भी प्रमाद ।।११।।

चउरिंदिय काय-मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखिज्ज-सण्णियं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१२।।

तुर्येन्द्रिकाय गत जीव कदम्ब का भी-
उत्कृष्ट से समय संख्य कहा गया है ।
ऐसा विचार करके शुभ भावना से-
होवे न गौतम यहाँ, क्षण भी प्रमाद ।।१२।।

पंचिंदिय-काय-मइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
सत्तट्ठ-भव-गहणे,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१३।।

पंचेन्द्रिकायगत जीव विशिष्टता से-
उत्कृष्ट अष्ट भव लौं रहता अवश्य ।
ऐसा विचार करके हित साधनार्थी
होवे न गौतम यहाँ क्षण भी प्रमाद ।।१३।।

देवे णेरईए य अइगओ,
उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
इक्केक्क-भव-गहणे,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१४।।

देवादि नारक गती समुपेत जीव
उत्कृष्ट एक भव जन्म लहे नितान्त ।
धर्मादि को समझ के हित भावना से-
होवे न गौतम यहाँ क्षण भी प्रमाद ।।१४।।

एवं भव-संसारे,
संसरइ सुहा-सुहेहिं कम्मेहिं ।
जीवो पमाय-बहुलो,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१५।।

प्रामाद्य की बहुलता भव जन्म हेतु-
कर्मादि से सतत संसृति में भ्रमा है ।
ये सोच के समझ के हित साधनार्थी-
होवे न गौतम यहाँ क्षण भी प्रमाद ।।१५।।

लद्धूणवि माणुसत्तणं,
आयरिअत्तं पुणरावि दुल्लहं ।
बहवे दसुया मिलेक्खुया,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१६।।

मानुष्य लाभ करके फिर आर्य धर्म-
पाना नितान्त अति दुर्लभ है निदिष्ट ।
म्लेच्छादि दस्यु नर हैं,. वनते विशेष
होवे न गौतम यहॉ क्षण भी प्रमाद ।।१६।।

लद्धूणवि आयरियत्तणं,
अहीण पंचिंदिय या हु दुल्लहा ।
विगलिंदिय या हु दीसइ,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१७।।

आर्यत्व की सुलभता पर पूर्ण-इन्द्री-
संप्राप्ति दुर्लभ कही विकलेन्द्रिता से ।
देखे गये, सतत जीव यहां विशेष-
होवे न गौतम कभी क्षण भी प्रमाद ।।१७।।

अहीण पंचिंदियत्तं वि से लहे,
उत्तम-धम्मसुई हु दुल्लहा ।
कुतित्थि-णिसेवए जणे,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१८।।

पंचेन्द्रियत्व पर दुर्लभ धर्म बोध-
तीर्थान्तरीय परिसाधक भी यहाँ हैं ।
सोचें स्वरूप अपना शुभ भावना से
होवे न गौतम यहाँ क्षण भी प्रमाद ।।१८।।

लद्धूण वि उत्तमं सुइं,
सद्दहणा पुणरावि दुल्लहा ।
मिच्छत्त-णिसेवए जणे,
समयं गोयम ! मा पमायए।।१९।।

धर्मादि की श्रुति विशेष तथैव आस्था-
संप्राप्ति भी कठिन रूप कही गई है ।
मिथ्यात्व को बहुत से परिसेवते हैं
होवे न गौतम समै भर का प्रमाद ।।१९।।

धम्मंवि हु सद्दहंतया,
दुल्लहया काएण फासया ।
इह कामगुणेहिं मुच्छिया,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२०।।

श्रद्धादि पै तदनुरूप न आचरादि
आसक्त से रत रहे नित काम-भोग ।
ये सोच के श्रमण साधक साधनार्थी
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमादी ।।२०।।

परिजूरइ ते सरीरयं,
केसा पंडुरया हवंति ते ।
से सोयबले य हायई,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२१।।

जीर्णत्व-युक्त, परिकम्प विशिष्टकाय
है केश शुभ्र, सुनना कम हो गया है ।
ये सोच के सतत साधक साधनार्थी
होवे न गौतम कभी क्षण भी प्रमादी ।।२१।।

परिजूरइ ते सरीरयं,
केसा पंडुरया हवंति ते ।
से चक्खुबले य हायई,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२२।।

जीर्णात्तकाय अरु केश समुज्जूवलाप्त-
संक्षीण नेत्र वल, पौरुष हीनता है ।
ये सोच के निज सरूप सदैव जाने
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमादी ।।२२।।

परिजूरइ ते सरीरयं,
केसा पंडुरया हवंति ते ।
से घाणबले य हायई,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२३।।

जूना शरीर अरु केश कलाप सेत
है घ्राण शक्ति परिहीन विशेष रूप ।
ये सोच के सतत संयम साधनार्थी
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमादी ।।२३।।

परिजूरइ ते सरीरयं,
केसा पण्डुरया हवंति ते ।
से जिब्भबले य हायई,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२४।।

संजीर्णकाय अरु केश सुकाशतुल्य-
जिह्वा रसादि गुण से परिमुक्तपूर्ण ।
ये सोच के सतत संयमबद्ध कक्ष
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमादी ।।२४।।

परिजूरइ ते सरीरयं,
केसा पंडुरया हवंति ते ।
से फासबले य हायई,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२५।।

संकीर्ण काय अरु केश कलाप तूल-
संस्पर्श इन्द्रिय सभी परिनष्टशील ।
ये सोच के सतत संसृति-निर्वृतार्थी
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमादी ।।२५।।

परिजूरइ ते सरीरयं,
केसा पंडुरया हवंति ते ।
से सव्वबले य हायई,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२६।।

सारा शरीर कृशता-परिपूर्ण, दीन
बाकी न शक्ति तन में, मन भी मलीन ।
ये सोच के श्रमण साधक साधनार्थी
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमादी ।।२६।।

अरई गंडं विसूइया,
आयंका विविहा फुसंति ते ।
विहडइ विद्धंसइ ते सरीरयं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२७।।

उद्वेग-पूर्ण मन, वायु विकारकारी
आतंक रोग चय का भव भीति भारी ।
स्फोटादि शूल वमनादिक जीवघाती
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमाद ।।२७।।

वुच्छिंद सिणेह-मप्पणो,
कुमुयं सारइयं व पाणियं ।
से सव्व-सिणेह-वज्जिए,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२८।।

जैसे शरद् समय में कुमुदादिवारि-
निर्लिप्त भाव रखता उस रूप में भी ।
स्नेहानुसक्ति परिबन्धन से विमुक्त
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमाद ।।२८।।

चिच्चाण धणं अ भारियं,
पव्वइओ हि सि अणगारियं ।
मा वंतं पुणोवि आविए,
समयं गोयम ! मा पमायए।।२६।।

योषा-धनादि परिमुक्त हुआ मनस्वी
संग्राह की न परिकल्पित भावना हो ।
श्रामण्य धर्म युत साधक साधनार्थी
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमाद ।।२६।

अवउज्झिय मित्त-बंधवं,
विउलं चेव धणोह-संचयं ।
मा तं बिइयं गवेसए,
समयं गोयम ! मा पमायए।।३०।।

मित्रादि बान्धव तथा धनराशि पूर्ण-
को छोड़ के, फिर गवेषण को करे न ।
ये सोच के सतत साधनशील साधु-
होवे न गौतम कभी पल भी प्रमाद ।।३०।

ण हु जिणे अज्ज दीसइ,
बहुमए दीसइ मग्गदेसिए ।
संपइ णेयाउए पहे,
समयं गोयम ! मा पमायए।।३१।।

ना दीखते जिन, विशेष सुमार्गदर्शी-
हैं, एक भाव इनमें नहि दीखता है ।
अर्हन्त मार्ग उपलब्ध, चलो उसी पै
होवे न गौतम कभी क्षण भी प्रमाद ।।३१।।

अवसोहियं कंटगा पहं,
ओइण्णोऽसि पहं महालयं ।
गच्छसि मग्गं विसोहिया,
समयं गोयम ! मा पमायए।।३२।।

कांटों भरा पथ नहीं, परिशुद्ध मार्ग-
पै आ गए, फिर चलो, यह भावना हो ।
श्रद्धाभिभूत अपवर्ग पथानुयायी
होवे न गौतम कभी, पल भी प्रमाद ।।३२।।

अबले जह भार-वाहए,
मा मग्गे विसमेऽवगाहिया ।
पच्छा पच्छाणुतावए,
समयं गोयम ! मा पमायए।।३३।।

वैषम्य मार्ग पर कष्ट विशेष होता
संताप पूर्ण बनता व्यवहार सारा ।
ये सोच के सतत साधक साधनार्थी
होवे न गौतम कभी, पल भी प्रमादी ।।३३।।

तिण्णो हु सि अण्णवं महं,
किं पुण चिट्ठसि तीरमागओ ।
अभितुर पारं गमित्तए,
समयं गोयम ! मा पमायए।।३४।।

संतीर्ण सागर किया, तट आ गया है
हो शीघ्र पार, अवरोध कहो कहाँ से ?
ये सोच के सतत संयत साधनार्थी
होवे न गौतम कभी, पल भी प्रमादी ।।३४।।

अकलेवर सेणिमूसिया,
सिद्धिं गोयम ! लोयं गच्छसि ।
खेमं च सिवं अणुत्तरं,
समयं गोयम ! मा पमायए।।३५।।

तूं देहमुक्त पद लब्धि सुलाभ पाके
श्रेणी महाक्षपक की परिरूढ होके ।
जाओ अनुत्तर महाशिव सिद्धि लोक
होवे न गौतम कभी, पल का प्रमाद ।।३५।।

बुद्धे परि-णिव्वुडे चरे,
गामगए णगरे व संजए ।
संति-मग्गं च बूहए,
समयं गोयम ! मा पमायए।।३६।।

तत्त्वज्ञ शान्त अरु संयत भावपूर्ण
ग्रामादि में नगर में विचरो कहीं भी ।
संवर्धना नित करो शिव शान्ति धर्म
हो वो न गौतम कभी, पल भी प्रमादी ।।३६।।

बुद्धस्स णिसम्म भासियं,
सुकहिय-मट्ठपओव-सोहियं ।
रागं दोसं च छिंदिया,
सिद्धिगइं गए गोयमे।।३७।।

अर्थादि से व पद से परिशुद्ध रूप
वाणी विशेष सुन के अरिहन्त जी की ।
संसार छेदन किया, शिव लोक पाया
श्री गौतमर्षि मुनि ने, यह तथ्य जाने ।।३७।।

११ अध्ययन : बहुश्रुतपूजा

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत ग्यारहवें अध्ययन का नाम बहुश्रुतपूजा है। इसमें बहुश्रुत की भावपूजा–महिमा एवं जीवन की श्रेष्ठता का प्रतिपादन है।
- प्रस्तुत अध्ययन में बहुश्रुत का अर्थ–चतुर्दशपूर्वधर, सर्वाक्षरसन्निपाती, निपुण साधक के रूप में है।
- विभिन्न आगमों में बहुश्रुत के विभिन्न अर्थ दृष्टिगोचर होते है, तथा–दशवैकालिकसूत्र में 'आगमवृद्ध', सूत्रकृतांग में 'शास्त्रार्थपारंगत', बृहत्कल्प में बहुत–से सूत्र अर्थ और तदुभय के धारक', व्यवहारसूत्र में–जिसको अंगबाह्य, अंगप्रविष्ट आदि बहुत प्रकार के श्रुत–आगमों का ज्ञान हो तथा जो बहुत–से साधकों की चारित्रशुद्धि करने वाला एव युगप्रधान हो। स्थानांगसूत्र के अनुसार सूत्र और अर्थरूप से प्रचुरश्रुत (आगमों) पर जिसका अधिकार हो, अथवा जो जघन्यतः नौवें पूर्व की तृतीय वस्तु का और उत्कृष्टतः सम्पूर्ण दश पूर्वों का ज्ञाता हो; वह बहुश्रुत है। इसका पर्यायवाची बहुसूत्र शब्द भी है, जिसका अर्थ किया गया है–जो आचारांग आदि बहुत–से कालोचित सूत्रों का ज्ञाता हो।
- प्रस्तुत अध्ययन में बहुश्रुत और अबहुश्रुत का अन्तर बताने के लिए सर्वप्रथम अबहुश्रुत का स्वरूप बताया गया है, जो कि बहुश्रुत बनने वालो को योग्यता, प्रकृति, अनासक्ति, अलोलुपता एवं विनीतता प्राप्त करने के विषय मे गंभीर चेतावनी देने वाला है। तत्पश्चात् तीसरी और चौथी गाथा में अबहुश्रुतता और बहुश्रुतता की प्राप्ति के मूल स्रोत शिक्षाप्राप्ति के अयोग्य और योग्य के क्रमशः 5 और 8 कारण बताए गए है। तदनन्तर छठी से तेरहवी गाथा तक अबहुश्रुत और बहुश्रुत होने में मूल–कारणभूत अविनीत और सुविनीत के लक्षण बताए गए हैं। इसके पश्चात् बहुश्रुत वनने का क्रम

बताया गया है।

- इतनी भूमिका बांधने के बाद शास्त्रकार ने अनेक उपमाओं से उपमित करके बहुश्रुत की महिमा, तेजस्विता, आन्तरिकशक्ति, कार्यक्षमता एवं श्रेष्ठता को प्रकट करने के लिए उसे शख, अश्व, गजराज, उत्तम वृषभ आदि की उपमाओं से अलंकृत किया है।
- अन्त मे बहुश्रुतता की फलश्रुति मोक्षगमिता बताकर बहुश्रुत बनने की प्रेरणा की गई है।

११. बहुश्रुतपूजा

संजोगा विप्प-मुक्कस्स,
अणगारस्स भिक्खुणो ।
आयारं पाउकरिस्सामि,
आणुपुव्विं सुणेह मे।।१।।

संयोगमुक्त अनगार सुसाधुता के-
आचार के कथन को करता यथार्थ ।
दत्तावधान सुनना क्रमशः मनोज्ञ
श्री वीतराग यति धर्म सुलाभकारी ।।१।।

जे यावि होइ णिव्विज्जे,
थद्धे लुद्धे अणिग्गहे ।
अभिक्खणं उल्लवई,
अविणीए अबहुस्सुए।।२।।

विद्याविहीन अथवा बुध, गर्वयुक्त-
लोभाभिभूषित अनर्गल शब्द भाषी ।
जेता नहीं सतत इन्द्रिय यूथ का जो-
संबुद्धिहीन अबहुश्रुत है कहाता ।।२।।

अह पंचहिं ठाणेहिं,
जेहिं सिक्खा ण लब्भइ ।
थंभा कोहा पमाएणं,
रोगे-णालस्सएण य।।३।।

हैं पाँच कारण अशिक्षण के विशेष-
क्रोध-प्रमाद अभिमान व रोग राग ।
आलस्य दोष दव दाह विदग्ध देह
अज्ञान सर्व विधि से लहता विमूढ़ ।।३।।

अह अट्ठहिं ठाणेहिं,
सिक्खा सीलेत्ति वुच्चइ ।
अहस्सिरे सया दंते,
ण य मम्म-मुदाहरे।।४।।

छन्द-धनाक्षरी

हास परिहास की प्रवृत्ति नहीं होत जाके
सदा शान्त दान्त आत्म तत्त मांहि खोवे है।
करे न रहस्य भेद काऊ को, गभीर मन
सुशील आचार भृत, भरपूर जोवे है ।

णासीले ण विसीले,
ण सिया अइलोलुए ।
अकोहणे सच्चरए,
सिक्खा-सीलेत्त वुच्चइ।।५।।

अनाचार दोष चय होवे व कलंक युत
रसमय लोलुप स्वभाव ने निगोवे है ।
क्रोध हीन सत्यवादी सदाचारी सविशेष
आतम समाधि साधि, शिक्षा शील होवे है ।।४-५।।

अह चद्दसहिं ठाणेहिं,
वट्टमाणे उ संजए ।
अविणीए वुच्चइ सो उ,
णिव्वाणं च ण गच्छइ ।।
अभिक्खणं कोही हवइ,
पबंधं च पकुव्वइ ।
मेत्तिज्जमाणो वमइ,
सुयं लद्धूण-मज्जइ ।।
अवि पाव-परिक्खेवी,
अवि मित्तेसु कुप्पइ ।
सु प्पियस्सावि मित्तस्स,
रहे भासइ पावयं ।।
पइण्णवाई दुहिले,
थद्धे लुद्धे अणिग्गहे ।
असंविभागी अवियत्ते,
अविणीए त्ति वुच्चइ।।६-६।।

क्रोध करे बार.बार, लम्ब मान करि राखे
मित्रता विहीन श्रुत पाय गरवावे है ।
स्खलना में अपमान मित्र पर क्रोध धार
प्रिय मित्र निन्दन को भाव हिय लावे है ।
परताप असम्बद्ध द्रोही अभिमानी होवे
रसलोभी कामी स्वार्थ सूखापन छावे है ।
चौदह प्रकार व्यवहार साधु यदि करे
अविनीत, मोक्ष पद नाहि कभी पावे है ।।६-६।।

अह पण्णरसहिं ठाणेहिं
सुविणीएत्ति वुच्चइ ।
णीयावत्ती अचवले,
अमाई अकुऊहले ।।
अप्पं च अहिक्खिवइ,
पवंधं च ण कुव्वइ ।

कौतुक विहीन नम्र अचपल दम्भ हीन
परनिन्दा-करण-प्रवृत्ति, नहि भावे है ।
अतिक्रोध करे नाही, सुहृद कृतज्ञ होवे
श्रुत पाय अहंकार मन में न लावे है ।
दोष में न अपमान, मित्र पर क्रोध नहि
उपकार, प्रेम, कुल, लज्जा भाव छावे है ।

मेत्तिज्जमाणो भयइ,
सुयं लद्धुं ण मज्जइ ॥
ण य पाव-परिक्खेवी,
ण य मित्तेसु कुप्पइ ।
अप्पियस्सावि मित्तस्स,
रहे कल्लाण भासइ ॥
कलह-डमर-वज्जिए,
बुद्धे अभिजाइए ।
हिरिमं पडिसंलीणे,
सुविणीए त्ति वुच्चइ॥१०-१३॥

समाहित होके, आत्मलीन भाव पाले नित
बुद्धिमान साधु सुविनीत कहलावे है ॥१०-१३॥

छन्द-बसन्ततिलका

वसे गुरुकुले णिच्चं,
जोगवं उवहाणवं ।
पियंकरे पियंवाई,
से सिक्खं लद्धु-मरिहइ॥१४॥

जो नित्य ही गुरु सुसेवक रूप में है
योगोपधान रत है प्रिय भावना भृत् ।
माधुर्यपूर्ण वचनादिक हैं मनोज्ञ
शिक्षा विशेष लहता, वह नात्र शंका ॥१४॥

जहा संखम्मि पयं,
णिहियं दुहओ वि विरायइ ।
एवं बहुस्सुए भिक्खू,
धम्मो कित्ती तहा सुयं॥१५॥

जैसे सुशंख परिरक्षित दुग्ध नैज-
आधार से व निज से परिशोभता है ।
वैसे विकार-परिमुक्त बहुश्रुतादि-
संयुक्त भिक्षु, परिशुद्ध सदा सुहाता ॥१५॥

जहा से कंबोयाणं,
आइण्णे कंथए सिया ।
आसे जवेण पवरे,
एवं हवइ बहुस्सुए॥१६॥

कम्बोज-देशगत कन्थक अश्व जैसे-
जाति प्रधान अरु वेग विशेषशील ।
वैसे बहुश्रुत निधान जिनागमों में
कीर्ती सुधर्म उसमें, श्रुत शोभते हैं ॥१६॥

जहाइण्ण समारूढे,
सूरे दढ-परक्कमे ।

जाति-प्रधान हय पृष्ठ सुखाधिरूढ
वीराग्रणी विजय लाभ वरे, सहर्ष ।

उभमओ णंदि-घोसेणं,
एवं हवइ बहुस्सुए।।१७।।

वैसे बहुश्रुत सदा जयकारिता से-
होता सुशोभित, समग्र यशोऽवदात ।।१७।।

जहा करेणु-परिकिण्णे,
कुंजरे सट्ठिहायणे ।
बलवंते अप्पडिहए,
एवं हवइ बहुस्सुए।।१८।।

जैसे करी कलित काय करेणुओं से-
होता पराजित नहीं, परहस्तियों से ।
वैसे बहुश्रुत कदापि किसी प्रकार-
पाता पराजय नहीं, गुणशालिता से ।।१८।।

जहा से तिक्खसिंगे
जायखंधे विरायइ ।
वसहे जूहाहिवई,
एवं हवइ बहुस्सुए।।१९।।

जैसे बलिष्ठ वृषभाधिप तीक्ष्ण शृंग-
यूथाधिपत्य लहके, परिशोभता है ।
वैसे बहुश्रुत विशेष महामुनी भी
शोभा विशिष्ट लहता गण मध्यचारी ।।१९।।

जहा से तिक्खदाढे,
उदग्गे दुप्पहंसए ।
सीहे मियाण पवरे,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२०।।

जैसे सुतीक्ष्ण दृढ़ दाढ़ बलिष्ठसिंह-
होता मृगेन्द्र पशु मध्य बलाभिशाली ।
वैसे बहुश्रुत विशेष गणी गरीयान्-
अन्यान्य-तैर्थिक समक्ष सदा सुहाता ।।२०।।

जहा से वासुदेवे,
संख-चक्क-गदा-धरे ।
अप्पडिहय-बले जोहे,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२१।।

शंखास्त्र चक्र रु गदाधर वासुदेव-
योद्धा विशिष्ट अपराजित रूप सोहे ।
वैसे बहुश्रुत सदा परतीर्थिकों में-
शोभायमान बनता, जय लाभकारी ।।२१।।

जहा से चाउरंते,
चक्कवट्टी-महिड्ढिए ।
चोद्दस रयणाहिवई,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२२।।

वैसे विशिष्टतम ऋद्धि सुयुक्त चक्री-
होता, चतुर्दश-सुरत्न-धनी-प्रशस्त-।
स्वामी-तथैव परिपूर्ण गुणाधिकारी-
विद्या-विनीत जग मध्य सुकीर्ति पाता ।।२२।।

जहा से सहस्सक्खे,
वज्जपाणी पुरंदरे ।
सक्के देवाहिवई,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२३।।

जैसे सहस्र नयनाहित, वज्रपाणि-
देवादि संस्तुत महेन्द्र पुरन्दरादि-।
वृत्रारि शक्र, मघवा भव मध्य राजे
वैसे बहुश्रुत सदा परिशोभते हैं ।।२३

जहा से तिमिर-विद्धंसे,
उत्तिट्ठंते दिवायरे ।
जलंते इव तेएण,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२४।।

गाढान्धकार-परिनाशक-दिव्य सूर्य-
उद्दीप्त तेज परिपूरित राजता है ।
वैसे तपस्विगण मध्य गुणाग्रगामी
होता बहुश्रुत यती परिदीप्तिशाली ।।२४

जहा से उडुवई चंदे,
णक्खत्त-परिवारिए ।
पडिपुण्णे पुण्णमासीए,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२५।।

नक्षत्रवृन्द परिवार समेत चन्द्र-
राकेश हो, चमकता परिपूर्ण होके ।
वैसे बहुश्रुत मुनी लह आधिपत्य
पाता विशिष्ट गण में परिदिव्यता को ।।२५।

जहा से सामाइयाणं,
कोट्ठागारे सुरक्खिए ।
णाणा-धण्ण-पडिपुण्णे,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२६।।

व्यापार कार्यरत और कृषीवलादि-
भाण्डार नित्य भरते विविध प्रकार ।
वैसे बहुश्रुत यती परिपूर्ण होता
आत्मोपकारि विधि से विनिवृत्त चित्त ।।२६।

जहा सा दुमाण पवरा,
जंबू णाम सुदंसणा ।
अणाढियस्स देवस्स,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२७।।

जैसे अनादृत सुदेव सुदर्शनादि-
जम्बू विशेष तरु चर्चित पादपों में ।
वैसे बहुश्रुत सुपूज्य पुनीत धाम-
शोभा समग्र लहता नित साधुओं में ।।२७।

जहा सा णईण पवरा,
सलिला सागरं-गमा ।
सीया णीलवंत-पवहा,
एवं हवइ बहुस्सुए।।२८।।

जो नीलवन्त नग से ध्रुव निस्सृता हो
वारि प्रवाहमय सागर में विलीन ।
सीता नदी सब नदी नद में प्रधान
वैसे वहुश्रुत सुसंगति में प्रशस्त ।।२८।।

जहा से णगाण पवरे, सुमहं मंदरे गिरी । णाणोसहि-पज्जलिए, एवं हवइ बहुस्सुए।।२६।।	जैसे अनेक विध औषध से प्रदीप्त- सर्वातिशायि गिरि मन्दर मेरुकादि- माने विशिष्टतम हैं, सब साधुओं में वैसे बहुश्रुत विशिष्ट यशस्तपस्वी ।।२६।।
जहा से सयंभूरमणे, उदही अक्खओदए । णाणा-रयण-पडिपुण्णे, एवं हवइ बहुस्सुए।।३०।।	जैसे सदैव जल से परिपूर्ण अब्धि शोभे स्वयं भुरमणाभिध रत्नयुक्त । अक्षय्य बोध परिशोभित तत्प्रकार होता बहुश्रुत यती शमन प्रधान ।।३०।।
समुद्द-गम्भीरसमा दुरासया, अचक्किया केणइ दुप्पहंसया । सुयस्स पुण्णा विउलस्स ताइणो, खवित्तु कम्मं गइ मुत्तमं गया।।३१।।	अम्भोधि तुल्य थिर कष्ट दशा विहीन जेता समग्र, अपराजित चित्त वृत्ति । सम्पूर्ण कर्म लय को करके तपस्वी- पाता, बहुश्रुत गती परमोच्चता की ।।३१।।
तम्हा सुय-महिट्ठिज्जा, उत्तमट्ठ गवेसए । जेणऽप्पाणं परं चेव, सिद्धिं संपाउणेज्जासि।।३२।।	मोक्ष-स्वरूप-पर है, जिसकी सुदृष्टि- अन्वेषण प्रखर हो, श्रुत-आश्रयी हो । लोकद्वयी सफलता ध्रुव लाभ हेतु वो ही सतर्क बनता, इसमें न शंका ।।३२।।

१२ अध्ययन : हरिकेशीय

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'हरिकेशीय' है। इसमे साधुजीवन अंगीकार करने के पश्चात चाण्डालकुलोत्पन्न हरिकेशबल, महाव्रत, समिति, गुप्ति, क्षमा आदि दशविध श्रमणधर्म एवं तप, संयम की साधना करके किस प्रकार उत्तमगुणधारक, तपोलब्धिसम्पन्न, यक्षपूजित मुनि बने और जातिमदलिप्त ब्राह्मणों का मिथ्यात्व दूर करके किस प्रकार उन्हें सच्चे यज्ञ का स्वरूप समझाया; इसका सांगोपांग स्पष्ट वर्णन किया है।

१२. हरिकेशीय

सोवाग-कुल-संभूओ,
गुणुत्तर धरो मुणी ।
हरिएसबलो णाम,
आसि भिक्खू जिइंदिओ।।१।।

चाण्डाल के कुल विशेष गृहीत जन्म
ज्ञानादि उत्तमधनादिक से विशिष्ट ।
थे इन्द्रियादि विजयी शमनैकवृत्ति
प्रख्यात भिक्षु हरिकेशबलाभिधान ।।१।।

इरि-एसण-भासाए,
उच्चार-सिमिईसु य ।
जओ आयाण-णिक्खेवे,
संजओ सुसमाहिओ।।२।।

इर्यैषणा व परिभाषण धर्मधारी
आदान छेद रु पुरीष विमोचनादि-।
की पाँच रूप समिती नित यत्नशील
आश्वस्त थे, सतत संयम में तपस्वी ।।२।।

मण-गुत्तो वय-गुत्तो,
काय-गुत्तो जिइंदिओ ।
भिक्खट्ठा बम्भ-इज्जम्मि,
जण्णवाडं उवट्ठिओ।।३।।

वाक्काय चित्त परिगोपक सन्मुनीश-
पूरे जितेन्द्रिय, वियाचन जीवितार्थी ।
यज्ञ स्थली पर गए, द्विज मण्डली में-
याग-क्रिया कर रहे, यजनाधिकारी ।।३।।

तं पासिऊणं एज्जंतं,
तवेण परिसोसियं ।
पंतोवहि उवगरणं,
उवहसंति अणारिया।।४।।

सारा शरीर तप से, परिशुष्क-सा था
थे जीर्ण वस्त्र, उपधी बहुधामलीन ।
भिक्षार्थ आगत मुनीश्वर का, अनार्य-
हास्यादिमत्त बनके, करने लगे वे ।।४।।

जाईमय-पडिथद्धा,
हिंसगा अजिइंदिया ।
अबम्भ-चारिणो बाला,
इमं वयणमब्बवी।।५।।

उद्दीप्त जाति मद से उपहासकारी-
हिंसा प्रधान अजितेन्द्रिय कामचारी ।
अब्रह्मचर्य निज वाचक बोधहीन
बोले कठोर रव यो द्विज आत्ममानी-।।५।।

कयरे आगच्छइ दित्त-रूवे,
काले विकराले फोक्कणासे ।
ओमचेलए पंसु-पिसायभूए,
संकरदूसं परिहरिय कंठे।।६।।

बीभत्स रूप, अरु कृष्ण, व धूल नाक
बेडोल अंग विकराल शरीरवाला-
होके पिशाच, अरु गर्हित वस्त्रधारी-
है आ रहा, कृशितकाय मलीन कौन ? ।।६।।

कयरे तुमं इय अदंसणिज्जे,
काए व आसा-इह-मागओसि ।
ओमचेलया पंसु-पिसायभूया,
गच्छ-क्खलाहि किमिहं ठिओसि।।७।।

कुत्सा सरूप तन, वस्त्र विहीन भूत
पांशू पिशाच सम है विकराल रूप ।
तूं कौन है ? किस लिये, किसने बुलाया
आया, सुदूर हट जा, न रहो, यहाँ पै ।।७।।

जक्खे तहिं तिंदुय-रुक्खवासी,
अणुकम्पओ तस्स महामुणिस्स ।
पच्छाय-इत्ता णियगं सरीरं,
इमाइं वयणाइ-मुदाहरित्था।।८।।

पूरा महर्षि अनुकम्पन-भावना से-
यक्ष स्वरूप नित तिन्दुक वृक्षवासी-।
गात्र-प्रगोपन-विधान समर्थ सद्यः-
तत्काय में कर निवास, सगर्व बोला ।।८।।

समणो अहं संजओ बम्भयारी,
विरओ धण-पयण-परिग्गहाओ ।
परप्पवित्तस्स उ भिक्खकाले,
अण्णस्स अट्ठा इह-मागओमि।।९।।

हूँ ब्रह्मचर्य धृति, संयम साधनार्थी-
सम्पत्ति, पाक विरही, अपरिग्रही भी-।
भिक्षाचरी नियत कालिक एषणीय-
आहार के हित यहाँ, समुपस्थिती है ।।९।।

विय-रिज्जइ खज्जइ भुज्जई य,
अण्णं पभूयं भवयाण-मेयं ।
जाणाहि मे जायण जीविणुत्ति,
सेसावसेसं लहऊ तवस्सी।।१०।।

प्राचुर्य अन्न बहुधा सब पा रहे हैं
भुक्ति प्रभोग विधि से ध्रुव हो रहा है ।
भिक्षा प्रधान यह जीवन है बनाया
शेषावशेष-हित ही परियाचना है ।।१०।।

उवक्खडं भोयण माहणाणं,
अत्तट्ठियं सिद्ध-मिहेगपक्खं ।
ण उ वयं एरिस-मण्णपाणं
दाहामु तुज्झं किमिहं ठिओसि।।११।।

विप्रादि के हित किया, यह भव्य भोज्य
है एक पक्ष हित देय, नहीं किसी को ।
यज्ञार्थ आगत करे, इसका प्रयोग
तेरे लिए नहि यहाँ, फिर है खड़ा क्यों ? ।।११।।

थलेसु बीयाई ववंति कासगा,
तहेव णिण्णेसु य आससाए ।
एयाए सद्धाए दलाह-मज्झं,
आराहाए पुण्ण-मिणं खु खित्तं।।१२।।

ऊंची धरा पर तथा विपरीत में भी-
जैसे किसान समभावित बीज बोता ।
वैसा स्वरूप धर के कुछ दान दे दो
आराधना तुम करो, बन पुण्यशाली ।।१२।।

खेत्ताणि अम्हं विइयाणि लोए,
जहिं पकिण्णा विरुहंति पुण्णा ।
जे माहणा जाइ विज्जोव-वेया,
ताइं तु खेत्ताइं सु पेसलाइं।।१३।।

क्षेत्र स्वरूप हमको प्रतिभात भी है
बीजोप्ति से प्रचुर लाभ मिले जहाँ से ।
विद्या सदन्वय विशिष्ट सुजाति विप्र-
है, क्षेत्र पुण्य इसमें, कुछ भी न शंका ।।१३।।

कोहो य माणो य वहो य जेसिं,
मोसं अदत्तं च परिग्गहं च ।
ते माहणा जाइविज्जा विहूणा,
ताइं तु खेत्ताइं सुपावयाइं।।१४।।

जो क्रोध मान परिपूर्ण असत्य हिंसा ।
स्तेयादि दोष चय दूषित संग्रहार्थी ।
वे विप्र जाति परिबोध विहीन, पीन
है क्षेत्र पापमय ही, इसमें न शंका ।।१४।।

तुमेत्थ भो ! भार धरा गिराणं,
अट्ठं ण जाणेह अहिज्ज वेए ।
उच्चावयाइं मुणिणो चरंति,
ताइं तु खेत्ताइं सुपेसलाइं।।१५।।

वेदत्रयी पठन भी तव अर्थ शून्य
वाणी प्रभार वहते श्रम साध्य सारा ।
जो उच्च नीच कुल में, कर गोचरी को
निर्वाहता यति वही सुकृती विशेष ।।१५।।

अज्झा-वयाणं पडिकूलभासी,
पभास से किंणु सगासि अम्हं ।
अवि एयं विणस्सउ अण्णपाणं,
ण य णं दाहामु तुमं णियण्ठा।।१६।।

निर्ग्रन्थ अज्ञ ! वकते विपरीत पूर्ण
वेदाधिकारि बुध की यह निनन्दना क्यों ?
हो जाय नष्ट जल अन्न न दे, [illegible]
अन्यत्र ही गमन हो, द्रुत [illegible] ।।१६।।

समिईहिं मज्झं सुसमाहियस्स,
गुत्तीहि गुत्तस्स जिइंदियस्स ।
जइ मे ण दाहित्थ अहेसणिज्जं,
किमज्ज जण्णाण लहित्थ लाहं।।१७।।

मैं हूँ सदा समिति-संभृत, गुप्तियुक्त
एवम् जितेन्द्रिय विबुद्ध सदैषणीय-।
आहार को यदि मुझे नहि दे रहे हो-
कोई न लाभ इससे तुमको मिलेगा ।।१७

के इत्थ खत्ता उवजोइया वा,
अज्झावया वा सह खण्डिएहिं ।
एयं खु दण्डेण फलेण हंता,
कंठम्मि घेत्तूण खलेज्ज जो णं।।१८।।

है क्षत्रपादिक सुपाक विशेषविज्ञ
अध्यापकादि अरु छात्र जहाँ कहीं भी-।
आवे, सुदण्ड धर के फलकादिकों से-
चन्द्रार्ध देकर, निरादर से निकाले ।।१८

अज्झावयाणं वयणं सुणेत्ता,
उद्धाइया तत्थ बहू कुमारा ।
दंडेहिं वित्तेहिं कसेहिं चेव,
समागया तं इसिं तालयंति।।१६।।

वाणी प्रयुक्त सुन पाठक विज्ञ-दिष्ट
आए, वहाँ बहुत छात्र कुमार दौड़े ।
दण्डादि बेंत अरु चाबुक हाथ लेके
उत्पीड़ना कर रहे, ऋषि की हताश ।।१६।

रण्णो तहिं कोसलियस्स धूया,
भद्दत्ति णामेण अणिंदियंगी ।
तं पासिया संजय हम्ममाणं,
कुद्धे कुमारे परिणिव्ववेइ।।२०।।

पुत्री अनिन्द्य गुणशील सुशोभनीया
भद्राख्य कौशलिक भूप सुपुण्य जाता-।
आई, प्रहार लख के उनके समीप-
संबुद्ध विप्र बटु संचय को, निवारा ।।२०।

देवाभिओगेण णिओइएणं,
दिण्णामु रण्णा मणसा ण झाया ।
णरिंद देविंदभिवंदिएणं,
जेणामि वंता इसिणा स एसो।।२१।।

संयोग से जनक ने, मुझको दिया था
चाहा नहीं, हृदय से, दृढ़ संयमी ने-
छोड़ा, कभी न अपना, ऋषि ने बनाया
देवेन्द्र भूप परिपूजित पाद ये हैं ।।२१।

एसो हु सो उग्गतवो महप्पा,
जिइंदिओ संजओ बम्भयारी ।
जो मे तया णेच्छइ दिज्जमाणिं,
पिउणा सयं कोसलिएण रण्णा।।२२।।

है उग्र दिव्य तप से अभितप्तपूर्ण
त्यागी, जितेन्द्रिय, सुसंयम से विशिष्ट ।
भूपेन्द्र कौशलिक ने मुझको दिया था
चाहा नहीं, हृदय से, परिहेय माना ।।२२।।

महाजसो एस महाणुभागो,
घोरव्वओ घोर परक्कमो य ।
मा एयं हीलेह अहीलणिज्जं,
मा सव्वे तेएण भे णिद्दहेज्जा।।२३।।

हैं दिव्य दीप्ति इनमें, अतिशक्तिशाली
हैं घोर साधक, महायश से प्रपूर्ण ।
कोई करे न इनकी, अवहेलना को
ये भस्मभूत कर दें, निज तेज से ही ।।२३।।

एयाइं तीसे वयणाइं सोच्चा,
पत्तीइ भद्दाइ सुभासियाइं ।
इसिस्स वेयावडियट्ठयाए,
जक्खा कुमारे विणिवारयंति।।२४।।

आचार्य धर्म सहचारिणि साधु शब्द-
यक्षाधिराज सुन के शुचि-सावधान! ।
होके विनीत मन से मुनि सेवनार्थी
संरोध कारक बने, द्विज सूनुओं के ।।२४।।

ते घोररूवा ठिय अंतलिक्खे,
असुरा तहिं तं जणं तालयंति ।
ते भिण्णदेहे रुहिरं वमंते,
पासित्तु भद्दा इणमाहु भुज्जो।।२५।।

आकाश में स्थित भयंकर रूप धारी
तीखा महासुर सरूप विशेष बुद्ध ।
यक्ष प्रताड़ित कुमार, हुए विपन्न
रक्तोष्ण-निर्वमन देख, कहा सती ने ।।२५।।

गिरिं णहेहिं खणह,
अयं दंतेहिं खायह ।
जायतेयं पाएहिं हणह,
जे भिक्खुं अवमण्णह।।२६।।

ये भिक्षु का कर रहे, अवमानना हो
वे तो करोरुह विदीर्ण करे महीध्र ।
दाँतो तले कठिन लौह विचर्बणा है
है अग्नि को कुचलना क्रम हेलना से ।।२६।।

आसीविसो उग्गतवो महेसी,
घोरव्वओ घोर परक्कमो य ।
अगणिं व पक्खंद पयंगसेणा,
जे भिक्खुयं भत्तकाले वहेह।।२७।।

आशीविष प्रवर घोर तपोधनी हैं
दिव्यव्रती अरु महर्षि गुणी विशिष्ट ।
भिक्षा समै व्यथित जो करता विमूढ़
मानों, निपात लहता अनलाग्र-मध्य ।।२७।।

सीसेण एयं सरणं उवेह,
समागया सव्व जणेण तुब्भे ।
जइ इच्छह जीवियं वा धणं वा,
लोगंपि एसो कुविओ डहेज्जा।।२८।।

इच्छा विशेष यदि जीवन की कहीं है
तो नम्र आकर नमो शरणागती से ।
होवे सकोप ऋषि तो ध्रुव सत्य जानो
सम्पूर्ण विश्व परिदग्ध अवश्य होगा ।।२८।।

अवहेडिय-पिट्ठिस-उत्तमंगे,
पसारिया बाहु अकम्म चिट्ठे ।
णिब्मेरियच्छे रुहिरं वमंते,
उड्ढंमुहे णिग्गय जीह-णेत्ते।।२६।।

आघातकारी बटुवृन्द दशा विचित्र-
थी, पीठ बाहु परि पीडित दीन हीन।
निश्चेष्टता नयन की परिवृत्तिता थी
जिह्वा विकार मुख ऊपर हो गया था ।।२६।।

ते पासिया खंडिय कट्ठभूए,
विमणो विसण्णो अह माहणो सो ।
इसिं पसाएइ सभारियाओ,
हीलं च णिंदं च खमाह भंते!।।३०।।

निश्चेष्ट छात्र चय देख, करे विषाद
पत्नी समेत द्विज गये मुनि के समक्ष-।
बोले, विनम्र अपराध विनिन्दनादि-
को दे क्षमा, मुनि ! दयामय आप ही हैं ।।३०।।

बालेहिं मूढेहिं अयाणएहिं,
जं हीलिया तस्स खमाह भंते !
महप्पसाया इसिणो हवंति,
ण हु मुणी कोव-परा हवंति।।३१।।

भन्ते ! विमूढ सब बालक हैं विशेष-
है आपका समवहेलन जो यहाँ पै-।
देवे क्षमा, ऋषि, रहे नित मोदमान
संक्रोध की नहि किसी पर दृष्टि डाले ।।३१।।

पुव्विं च इण्हिं च अणागयं च,
मणप्पदोसो ण मे अत्थि कोई ।
जक्खा हु वेयावडियं करेंति,
तम्हा हु एए णिहया कुमारा।।३२।।

मेरा न मानस कभी विपरीत भी था
औ है नहीं, इस समै व भविष्य में भी।
सेवार्थ यक्षपति ने द्विज आत्मजों को-
मारा प्रताड़ित किया, मम मोदना ना ।।३२।।

अत्थं च धम्मं च वियाणमाणा,
तुब्भे ण वि कुप्पह भूइपण्णा ।
तुब्भं तु पाए सरणं उवेमो,
समागया सव्व-जणेण अम्हे।।३३।।

धर्मार्थ का सत-सरूप सदैव शोभे
रक्षा प्रधान सम मंगल बुद्धियुक्त ।
न क्रोध भाव रहता, मुनि में विशेष
संपूज्यपाद शरणागत हो गए हैं ।।३३।।

अच्चेमु ते महाभागा
ण ते किंचि ण अच्चिमो ।
भुंजाहि सालिमं कूरं,
णाणा-वंजण-संजुयं।।३४।।

पूजा करें, हम समाहित भावना से
बद्धांजली नत छमापन चाहते हैं ।
होके प्रसन्न दधि मिश्रित शालि शाक-
निष्पन्न-भोजन करे, मृदु अर्थना है ।।३४।।

इमं च मे अत्थि पभूयमण्णं,
तं भुंजसू अम्ह अणुग्गहट्ठा ।
बाढं त्ति पडिच्छइ भत्त-पाणं,
मासस्स उ पारणए महप्पा।।३५।।

अन्नादि है प्रचुर देय सरूपसत्या
स्वीकार ले, मम अनुग्रह के लिए ही ।
माना तुरन्त मुनि ने करुणापरीत्त
मासादि पारण निमित्त विशुद्ध जान ।।३५।।

तहियं गंधोदय-पुप्फवासं,
दिव्वा तहिं वसुहारा य वुट्ठा ।
पहयाओ दुंदुहीओ सुरेहिं,
आगासे अहोदाणं य घुट्ठं।।३६।।

देवादि ने तब सुगन्धित पुण्य-वारि-
पर्याप्त दिव्य धन की परिवर्षणा की ।
वाद्यादि दुन्दुभि बजी नभ में विशिष्ट-
चर्चा सुदेव करते, शुभ दान की हैं ।।३६।।

सक्खं खु दीसइ तवो-विसेसो,
ण दीसई जाइ-विसेस कोई ।
सोवाग-पुत्तं हरिएस साहू,
जस्सेरिसा इड्ढि महाणुभागा।।३७।।

प्रत्यक्ष दीख पड़ती गरिमा तपों की
ना जाति का गुण रहा, न विशेषता ही ।
ऋद्धि प्रपूर्ण हरिकेश चमत्कृती है
चाण्डाल पुत्र फिर भी यशसावदात ।।३७।।

किं माहणा जोइ समारंभंता,
उदएण सोहिं बहिया विमग्गहा ।
जं मग्गहा बाहिरियं विसोहिं,
ण तं सुइट्ठं कुसला वयंति।।३८।।

विप्रो ! न शुद्धि, यजनार्जित दोष ही है
बाह्यादि रूप जल से, यदि चाहते हो ।
होगा न लाभ कुछ भी मनोऽर्थ सिद्धि
ऐसा कहा विमल बुद्धि जिनेश्वरों ने ।।३८।।

कुसं च जूवं तण-कट्ठ-मग्गिं,
सायं च पायं उदगं फुसंता ।
पाणाइं भूयाइं विहेडयता,
भुज्जो वि मंदा पकरेह पावं।।३९।।

दर्भादि-यूपतृणकाष्ठजलादि योग-
अग्नि प्रदीपन-विधी नहि बोध कार्य ।
वो मन्द बुद्धि नर की दुरिताचरी है
जीवातिपातनकरी ध्रुव बन्ध-हेतु ।।३९।।

कहं चरे भिक्खु वयं जयामो,
पावाइं कम्माइं पुणोल्लयामो ।
अक्खाहि णे संजय जक्ख-पूइया,
कहं सुइट्ठं कुसला वयंति।।४०।।

हे भिक्षु ! हो किस विधी नित सत्प्रवृत्ति
कैसे करें यजन, पाप निराकृती हो ।
हे यक्ष पूजित ! सुसंयत साधनार्थी!
देवे, विबोध हमको वह यज्ञ कैसा ? ।।४०।।

छज्जीवकाए असमारभंता,
मोसं अदत्तं च असेवमाणा ।
परिग्गहं इत्थिओ माण-मायं,
एयं परिण्णाय चरंति दंता।।४१।।

स्वान्तादि इन्द्रिय सुसंयम से प्रशस्त
पृथ्व्यादि जीव छह की करते सुरक्षा ।
अस्तेय सत्य व परिग्रह संग योषित्-
माया व मान सबके परिहारकारी ।।४१।।

सुसंवुडो पंचहिं संवरेहिं,
इह जीवियं अणवकंखमाणो ।
वोसट्ठकाया सुइ चत्तदेहा,
महाजयं जयई जण्णसिट्ठं।।४२।।

जो पांच संवर सुपूरित, संवृती है
कांक्षाविहीन तनु का ममकारहारी ।
एवम् पवित्र मन है, नहि वासनाऐं
वे श्रेष्ठ यज्ञ धन का अधिकार पाते ।।४२।।

के ते जोई के य ते जोइठाणे,
का ते सुया किं य ते कारिसंगं ।
एहा य ते कयरा संति भिक्खू,
कयरेण होमेण हुणासि जोइं।।४३।।

है कौन अग्नि ? कहिए ? पद भी बतायें ?
दिव्य स्रुवादि धृत छेपक कौन सा है ? ।
बहि प्रदीप्त कर कौन करीष-रूप
क्या शांत पाठ ? विधि से हवन प्रकार ? ।।४३।।

तवो जोई जीवो जोइठाणं,
जोगा सुया सरीरं कारिसंगं ।
कम्मेहा संजमजोगसंती,
होमं हुणामि इसिणं पसत्थं।।४४।।

है अग्नि उन्नतिकरी द्विविधा तपस्या
संस्थानजीव उसका स्रुवयोग तीनों ।
काया करीष समिधादि विभिन्न कर्म
है शान्ति पाठ परिसंयम दिव्य यज्ञ ।।४४।।

के ते हरए के य ते संतितित्थे,
कहिं सिणाओ व रयं जहासि ।
आइक्ख णे संजय जक्ख-पूइया,
इच्छामो णाउं भवओ सगासे।।४५।।

हे यक्ष पूजित ! सुसंयति पूर्ण साधो !
है कौन-सा ह्रद विशिष्ट व शान्तितीर्थ ।
मालिन्य दूर करता वह कौन थान ?
जिज्ञासु-भाव-भृत हूँ, हित कामना से ।।४५।।

धम्मे हरए बम्भे संति-तित्थे,
अणाविले अत्त-पसण्ण लेसे ।
जहिं सिणाओ विमलो विसुद्धो,
सुसीइ-भूओ पजहामि दोसं।।४६।।

है आत्मभाव युत मोद शुभादि लेश्या-
से युक्त धर्म मम पावन है तडाग-।
है तीर्थ शुद्ध परिपावन वम्मचर्य-
निर्मान्त कर्म रज दूर करूँ सदैव ।।४६।।

एयं सिणाणं कुसलेहि दिट्ठं
महासिणाणं इसिणं पसत्थं ।
जहिं सिणाया विमला विसुद्धा,
महारिसी उत्तमं ठाणं पत्ते।।४७।।

पूर्वोक्त को सतत पावन धर्म माना
हैं ये प्रशस्त नित मज्जन संयमी का ।
संशुद्ध रूप बन के मुनि तो पुनीत
होते प्रपन्न विपधि से विनिमुक्ति धाम ।।४७।।

१३ अध्ययन : चित्र–सम्भूतीय

अध्ययन–सूत्र संकेत

- इस अध्ययन का नाम 'चित्र–सम्भूतीय' है। इसमें चित्र और सम्भूत, इन दोनों के पाच जन्मों तक लगातार भ्रातृ–सम्बन्ध का और छठे जन्म मे पूर्वजन्मकृत सयम की आराधना एवं विराधना के फलस्वरूप पृथक्–पृथक् स्थान, कुल, वातावरण आदि का चित्रण करते हुए विसम्बन्ध (वियोग) का संवाद द्वारा निरूपण है।
- चित्र और सम्भूत दोनो की ओर से पूर्वभव में संयम की आराधना और विराधना का फल बता कर साधु–साध्वीगण के लिए प्रस्तुत अध्ययन एक सुन्दर प्रेरणा दे जाता है। चित्र मुनि और ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती दोनों अपनी–अपनी त्याग और भोग की दिशा मे एक दूसरे को खींचने के लिए प्रयत्नशील हैं, किन्तु कामभोगो से सर्वथा विरक्त, सांसारिक सुखों के स्वरूपज्ञ चित्रमुनि अपने संयम में दृढ रहे, जबकि ब्रह्मदत्त गाढ चारित्रमोहनीयकर्मवश त्याग–संयम की ओर एक इंच भी न बढ़ा।
- बौद्ध ग्रन्थों मे भी इसी से मिलता–जुलता वर्णन मिलता है।

१३. चित्र सम्भूतीय

जाई पराजिओ खलु कासि,
णियाणं तु हत्थिण-पुरम्मि ।
चुलणीए बंभदत्तो,
उववण्णो पउम-गुम्माओ।।१।।

सम्भूत जाति पद से मुनि हार पाके
चक्रित्व का जब किया, मन में निदान-।
तो पद्म गुल्म मधि देव बने वहाँ पै
आये, तथैव चुलनी गृह ब्रह्मदत्त ।।१।।

कम्पिल्ले सम्भूओ चित्तो,
पुण जाओ पुरिम-तालम्मि ।
सेट्ठि-कुलम्मि विसाले,
धम्मं सोऊण पव्वइओ।।२।।

काम्पिल में प्रथम चित्त तथा द्वितीय-
भाई स्वयं पुरिमताल विशाल रूप ।
सम्भ्रान्त सेठ कुल में, जनमें यशस्वी
धर्मोपदेश सुनके, पर थे विरक्त ।।२।।

कंपिल्लम्मि य णयरे,
समागया दो वि चित्त-संभूया ।
सुह-दुक्ख-फल-विवागं,
कहेंति ते एक्क-मेक्कस्स।।३।।
चक्कवट्टी महिड्ढीओ,
बंभदत्तो महायसो ।
भायरं बहुमाणेणं,
इमं वयण-मब्बवी।।४।।

दोनों सहोदर मिले, विधि योग मुक्त-
की बातचीत सुख दुःख विपाककारी ।
चक्री समृद्ध सुतरां यशसावदात,
बोले, स्वबन्धु जन से, बहुमानपूर्ण ।।३-४।।

आसीमो भायरा दोवि,
अण्ण-मण्ण-वसाणुगा ।

दोनों परस्पर रहे मिलके सदैव
पूर्णानुरक्ति पलती कलिताभिराम ।

१३ अध्ययन : चित्र-सम्भूतीय

अध्ययन–सूत्र संकेत

- इस अध्ययन का नाम 'चित्र–सम्भूतीय' है। इसमें चित्र और सम्भूत, इन दोनों के पाच जन्मों तक लगातार भ्रातृ–सम्बन्ध का और छठे जन्म मे पूर्वजन्मकृत सयम की आराधना एवं विराधना के फलस्वरूप पृथक्–पृथक् स्थान, कुल, वातावरण आदि का चित्रण करते हुए विसम्बन्ध (वियोग) का संवाद द्वारा निरूपण है।
- चित्र और सम्भूत दोनो की ओर से पूर्वभव में संयम की आराधना और विराधना का फल बता कर साधु–साध्वीगण के लिए प्रस्तुत अध्ययन एक सुन्दर प्रेरणा दे जाता है। चित्र मुनि और ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती दोनों अपनी–अपनी त्याग और भोग की दिशा में एक दूसरे को खींचने के लिए प्रयत्नशील है, किन्तु कामभोगों से सर्वथा विरक्त, सांसारिक सुखों के स्वरूपज्ञ चित्रमुनि अपने संयम मे दृढ रहे, जबकि ब्रह्मदत्त गाढ चारित्रमोहनीयकर्मवश त्याग–संयम की ओर एक इंच भी न बढा।
- बौद्ध ग्रन्थों में भी इसी से मिलता–जुलता वर्णन मिलता है।

१३. चित्र सम्भूतीय

जाई पराजिओ खलु कासि,
णियाणं तु हत्थिण-पुरम्मि ।
चुलणीए बंभदत्तो,
उववण्णो पउम-गुम्माओ।।१।।

सम्भूत जाति पद से मुनि हार पाके
चक्रित्व का जब किया, मन में निदान-।
तो पद्म गुल्म मधि देव बने वहाँ पै
आये, तथैव चुलनी गृह ब्रह्मदत्त ।।१।।

कम्पिल्ले सम्भूओ चित्तो,
पुण जाओ पुरिम-तालम्मि ।
सेट्ठि-कुलम्मि विसाले,
धम्मं सोऊण पव्वइओ।।२।।

काम्पिल में प्रथम चित्त तथा द्वितीय-
भाई स्वयं पुरिमताल विशाल रूप ।
सम्भ्रान्त सेठ कुल में, जनमें यशस्वी
धर्मोपदेश सुनके, पर थे विरक्त ।।२।।

कंपिल्लम्मि य णयरे,
समागया दो वि चित्त-संभूया ।
सुह-दुक्ख-फल-विवागं,
कहेंति ते एक्क-मेक्कस्स।।३।।
चक्कवट्टी महिड्ढीओ,
बंभदत्तो महायसो ।
भायरं बहुमाणेणं,
इमं वयण-मब्बवी।।४।।

दोनों सहोदर मिले, विधि योग मुक्त-
की बातचीत सुख दुःख विपाककारी ।
चक्री समृद्ध सुतरां यशसावदात,
बोले, स्वबन्धु जन से, बहुमानपूर्ण ।।३-४।।

आसीमो भायरा दोवि,
अण्ण-मण्ण-वसाणुगा ।

दोनों परस्पर रहे मिलके सदैव
पूर्णानुरक्ति पलती कलिताभिराम ।

अण्ण-मण्ण मणुरत्ता,
अण्ण-मण्ण हिएसिणो।।५।।

भ्रातृत्व भाव परिभूषित भावना थी
आदर्श रूप हितकार विशेष भी थे ।।५।।

दासा दसण्णे आसी,
मिया कालिंजरे णगे ।
हंसा मयंग-तीरे य,
सोवागा कासि-भूमिए।।६।।

दोनों दशार्णपुर दास-सरूपधारी
कालिंजराभिध गिरी मृग रूपता थी ।
गंगा तटादि पर, हंस व काशि देश-
चाण्डाल के गृह विशेष रहे हुए थे ।।६।।

देवा य देव-लोगम्मि,
आसि अम्हे महिड्डिया ।
इमा णो छड्डिया जाई,
अण्ण-मण्णेण जा विणा।।७।।
कम्मा णियाण-प्पगडा,
तुमे राय ! विचिंतिया ।
तेसिं फल-विवागेण,
विप्पओग-मुवागया।।८।।

थे ऋद्धि पूर्ण अमरादि सरूप सौम्य-
है षष्ठ जन्म पर भाव समन्विती से ।
तेरे निदान कृत कर्म विशेष से ही-
पैदा हुए, अलग से विधि का विपाक ।।७-८।।

सच्च-सोय-प्पगडा,
कम्मा मए पुरा कडा ।
ते अज्ज परिभुंजामो,
किणु चित्ते वि से तहा?।।९।।

हे चित्त ! पूर्वकृत कर्म विशेष से ही-
मैं सत्य शुद्ध फल में उपभोग रक्त,।
क्या भावना भर रहे, तुम भी तथैव ?
स्पष्ट प्रकाश पथ की परिकामना है ।।९।।

सव्वं सुचिण्णं सफलं णराणं,
कडाण कम्माण ण मोक्ख अत्थि ।
अत्थेहि कामेहि य उत्तमेहिं,
आया ममं पुण्ण-फलोववेए।।१०।।

पाते, समाचरित कर्म विपाक को भी-
होता तथा न फल भोग, किये विमुक्ति ।
सर्वोत्तमार्य अरु धर्म विशिष्ट आत्मा
मेरी सदा सुकृत संभृत भी रही है ।।१०।।

जाणासि संभूय ! महाणुभागं,
महिड्डियं पुण्ण-फलोववेयं ।

सम्भूत ! आत्म सम भाग्य विशेषशाली-
ओऋद्ध पुण्य फल से कलितावधान ।

चित्तं वि जाणाहि तहेव रायं,
इड्ढी जुई तस्स वि यप्पभूया।।११।।

जानो विचित्र रचनामय चित्त को भी
उद्योत ऋद्धि सुषमालसती यहाँ भी ।।११।।

महत्थरूवा वयण-प्पभूया,
गाहाणुगीया णर संघमज्झे ।
जं भिक्खुणो सील-गुणोववेया,
इहं जयंते समणोमि जाओ।।१२।।

मैंने महार्थ थिविरादि निदिष्ट सार-
गाथा सुनी, जन समूह समेत दिव्य-।
संशील और गुण से युत हो विशेष-
श्रामण्य का पथ लिया, शिव सौख्यकारी ।।१२।।

उच्चोदए महु कक्के य बम्भे,
पवेइया आवसहा य रम्मा ।
इमं गिहं चित्त धणप्पभूयं,
पसाहि पंचाल-गुणोववेयं।।१३।।

उच्चोदयादि रमणीय अनेक रूप
प्रासादवृन्द उपहार सरूप चित्त ।
पांचाल के गृह उपस्थित है समृद्ध-
स्वीकार हो, सुखद सज्जित काम्यरम्य ।।१३।।

णट्टेहि गीएहि य वाइएहिं,
णारी जणाइं परिवारयंतो ।
भुंजाहि भोगाइं इमाइ भिक्खू,
मम रोयई पव्वज्जा हु दुक्खं।।१४।।

नाट्य प्रसंग अरु गीत व वाद्य योषित्-
पूरे घिरे, नित करो, उपभोग को भी ।
है ये तुझे प्रिय, न संयम सौख्यकारी
सत्यार्थ जान अब लों, दुख है प्रवज्या ।।१४।।

तं पुव्व-णेहेण कयाणुरागं,
णराहिवं कामगुणेसु गिद्धं ।
धम्मस्सिओ तस्स हियाणुपेही,
चित्तो इमं वयण-मुदाहरित्था।।१५।।

धर्मार्थ तत्त्वविद माहन सद् हितैषी
प्राग् जन्म नेह भृत रंजित चारुचित्त ।
संशान्त चित्रमुनि ने करुणासुधा से
कामोपभोग भव में, नृप को कहायो ।।१५।।

सव्वं विलवियं गीयं,
सव्वं णट्टं विडंबियं ।
सव्वे आभरणा भारा,
सव्वे कामा दुहावहा।।१६।।

संगीत बोध सब ही परिलापतुल्य-
नृत्यादि नाटक कहा भ्रमणा प्रपूर्ण ।
आभूषणादिक तथा अतिभारकारी-
है काम भोग अति रंजित दुःखदायी ।।१६।।

बालाभिरामेसु दुहावहेसु,
ण तं सुहं कामगुणेसु रायं ।
विरत्त-कामाण तवो-धणाणं,
जं भिक्खुणं सीलगुणे रयाणं।।१७।।

बाल प्रिय प्रबल से कलकाम सारे,
है दुःख पूर्ण पल भी, दिखता न सौख्य।
जेता स्मरारि विमुमुक्षु जहाँ कही भी-
पाता विशेष सुख को, जग में अपूर्व ।।१७।।

नरिंद ! जाई अहमा णराणं,
सोवाग-जाई दुहओ गयाणं ।
जहिं वयं सव्व-जणस्स वेस्सा,
वसीअ सोवागणिवेसणेसु।।१८।।
तीसे य जाईइ उ पावियाए,
वुच्छामु सोवाग-णिवेसणेसु ।
सव्वस्स लोगस्स दुगंछणिज्जा,
इहं तु कम्माइं पुरे कडाइं।।१६।।

चाण्डाल जाति कुल में जनमे कभी थे
पायी वहाँ नित, तिरस्कृति भी अपार।
श्रेष्ठत्व है मिल रहा, इस जन्म में जो-
हैं ये विपाक शुभ कर्म समाश्रिती के ।।१८-१६।।

सो दाणिसिं राय! महाणुभागो,
महिड्ढिओ पुण्ण-फलोववेओ ।
चइत्तु भोगाइं असासयाइं,
आयाणहेउं अभिणिक्खमाहि।।२०।।

राज्याप्ति पुण्य चय से तुमको मिली है
सम्पन्नता विपुल पास विराजती है ।
त्यागो अशाश्वत अरे ! परिभोग सारे
संयाम में रमण के हित भावना हो ।।२०।।

इह जीविए राय ! असासयम्मि,
धणियं तु पुण्णाइं अकुव्वमाणो ।
से सोयइ मच्चु-मुहोवणीए,
धम्मं अकाऊण परम्मि लोए।।२१।।

जो पुण्य कार्य नर जीवन में करे, ना
वो मृत्यु के समय में परिताप पाता ।
ऐसे समाचरित धर्म नहीं यथावत्-
तो अन्यलोकगत जीव न चैन पाता ।।२१।।

जहेह सीहो व मियं गहाय,
मच्चू णरं णेइ हु अंतकाले ।
ण तस्स माया व पिया व भाया,
कालम्मि तंमिसहरा भवंति।।२२।।

जैसे मृगेन्द्र मृग को जकड़े विशेष-
वैसे यहाँ रमण की बनती अवस्था ।
माता पिता प्रिय वयस्य सुदारवन्धु-
पंचत्व के क्षण नहीं, करते सहाई ।।२२।।

ण तस्स दुक्खं-विभयंति णाइओ,
ण मित्तवग्गा ण सुया ण बंधवा ।
एक्को सयं पच्चणुहोइ दुक्खं,
कत्तारमेव अणुजाइ कम्मं।।२३।।

पुत्रादि मित्र अरु बन्धु दुखादिकों में
कोई न भाग लहता ध्रुव सत्य है ये ।
भोगें स्वयं नर यहाँ दुख है अकेला
कर्मानुसार फल है मिलता यथार्थ ।।२३।।

चिच्चा दुपयं च चउप्पयं च,
खेत्तं गिहं धण-धण्णं य सव्वं ।
सकम्म-बीओ अवसो पयाइ,
परं भवं सुंदर पावगं वा।।२४।।

सम्पूर्ण धान्य धन और चतुष्पदादि-
क्षेत्र द्विपाद भवनादि-समस्त वस्तु-।
को छोड़ के विवश हो, परलोक जाता
पाता, जहाँ सुख दुःखादिक कर्म से है ।।२४।।

तं एक्कगं तुच्छ-सरीरगं से,
चिईगयं दहिय उ पावगेण ।
भज्जा य पुत्ता वि य णायओ वा,
दायारमण्णं अणुसंकमंति।।२५।।

चैतन्य शून्य शव को अनलादि से ही
दग्ध-प्रदग्ध करते ममताविहीन ।
सम्बन्ध छोड़, तृण तोड़, जलांजली दे
अन्यश्रिती श्रयण हैं, करते समग्र ।।२५।।

उवणिज्जई जीविय-मप्पमायं,
वण्णं जरा हरइ णरस्स रायं ।
पंचालराया ! वयणं सुणाहि,
मा कासी कम्माइं महालयाइं।।२६।।

कर्मादि की सजगता निज जिन्दगी को-
घात-अघात करती तन कान्तिहारी ।
पांचाल राज ! मम भाव सुनो विशेष
क्यों ? पापकर्म करते, पथहीनता से ।।२६।।

अहंवि जाणामि जहेह साहू,
जं मे तुमं साहसि वक्कमेयं ।
भोगा इमे संगकरा हवंति,
जे दुज्जया अज्जो अम्हा-रिसेहिं।।२७।।

हे आर्य ! आप कहते, निज भाव को जो-
वे सत्य रूप, उसमें नहि अन्यथा है ।
ये भोग राग भव बन्धन के निदान
दुर्जेय हैं, विषय लोभ-समाश्रयों में ।।२७।।

हत्थिणपुरम्मि चित्ता !
दट्ठूणं णरवइं महिड्ढियं ।
काम-भोगेसु गिद्धेणं,
णियाणमसुहं कडं।।२८।।

हे चित्त ! हस्ति नगरी मघिराजराज-
चक्रित्व लब्ध धन धान कदम्बयुक्त ।
भोगादि सक्त नृप को लख के निदान
मैंने किया, अशुभ से सृतिबद्धता है ।।२८।।

तस्स मे अपडिक्कन्तस्स,
इमं एयारिसं फलं ।
जाणमाणो वि जं धम्मं,
कामभोगेसु मुच्छिओ।।२६।।

मैंने न की विहित की मन से विशुद्धि
पाया, यहाँ पर फलादि विरुद्ध रूप ।
मैं जानता वर महापथ शुद्ध धर्म-
तो भी निरा निरत मूर्च्छित भोग में हूँ ।।२६।।

णागो जहा पंक जलावसण्णो,
दट्ठुं थलं णाभिसमेइ तीरं ।
एवं वयं कामगुणेसु गिद्धा,
ण भिक्खुणो मग्गमणुव्वयामो।।३०।।

जैसे महागज निमग्न अपार पंक-
देखे, समीप तट को, गति शून्य होता ।
वैसे सशक्त बनके जग मध्य में हूँ
संसाधनापरक मार्ग न, गम्यशील ।।३०।।

अच्चेइ कालो तरंति राइओ,
ण यावि भोगा पुरिसाण णिच्चा ।
उविच्च भोगा पुरिसं चयंति,
दुमं जहा खीणफलं व पक्खी।।३१।।

जाता दिवा गति मती रजनी, मनुष्य-
कामादि शाश्वत कभी मिलते नहीं हैं-।
भोगादिसक्त नर को तजते तथैव-
जैसे खगादि फलहीन महीरुहो को ।।३१।।

जइ तं सि भोगे चइउं असत्तो,
अज्जाइं कम्माइं करेहि रायं !
धम्मे ठिओ सव्वपयाणुकंपी,
तो होहिसि देवो इओ विउव्वी।।३२।।

राजन् ! न भोग तजते, कर आर्यकर्म-
होवे प्रजा हितमयी स्थिति धर्मपूर्ण ।
संप्राप्त हो, विबुध का पद भी मनोज्ञ
कारुण्य से कलित मानस हो त्वदीय ।।३२।।

ण तुज्झ भोगे चइऊण बुद्धी,
गिद्धो सि आरम्भ-परिग्गहेसु ।
मोहं कओ एत्तिउ विप्पलावो,
गच्छामि रायं ! आमन्तिओसि।।३३।।

ना भोग मुक्त, मति, सक्त परिग्रहों में
आरम्भ में रत सदा पतनोन्मुखी हो ।
तो व्यर्थ वाक् चरण-बोधि विचार चर्चा
राजन् ! निराश बनके गतिमान होता ।।३३।।

पंचालराया वि य बंभदत्तो,
साहुस्स तस्स वयणं अकाउं ।
अणुत्तरे भुंजिय कामभोगे,
अणुत्तरे सो णरए पविट्ठो।।३४।।

पांचाल भूप, मुनि के वचनादिकों का-
न ध्यान ही कुछ दिया, अवमानना की ।
पाके विशेषतम ही परिभोग सारे-
पाई, निराश्रित गती, मर नारकी की ।।३४।।

चित्तो वि कामेहिं विरत्तकामो,
उदग्गचारित्त-तवोमहेसी ।
अणुत्तरं संजम पालइत्ता,
अणुत्तरं सिद्धिगइं गओ।।३५।।

हो काम से विरत, चित्त महातपस्वी-
निर्दोष संयम महापथ के पथी हो ।
कर्मादि का क्षय किया शुचि साधना से-
पाई अनुत्तर गती, शिवसाधकों की ।।३५।।

१४ अध्ययन : इषुकारीय

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम है–इषुकारीय। इसमें भृगु पुरोहित के कुटुम्ब के निमित्त से 'इषुकार' राजा को प्रतिबोध मिला है और उसने आर्हतशासन में प्रव्रजित होकर मोक्ष प्राप्त किया है। इस प्रकार के वर्णन को लेकर इषुकार राजा की लौकिक प्रधानता के कारण इस अध्ययन का नाम 'इषुकारीय' रखा गया है।
- इस अध्ययन के प्रमुख पात्र है–महाराज इषुकार, रानी कमलावती, पुरोहित भृगु, पुरोहितपत्नी यशा तथा पुरोहित के दो पुत्र।
- इसमे ब्राह्मणसंस्कृति की कुछ मुख्य परम्पराओं का उल्लेख पुरोहितकुमारो और पुरोहित के संवाद के माध्यम से किया है।
- इसमें प्राचीनकालिक एक सामाजिक परम्परा का उल्लेख भी है कि जिस व्यक्ति का कोई उत्तराधिकारी नही होता था या जिसका सारा परिवार गृहत्यागी श्रमण बन जाता था, उसकी धनसम्पत्ति पर राजा का अधिकार होता था। इस परम्परा को रानी कमलावती ने निन्द्य बताकर राजा की वृत्ति को मोडा है।
- अन्तिम 5 गाथाओं मे राजा–रानी के प्रव्रजित होने, तप–संयम मे घोर–पराक्रमी बनने तथा पुरोहितपरिवार के चारों सदस्यों के द्वारा मुनिजीवन स्वीकार करके तप–सयम द्वारा मोहमुक्त एवं सर्वकर्ममुक्त बनने का उल्लेख है।
- कुल मिला कर इस अध्ययन से पुनर्जन्मवाद की पुष्टि होती है तथा ब्राह्मण–श्रमण परम्परा की मौलिक मान्यताओं तथा तत्कालीन सामाजिक परम्परा का स्पष्ट चित्र सामने आ जाता है।

१४. इषुकारीय

देवा भवित्ताण पुरे भवम्मि,
केई चुया एग-विमाणवासी ।
पुरे पुराणे उसुयारणामे,
खाए समिद्धे सुरलोग-रम्मे।।१।।

सम्यक् सुरम्य सुरलोक समान ऋद्ध
प्रख्यात लोकतल में इषुकार वास ।
प्राग् जन्म के विपुल एक विमानवासी
देवायुपूर्ण करके कुछ जीव आये ।।१।।

सकम्मसेसेण पुराकएणं,
कुलेसु-दग्गेसु य ते पसूया ।
णिव्विण्ण संसार भया जहा य,
जिणिंद-मग्गं सरणं पवण्णा।।२।।

प्राचीन कर्म गति की अवशिष्टता से-
सर्वोच्च धर्म कुल में जनमे यथार्थ-।
संसार के भय विशेष विराग युक्त-
निर्ग्रन्थ का पथ लिया, हित कामना से ।।२।।

पुमत्त-मागम्म कुमार दो वि,
पुरोहिओ तस्स जसा य पत्ती ।
विसाल-कित्ती य तहेसुयारो,
रायत्थ देवी कमलावई य।।३।।

पत्नी यशा अरु पुरोहित दो कुमार-
राज्ञी सुनाम कमला, इषुकार राजा ।
सम्बद्ध ये निज परस्पर भावना से-
षट् संख्य जीव परिबद्ध हुए मनस्वी ।।३।।

जाई जरा-मच्चुभयाभिभूया,
बहिं विहाराभि-णिविट्ठचित्ता ।
संसारचक्कस्स विमोक्खणट्ठा,
दट्ठूण ते कामगुणे विरत्ता।।४।।

मोक्षाभिकृष्ट मुनि दर्शन से कुमार-
अन्तःप्रवृत्ति-भृति जन्म जराभिभूत ।
सम्पन्न संसृति विकार विमुक्ति पाने-
कामादि दोष चय से, विरतार्थ-जागे ।।४।।

पिय-पुत्तगा दोण्णि वि माहणस्स,
सकम्म सीलस्स पुरोहियस्स ।
सरित्तु पोराणिय तत्थ जाइं,
तहा सुचिण्णं तव-संजमं च।।५।।

यागादि कर्म परिपूत तदात्मजों ने-
पूर्वाभिजन्म भव कालिक संयमों से-।
संसार भीत परिहान निदान रूप-
पाया, विमुक्ति पथ हेतु, विरागभाव ।।५।।

ते काम-भोगेसु असज्जमाणा,
माणुस्सएसु जे यावि दिव्वा ।
मोक्खाभिकंखी अभिजाय सड्ढा,
तायं उवागम्म इमं उदाहु।।६।।

कामादि से विरत हो, शिव साधना भृत्
श्रद्धा प्रपन्न, सविशेष तदात्मजों ने-
आके, पिता निकट, ये विनिवेदना की-
संयामपूर्ण रत हों, मन की अभीप्सा ।।६।।

असासयं दट्ठु इमं विहारं,
बहु-अंतरायं ण य दीहमाउं ।
तम्हा गिहंसि ण रइं लभामो,
आमंतयामो चरिस्सामु मोणं।।७।।

है जिन्दगी सतत नश्वर चिन्तनीय-
स्वल्पायु भी विरस विघ्न भरा हुआ है ।
है गेह में न सुख, भोग विरक्ति पाने
साधुत्व में रमण की मन में समीहा ।।७।।

अह तायगो तत्थ मुणीण तेसिं,
तवस्स वाघायकरं वयासी ।
इमं वयं वेयविओ वयंति,
जहा ण होइ असुयाण लोगो।।८।।

जाना, कुमार मुनि भव्य विचार शुद्ध-
त्यों ही तपो-विधि-विघात किया पिता ने ।
वेदज्ञ पंथ यह है बिन पुत्र सत्य-
होती न, मुक्ति, नर की मुनि-धर्मता क्यों ? ।।८।।

अहिज्ज वेए परिविस्स विप्पे,
पुत्ते परिट्ठप्प गिहंसि जाया ।
भोच्चाण भोए सह इत्थियाहिं,
आरण्णगा होइ मुणी पसत्था।।९।।

वेदादि बोध जन से द्विज तृप्तिपूर्ण-
हो सौख्य भोग नित दार परिग्रही हो ।
उत्पन्न पुत्र करके गृह भार देके-
आरण्य वास करना तव है प्रशस्त-।।९।।

सोयग्गिणा आय-गुणिंधणेणं,
मोहाणिला पज्जलणाहिएणं ।
संतत्तभावं परितप्पमाणं,
लालप्पमाणं बहुहा बहुं च।।१०।।

रागादि ईन्धन सहाय विमोह रूप
वायु प्रदीप्त बहु शोक हुताशनाप्त ।
दीनातिदीन बनके विनयाभिभूत
हो व्यग्र तात कहते, उचितानभिज्ञ ।।१०।।

पुरोहियं तं कमसोऽणुणंतं,
णिमंतयंतं च सुए धणेणं ।
जहक्कमं कामगुणेहिं चेव,
कुमारगा ते पसमिक्ख वक्कं।।११।।

लोकाभिसक्ति पथ दर्शक तात होके
द्रव्यार्जनादि विषयार्थ निमन्त्रणी हो ।
जाते विमार्ग पर देख तभी सुतों ने
सम्यक् विचार करके विनिवेदना की ।।११।।

वेया अहीया ण हवंति ताणं,
भुत्ता दिया-णिन्ति तमं तमेणं ।
जाया य पुत्ता ण हवंति ताणं,
को णाम ते अणुमण्णेज्ज एयं।।१२।।

वेदादि पाठ पढ़ने पर भी, न रक्षा
याग क्रियावलित, विप्र सु मुक्ति से भी ।
न त्राण सम्भव निजान्वय जात से भी
कैसे पिता, वचन की अनुमोदना हो ? ।।१२।।

खणमित्त सुक्खा बहुकाल दुक्खा,
पगाम दुक्खा अणिगाम सुक्खा ।
संसारमोक्खस्स विपक्खभूया,
खाणी अणत्थाण उ कामभोगा।।१३।।

ये कामभोग पल मात्र सुखाप्तिकारी
एवम् चिरन्तन निरन्तर दुःखदायी ।
है स्वेष्ट साधक कहाँ परितापहारी
संसार मुक्ति परिबाधक है विशेष ।।१३।।

परिव्वयंते अणियत्त कामे,
अहो य राओ परितप्पमाणे ।
अण्णप्पमत्ते धणमेसमाणे,
पप्पोति मच्चुं पुरिसो जरं च।।१४।।

जो कामना अपरिमुक्त अवृत्तिशील
भ्रान्तादिदोष दयनीय सुतापतप्त ।
होके प्रमत्त, नित वित्त विपन्न जीव
पाता, अवश्य निधनादि अतर्क्य रूप ।।१४।।

इमं च मे अत्थि इमं च णत्थि,
इमं च मे किच्च इमं अकिच्चं ।
तं एवमेवं लालप्पमाणं,
हरा हरंति त्ति कहं पमाओ?।।१५।।

है पास में यह नहीं, अपने समीप-
ये कार्य रूप अथवा करणीय नैव ।
ऐसा प्रलाप करना यम यातना है
तो क्यों ? प्रमाद सरणी, विषम स्थिती में ।।१५।।

धणं पभूयं सह इत्थियाहिं,
सयणा तहा कामगुणा पगामा ।
तवं कए तप्पइ जस्स लोगो,
तं सव्व साहीण-मिहेव तुब्भं।।१६।।

संप्राप्ति के हित यहाँ करते तपस्या
पर्याप्त वैभव विभिन्न विभोगदार-।
स्वाधीन हो विपुल रूप सभी मिले हैं
क्यों त्याग लोक बननायति चाहते हो ? ।।१६।।

धणेण किं धम्म-धुराहिगारे,
सयणेण वा कामगुणेहिं चेव ।
समणा भविस्सामु गुणोहधारी,
बहिं विहारा अभिगम्म भिक्खं।।१७।।

धर्माधिकार परिलब्ध न चाहता है
वित्तादि भोग विषयादिक बन्धु वर्ग ।
संशुद्ध गोचरचरी गुण वन्त होके
सम्यक् विहार करना हम चाहते हैं ।।
(श्रामण्य धर्म धरना रुचि से सुहाता)

जहा य अग्गी अरणी असंतो,
खीरे घयं तेल्ल महातिलेसु ।
एमेव जाया सरीरंसि सत्ता,
संमुच्छइ णासई णावचिट्ठे।।१८।।

जैसे कि भू प्रकट दारव अग्नि होती
है दुग्ध से घृत तथा तिल में सनेह ।
वैसे शरीर मधि जीव विनाशशील
कायादि नाश पर, जीव न शेष होता ।।

णो इंदियग्गेज्झ अमुत्तभावा,
अमुत्त भावा वि य होइ णिच्चो ।
अज्झत्थ-हेउं णिययस्स बंधो,
संसार हेउं च वयंति बंधं।।१९।।

आत्मा अमूर्त करणादिक लभ्य ना है
अज्ञेय रूप वह नित्य कहा गया है ।
रागादि हेतु बनना परिबन्धनार्थ
संसार कारण वही विनिदिष्ट बन्ध ।।

जहा वयं धम्मं अजाणमाणा,
पावं पुरा कम्म-मकासि मोहा ।
ओरुज्झमाणा परिरक्खियंता,
तं णेव भुज्जो वि समायरामो।।२०।।

थे अज्ञ, मोह अनुबन्धन में बँधे थे
दोष-प्रलिप्त, नित वंचित तात से थे ।
संबोधि से सतत जागृत जीव अद्य
क्यों पाप-आचरण की अब हो समीहा ? ।।

अब्भाहयम्मि लोगम्मि,
सव्वओ परिवारिए ।
अमोहाहिं पडन्तीहिं
गिहंसि ण रइं लभे।।२१।।

संपीडना ग्रथित लोक अनिष्टता से
काली निशा कुहकिनी द्रुत आ रही है ।
ऐसे विकार परिपूरित देश में भी
क्यों सौख्य की ललक से, गृह में रहेंगे ? ।।

केण अब्भाहओ लोगो,
केण वा परिवारिओ ।

पुत्रो ! नहीं कथन को, हम जान पाये
कैसे समाहत बना यह लोक सारा ।

का वा अमोहा वुत्ता,	कृष्ण-प्रधान रजनी वह कौन-सी है ?
जाया ! चिंतावरो हु मे।।२२।।	चिन्ता विशेष हमको महती लगी है ।।२२।।

मच्चुणाऽब्भाहओ लोगो,	मृत्यु प्रपीडित, तथा युत है जरा से-
जराए परिवारिओ ।	दीना सदैव धिक है जग की अवस्था ।
अमोहा रयणी वुत्ता,	है रात्रि की यह अमोघ विभीषणा भी-
एवं ताय ! वियाणह।।२३।।	हे तात ! आप समझें यह विश्व रूप ।।२३।।

जा जा वच्चइ रयणी,	बीती निशा न फिर लौट सके-कदापि
ण सा पडिणियत्तई ।	कोई सहायक नहीं उसका यहाँ पै ।
अहम्मं कुणमाणस्स,	होती विधर्म परिपूरित मानवों की
अफला जंति राइओ।।२४।।	वैफल्यपूर्ण रजनी, कहते मनीषी ।।२४।।

जा जा वच्चइ रयणी,	ज्यों-ज्यों निशा निकलके नहि लौटती है
ण सा पडिणियत्तई ।	त्यों-त्यों सधर्म अनुरंजित साधकों की ।
धम्मं च कुणमाणस्स,	होती समूल्य परिपूरित ही सदैव
सफला जंति राइओ।।२५।।	साफल्य-जीवन बने, बन धर्म-सेवी ।।२५।।

एगओ संवसित्ताणं,	सम्यक्त्व से वलित हो व्रत से प्रपूर्ण
दुहओ सम्मत्त-संजुया ।	गार्हस्थ्य कार्य करके फिर साधना के-।
पच्छा जाया गमिस्सामो,	सर्वोच्च मार्ग पर आयु ढले विशिष्ट
भिक्खमाणा कुले कुले।।२६।।	साधुत्व के ग्रहण की तब भावना हो ।।२६।।

जस्सऽत्थि मच्चुणा सक्खं,	है मृत्यु मित्र जिसकी निखिलावलाषी-
जस्स वऽत्थि पलायणं ।	या जो पलायन विधायक आगती में-।
जो जाणे ण मरिस्सामि,	ना मैं, मरूं, यह विचार समर्थ जीव-
सो हु कंखे सुए सिया।।२७।।	आश्वस्त काल कल का वह हो सकेगा ।।२७।।

अज्जेव धम्मं पडिवज्जयामो,
जहिं पवण्णा ण पुणब्भवामो ।
अणागयं णेव य अत्थि किंचि,
सद्धा खमं णे विणइत्तु रागं।।२८।।

श्रद्धा-प्रधान, अरु राग-विमुक्तिकारी,
लें, आज ही मुनि सरूप विशेष दीक्षा।
होता नहीं पुनर जन्म यहाँ-जहाँ में
कोई विभोग उनमुक्त नहीं रहा है ।।२८।।

पहीणपुत्तस्स हु णत्थि वासो,
वासिट्ठिभिक्खा-यरियाइ कालो ।
साहाहि रुक्खो लहए समाहिं,
छिण्णाहि साहाहि तमेव खाणुं।।२६।।

मेरा निवास घर में सुत-हीन कैसा ?
भिक्षाचरी समय भी अब आ गया है।
शाखा समन्वित सदा तरु शोभता है
तत्भिन्न ठूंठ कहते, उसको मनस्वी ।।२६।।

पंखाविहूणो व्व जहेह पक्खी,
भिच्चा विहूणो व्व रणे णरिंदो ।
विवण्णसारो वणिओ व्व पोए,
पहीण-पुत्तो मि तहा अहंपि।।३०।।

पक्षी विहीन पख से, नृप भी चमू से
संरिक्त रम्य जल पोत, यथा विशेष ।
सम्पन्न यात्रिक बिना, असहाय होता
मैं भी, तथैव सुतहीन निरावलम्ब ।।३०।।

सुसंभिया कामगुणा इमे ते,
संपिण्डिआ अग्गरस-प्पभूया ।
भुंजामु ता कामगुणे पगामं,
पच्छा गमिस्सामु पहाणमग्गं।।३१।।

शब्दादि रूप रस से परिपूर्ण भोग-
इच्छानुरूप हमको परिलब्ध भी है ।
आनन्द लाभ करके उनका यथावत्
सर्वोच्च मुक्ति पथ पै, गमन क्रिया हो ? ।।३१।।

भुत्ता रसा भोइ ! जहाइ णे वओ,
ण जीवियट्ठा पजहामि भोए ।
लाभं अलाभं च सुहं च दुक्खं,
संचिक्खमाणो चरिस्सामि मोणं।।३२।।

भोगे, रसादि विषयादिक को सदैव-
आयु प्रकर्ष घटती रहती यहाँ है ।
लाभाद्यलाभ सुख-दुःख समान भाव
साधू विमुक्ति धन की करते अभीप्सा ।।३२।।

मा हु तुमं सोयरियाण संमरे,
जुण्णो व हंसो पडिसोत्तगामी ।
भुंजाहि भोगाइं मए समाणं,
दुक्खं खु भिक्खायरिया विहारो।।३३।।

संवृद्ध हंस सम याद न बन्धु आवें
ये वीतराग पथ इष्ट हमें नहीं हो ।
भोगे, अपार सुख संग निमग्न होके-
भिक्षाचरी दुखद और विहार भी है ।।३३।।

जहा य भोइ तणुयं भुयंगो,
णिम्मोयणिं हिच्च पलेइ मुत्तो ।
एमेए जाया पयहंति भोए,
तेऽहं कहं णाणुगमिस्समेक्को ।।३४।।

जैसे अहि त्वरित कंचुक से विमुक्त
स्वातंत्र्य से, विचरता निज रूप में ही ।
दोनों प्रबुद्ध मम पुत्र गृहादि छोड़े
क्यों मैं यहाँ पर रहूँ, सहगामिता हो ? ।।३४।।

छिंदित्तु जालं अबलं व रोहिया,
मच्छा जहा कामगुणे पहाय ।
धोरेय सीला तवसा उदारा,
धीरा हु भिक्खायरियं चरंति।।३५।।

जैसे सशक्त मछली बलहीन जाल-
को काट के, निकलती ध्रुव रोहिताख्य ।
कामादि छोड़ करके, तपते तपस्वी
भिक्षाचरी नित करें, मन से मनस्वी ।।३५।।

जहेव कुंचा समइक्क-मंता,
तयाणि जालाणि दलित्तु हंसा ।
पलेंति पुत्ता य पइय मज्झं,
तेऽहं कहं णाणुगमिस्स-मेक्का?।।३६।।

क्रौंचादि हंस परिपाश बहेलियों का,
छिन्न प्रछिन्न करके नभ चूमते हैं, ।
संयाम पै स्वपति और सुपुत्र जाते-
मैं भी, न मार्ग उनका अपना रही क्यों? ।।३६।।

पुरोहियं तं ससुयं सदारं,
सोच्चाऽभि-णिक्खम्म पहाय भोए ।
कुडुम्बसारं विउलुत्तमं य,
रायं अभिक्खं समुवाय देवी।।३७।।

सर्वस्व छोड़कर दीक्षित विप्र भी है
जाया सुपुत्र युत साधक ऋद्धिगामी ।
वित्तादि लिप्सु नृप को कमलावती ने-
उद्‌बोध संतत दिया, करुणापरीत ।।३७।।

वंतासी पुरिसो रायं !
ण सो होइ पसंसिओ ।
माहणेण परिच्चत्तं,
धणं आयाउमिच्छसि।।३८।।

राजन् ! नहीं चरण उन्नति पंथगामी,
क्यों, लिप्सु हो, द्विज कदर्थित कृतकामी ?
होता कभी न वमनादिक वस्तु भोगी-
अभ्यर्चनीय, तज दो, धन की समीहा? ।।३८।।

सव्वं जगं जइ तुहं,
सव्वं वावि धणं भवे ।
सव्वंऽवि ते अपज्जत्तं,
णेव ताणाय तं तव।।३९।।

सर्वस्व और जग भी धन से प्रपूर्ण
पाके नरेश फिर भी, नहीं तोष आता ।
होता न वैभव, कभी परिरक्षकारी
क्यों ? व्यर्थ में उलझते, इसमें व्यथा ही ।।३९।।

मरिहिसि रायं ! जया तया वा,
मणोरमे कामगुणे पहाय ।
एक्को हु धम्मो णरदेव ताणं,
ण विज्जइ अण्णमिहेह किंचि।।४०।।

राजन् ! दिवंगति विनिश्चित है यहाँ पे-
संत्याग पूर्व सुखकाम कलादिकों को ।
होगा न रक्षक कभी, धन-धान्य सारा
हो धर्म लक्ष्य परिरक्षण-हेतु भूत ।।४०।।

णाहं रमे पक्खिणी पंजरे वा,
संताणछिण्णा चरिस्सामि मोणं ।
अकिंचणा उज्जुकडा णिरामिसा,
परिग्गहारंभ णियत्तदोसा।।४१।।

जैसे खगी न सुख पिंजरबद्ध पाती-
वैसे न मोद इस जीवन में कहीं है ।
मैं नेह तोड़ सपरिग्रह हिंसना से-
होके विमुक्त यम में विचरूँ अभीप्सा ।।४१।।

दवग्गिणा जहा रण्णे,
डज्झमाणेसु जंतुसु ।
अण्णे सत्ता पमोयंति,
रागद्दोस वसं गया।।४२।।

जैसे कि आग लगती वन में विशेष
दावा विदाह कहते मतिमान विज्ञ ।
संदग्ध जन्तु-चय को लख वह्नितप्त
द्वेषादिराग करके हँसते प्रमुग्ध ।।४२।।

एवमेव वयं मूढा,
कामभोगेसु मुच्छिया ।
डज्झमाणं ण बुज्झामो,
रागद्दोसग्गिणा जगं।।४३।।

हो काम में निरत मूढ तथा प्रकार
विद्वेष की अनल में जलते सदैव ।
संबोधि की न गति का परिबोध भी है
संसार को समझना वश में नहीं है ।।४३।।

भोगे भोच्चा वमित्ता य,
लहुभूय-विहारिणो ।
आमोयमाणा गच्छंति,
दिया कामकमा इव।।४४।।

संसाधनापरक साधक भोग पाके-
एवम् विमुक्त करते कलकामना को-
आबद्धता रहित हो लघु वात होके-
पक्षी सदृक् विचरते, नभ में विरक्त ।।४४।।

इमे य बद्धा फन्दन्ति,
मम हत्थ-ऽज्जमागया ।
वयं च सत्ता कामेसु,
भविस्सामो जहा इमे।।४५।।

हे आर्य ! हस्तगत काम नहीं स्वकीय-
हैं वे क्षणी हम अभी परिवद्ध पूरे-
आसक्त हैं, न परिवन्धन से विमुक्त
होंगे, पुरोहित समान कदा जनेश ? ।।४५।।

सामिसं कुललं दिस्स,
बज्झमाणं णिरामिसं ।
आमिसं सव्व-मुज्झित्ता,
विहरिस्सामि णिरामिसा।।४६।।

मांसादि लुब्ध पर गीध अनेक आके,-
विक्रान्त हो, विजय का हित साधते हैं ।
जो हैं निरामिष यहाँ, उनको व्यथा क्या ?
होके विमुक्त विचरूं, भव कामना से ।।४६।।

गिद्धोवमे उ णच्चाणं,
कामे संसार-वड्ढणे ।
उरगो सुवण्ण-पासेव्व,
संकमाणो तणुं चरे।।४७।।

संसार-वर्धक विघातक काम भोग-
संत्याग गृद्ध सम इष्ट सदैव जाने ।
जैसे भुजंग भयभीत विशेष रूप-
सांनिध्य से गरुड के रहता सचेत ।।४७।।

णागो व्व बंधणं छित्ता,
अप्पणो वसहिं वए ।
एयं पत्थं महारायं,
उस्सुयारि त्ति मे सुयं।।४८।।

जैसे करी विपिन में परिबन्धनों से-
होके विमुक्त सुख से नित घूमता है ।
वैसे सुबोध सुन के मुनि से विशेष
रागादि छोड़कर के शिव रूपता हो ।।४८।।

चइत्ता विउलं रज्जं,
कामभोगे य दुच्चए ।
णिव्विसया णिरामिसा,
णिण्णेहा णिप्परिग्गहा।।४९।

राज्यादि सर्वभव वैभव हीन होके
दुस्त्याज्य काम गुण से परिमुक्त रूप ।
राज्ञी, नरेश विषतुल्य विकार जात
निःस्नेह और अपरिग्रह, हो गए, वे ।।४९।।

सम्मं धम्मं वियाणित्ता,
चिच्चा कामगुणे वरे ।
तवं पगिज्झ-ऽहक्खायं,
घोरं घोर-परक्कमा।।५०।।

सम्यक्‌तया समझ के यति धर्म को वे
संप्राप्त काम धन को फिर छोड़ के ही-।
आप्त प्रदिष्ट पथ पै चलते गए, वे
संयाम में निरत हो, तपते तपस्वी ।।५०।।

एवं ते कमसो बुद्धा,
सव्वे धम्म-परायणा ।
जम्म मच्चु भउव्विग्गा,
दुक्खस्सन्त-गवेसिणो।।५१।।

इत्थं क्रमानुसृति से परिबुद्ध होके-
धर्मानुरंजित बने, भव भीत भाग-।
उद्‌विग्न दुःख अपसारण के लिए ही
अध्यात्म के पथिक हो, विचरे मनस्वी ।।५१।।

सासणे विगय मोहाणं,
पुव्विं भावण - भाविया ।
अचिरेणेव कालेण,
दुक्खस्सन्त - मुवागया।।५२।।
राया सह देवीए,
माहणो य पुरोहिओ ।
माहणी दारगा चेव,
सव्वे ते परिणिव्वुडे।।५३।।

ध्याके अनित्य, शरणादि हीन भाव
आत्मा प्रभावित विशेष हुई नरेश ।
राज्ञी द्विजादिक पुराहित दार पुत्र
आर्हन्त्य में निखिल ने शिव सिद्धि पाई।।५२-५३।।

१५ अध्ययन : सभिक्षु

अध्ययन–सूत्र संकेत

- इस अध्ययन का नाम सभिक्षुक है। इसमे भिक्षु के लक्षणों का सांगोपांग निरूपण है। प्रस्तुत समग्र अध्ययन से भिक्षु के जीवनयापन की विधि का सम्यक् परिज्ञान हो जाता है।
- भिक्षु का अर्थ जैसे–तैसे सरस–स्वादिष्ट आहार भिक्षा द्वारा लाने और पेट भर लेने वाला नही है। जो भिक्षु अपने लक्ष्य के प्रति तथा मोक्षलक्ष्यी ज्ञान–दर्शन–चारित्र–तप के प्रति जागरूक नहीं होता, केवल सुख–सुविधा, पद–प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि आदि के चक्कर मे पड़कर अपने सयमी जीवन को खो देता है, वह मात्र द्रव्यभिक्षु है। वह वेश और नाम से ही भिक्षु है, वास्तविक भावभिक्षु नही है। भावभिक्षु के लक्षणों का ही इस अध्ययन मे निरूपण है।
- निर्युक्तिकार ने सच्चे भिक्षु के लक्षण ये बताए है–सद्भिक्षु रागद्वेषविजयी, मानसिक–वाचिक– कायिक दण्डप्रयोग से सावधान, सावद्यप्रवृत्ति का मन–वचन–काया से तथा कृत–कारित–अनुमोदित रूप से त्यागी होता है। वह ऋद्धि, रस और साता (सुखसुविधा) को पाकर भी उसके गौरव से दूर रहता है, माया, निदान और मिथ्यात्व रूप शल्य से रहित होता है, विकथाएँ नही करता, आहारादि संज्ञाओं, कषायो एवं विविध प्रमादो से दूर रहता है, मोह एवं द्वेष–द्रोह बढाने वाली प्रवृत्तियों से दूर रह कर कर्मबन्धन को तोडने के लिए सदा प्रयत्नशील रहता है। ऐसा सुव्रत ऋषि ही समस्त ग्रन्थियों का भेदन कर अजरामर पद प्राप्त करते हैं।

१५. सभिक्षु

मोणं चरिस्सामि समिच्च धम्मं,
सहिए उज्जु-कडे णियाण-छिण्णे ।
संथवं जहिज्ज अकाम-कामे,
अण्णाय-एसी परिव्वए स भिक्खू।।१।।

धर्मज्ञ शंसित-मुनिव्रत-धारणार्थी
होके निदान परिमुक्त ऋजु क्रियावान् ।
सम्यक् प्रबोध चय से विनिवृत्त काम
त्यागी, गवेषक, सही यति, जैन साधु ।।१।।

राओव-रयं चरेज्ज लाढे,
विरए वेय-वियाय-रक्खिए ।
पण्णे अभिभूय सव्वदंसी,
जे कम्हि वि ण मुच्छिए स भिक्खू।।२।।

जो राग से रहित है, परियामरक्त-
है आश्रवादि परिमुक्त, सुशास्त्रविज्ञ ।
नित्यात्म रक्षक तथा परिमोहमुक्त
ना, सक्त, साम्य धन संयुत, सौम्य भिक्षु ।।२।।

अक्कोस-वहं विइत्तु धीरे,
मुणी चरे लाढे णिच्च-मायगुत्ते ।
अव्वग्ग-मणे असंपहिट्ठे,
जे कसिणं अहियासए स भिक्खू।।३।।

आक्रोश कोप वध को, कृत कर्म माने-
संधीर शांति रत संयम में प्रशस्त ।
है आत्मगुप्त, नहि आकुलता प्रहर्ष
साम्य-प्रपूर्ण वह, साधक सौम्य भिक्षु ।।३।।

पन्तं सयणासणं भइत्ता,
सीउण्हं विविहं य दंस-मसगं ।
अव्वग्ग-मणे असंपहिट्ठे,
जे कसिणं अहियासए स भिक्खू।।४।।

शय्यासनादिक यथातथ जीर्ण रूप-
शीतोष्ण भाव परिवर्जित साम्यशाली ।
सर्वोपसर्ग विष ही, शमन प्रधान-
शांति प्रपूर्ण, शिव साधक, सौम्य भिक्षु ।।४।।

णो सक्कइ-मिच्छइ ण पूयं, णोऽवि य वंदणगं कुओ पसंसं । से संजए सुव्वए तवस्सी, सहिए आय-गवेसए स भिक्खू।।५।।	सत्कार-पूजन तथा परिवन्दनादि- शंसादि की न, जिसको कुछ कामना है। सौम्यव्रती सतत संयमशील धारी- निर्माण मोह, तपसी शिवशान्त साधु ।।५।।
जेण पुणो जहाइ जीवियं, मोहं वा कसिणं णियच्छइ । णर-णारिं पजहे सया तवस्सी, ण य कोऊहलं उवेइ स भिक्खू।।६।।	योषित्तथा नर-विशेष-सयोग शून्य पाले, सुसंयम, रहे, परिमोह मुक्त-। कामाभिसक्ति रति से अति दूरिता हो जो कौतुकी न, बनता वह भव्य भिक्षु ।।६।।
छिण्णं सरं भोम-मंतलिक्खं, सुमिणं लक्खण-दण्ड वत्थु-विज्जं । अंगवियारं सरस्स विज्जयं, जे विज्जाहिं ण जीवइ स भिक्खू।।७।।	जो छिन्न दण्ड अरु अंग तथा स्वरादि- स्वप्नादिभौम नभ वास्तु-विशेष बोध-। आजीविका न अपनी यदि मानता है वो साधनापरक, साधक, सत्य साधु ।।७।।
मंतं मूलं विविहं वेज्ज-चिंतं, वमण-विरेयण-धुमणेत्त-सिणाणं । आउरे सरणं तिगिच्छियं च, तं परिण्णाय परिव्वए स भिक्खू।।८।।	रोगाभिभूत परिपीडित लाभकारी- मन्त्रादि मूल अरु वैद्य विचारणादि-। संधूम-पान-वमनादि विरेचनादि- सुस्नान, बन्धु गण, रक्षण शून्य-साधु ।।८।।
खत्तिय-गण उग्गरायपुत्ता, माहण भोइय विविहा य सिप्पिणो । णो तेसिं वयइ सिलोग पूयं, तं परिण्णाय परिव्वए स भिक्खू।।९।।	जो क्षात्र या गणप उग्र नृपेन्द्र पुत्र- विप्रादि भोगिक तथा शुभ शिल्पियों की-। पूजा प्रशस्ति न कभी करता मनस्वी संहेय जान करके, विचरे सुभिक्षु ।।९।।
गिहिणो जे पव्वइएण दिट्ठा, अप्पवइएण व संथुया हविज्जा । तेसिं इहलोइय-फलट्ठा, जो संथवं ण करेइ स भिक्खू।।१०।।	दीक्षार्थ-पूर्व अथवा पर में प्रपन्न आत्मीयता विजय में, निज लाभकारी। संसार के फल विशेष, न भाव भावे है वो यती, सुखद संयम शील साधु ।।१०।।

सयणासण-पाण-भोयणं,	शय्यासनादिक सुपान सुभोज्य वस्तु
विविहं खाइम-साइमं परेसिं ।	सुस्वाद्य-खाद्य उपयुक्त-पदार्थ-जात ।
अदए पडिसेहिए णियंठे,	याचे, मिले न जन से, अथवा मिले भी-
जे तत्थ ण पउस्सइ स भिक्खू।।११।।	तो द्वेष भाव न बने, वह साधुता है ।।११।।
जं किंचि आहार-पाणगं विविहं,	सम्यक् गृहस्थ गृह से अशनादि पाके
खाइमं-साइमं परेसिं लद्धुं ।	बालादिवृद्ध यति पै करुणा-परीत ।
जो तं तिविहेण णाणुकम्पे,	होवे, त्रियोग करणादिक संवृतात्मा
मण-वय-काय-सुसंवुडे स भिक्खू।।१२।।	दिव्याभिराम-रमणैक-विशिष्ट साधु ।।१२।।
आयामगं चेव जवोदणं च,	आहार वस्तु यव निर्मित शीत भोज्य
सीयं सोवीर-जवोदगं च ।	कांजी जलादि जव वारि रसादि हीन ।
ण हीलए पिंडं णीरसं तु,	भिक्षाचरी न परिभूत करे कदापि-
पंत-कुलाइं परिव्वए स भिक्खू।।१३।।	सामान्य गेह विचरे, वह सौम्य साधु ।।१३।।
सद्दा विविहा भवंति लोए,	संसार में अमर मानुष और तिर्यक्
दिव्वा माणुस्सगा तहा तिरिच्छा ।	रौद्र स्वरूप भयकारि रवादिकों से ।
भीमा भय-भेरवा उराला,	होता न भीत, वह साधक संयती जो-
जो सोच्चा ण विहिज्जइ स भिक्खू।।१४।।	भिक्षु प्रशस्त कहते उसको मनस्वी ।।१४।।
वायं विविहं समिच्च लोए,	संसार में विविध धर्म विवाद का भी-
सहिए खेयाणुगए य कोवियप्पा ।	संविज्ञ है रत सदा निज धर्म में जो-
पण्णे अभिभूय सव्वदंसी,	कर्मक्षयादि परमार्थ परीषहों का-
उवसंते अविहेडए स भिक्खू।।१५।।	जेता विशेष उपशान्त वही सुभिक्षु ।।१५।।
असिप्प-जीवी अगिहे अमित्ते,	जो शिल्पशील, न गृही, न सुहृद् सुसक्त-
जिइंदिए सव्वओ विप्पमुक्के ।	पारिग्रहादिक नहीं, न कषायशाली-
अणुक्कसाई लहु अप्पभक्खी,	अल्पाशनी विगतराग, विमुक्त संग
चिच्चा गिहं एगचरे स भिक्खू।।१६।।	गार्हस्थ्य मुक्त विचरे, जग में सुभिक्षु ।।१६।।

१६ अध्ययन : समाधि-स्थान

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'ब्रह्मचर्यसमाधिस्थान' है। इसमें ब्रह्मचर्यसमाधि के दस स्थानो के विषय में गद्य और पद्य में निरूपण किया गया है।
- ब्रह्मचर्य, साधना का मेरुदण्ड है। साधुजीवन की समस्त साधनाएँ–तप, जप, समत्व, ध्यान, कायोत्सर्ग, परीषहविजय, कषायविजय, विषयासक्तित्याग, उपसर्गसहन आदि ब्रह्मचर्यरूपी सूर्य के इर्दगिर्द घूमने वाले ग्रह नक्षत्रो के समान हैं। यदि ब्रह्मचर्य सुदृढ एव सुरक्षित है तो ये सब साधनाएँ सफल होती है, अन्यथा ये साधनाएँ केवल शारीरिक कष्टमात्र रह जाती है।
- ब्रह्मचर्य का सर्वसाधारण में प्रचलित अर्थ–मैथुनसेवन का त्याग या वस्तिनिग्रह है। किन्तु भारतीय धर्मों की परम्परा मे उसका इससे भी गहन अर्थ है–ब्रह्म मे विचरण करना। ब्रह्म का अर्थ परमात्मा, आत्मा, आत्मविद्या अथवा बृहद् ध्येय है।
- प्रस्तुत अध्ययन में ब्रह्मचर्य–सुरक्षा के लिए बताए गए समाधिस्थान क्रमश इस प्रकार है– 1. स्त्री–पशु–नपुंसक से विविक्त (अनाकीर्ण) शयन और आसन का सेवन करे, 2 स्त्रीकथा न करे, 3 स्त्रियों के साथ एक आसन पर न बैठे, 4. स्त्रियो की मनोहर एव मनोरम इन्द्रियो को दृष्टि गड़ा कर न देखे, न चिन्तन करे, 5 दीवार आदि की ओट मे स्त्रियो के कामविकारजनक शब्द न सुने, 6. पूर्वावस्था में की हुई रति एवं क्रीडा का स्मरण न करे, 7. प्रणीत (सरस स्वादिष्ट पौष्टि) आहार न करे, 8. मात्रा से अधिक आहार–पानी का सेवन न करे, 9 शरीर की विभूषा न करे और 10. पचेन्द्रिय–विषयों मे आसक्त न हो।
- साथ ही इन्द्रियो एव मन पर संयम न रखने के भंयकर परिणाम भी प्रत्येक समाधिस्थान के साथ साथ बताये गए है। अन्त में पद्यों में उक्त दस स्थानों का

विशद निरूपण भी कर दिया गया है तथा ब्रह्मचर्य की महिमा भी प्रतिपादित की है।

❀ पूर्वोक्त अनेक परम्पराओ के सन्दर्भ मे ब्रह्मचर्य के इन दस समाधिस्थानो का महत्त्वपूर्ण वर्णन इस अध्ययन मे गर्भित है।

१६. समाधि-स्थान

सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एव-मक्खायं इह खलु थेरेहिं भगवंतेहिं दस बंभचेर-समाहि-ठाणा पण्णत्ता, जे भिक्खू सोच्चा णिसम्म संजम-बहुले, संवर-बहुले समाहि-बहुले, गुत्ते गुत्तिंदिए, गुत्तबंभयारी सया अप्पमत्ते विहरेज्जा।

छन्द-धनाक्षरी

आयुष्मन् ! मैंने सुना, भगवन्त निरदिष्ट
निर्ग्रन्थ स्थविर प्रवचन में बतावे हैं ।
दस ब्रह्मचर्य के समाधि थान सुनकर
संयम संवर चित्त शुचि शुद्धि छावे हैं ।
मन वच काया अधिकार रूप गोपन हो
इन्द्रिय विजयकारी, फलितार्थ आवे हैं ।
ब्रह्मचर्य सदा विधि पूर्वक सुरक्षित हो
अप्रमत्त बनके विहार ही सुहावे है ।।१।।

कयरे खलु ते थेरेहिं भगवंतेहिं दस बंभचेरसमाहिठाणा पण्णत्ता जे भिक्खू सोच्चा णिसम्म संजम-बहुले संवर-बहुले समाहि-बहुले गुत्ते गुत्तिंदिए गुत्तबंभयारी सया अप्पमत्ते विहरेज्जा?

इमे खलु ते थेरेहिं भगवंतेहिं दस बंभचेर-समाहिठाणा पण्णत्ता, जे भिक्खू सोच्व णिसम्म संजम-बहुले संवर-बहुले समाहि-बहुले गुत्ते गुत्तिंदिए गुत्तबंभयारी सया अप्पमत्ते विहरेज्जा। तं जहा-विवित्ताइं सयणासणाइं सेवित्ता हवइ से णिग्गंथे। णो इत्थी-पसु-पंडग-

स्थविर भगवन्तों ने वे, कौन से कहे थान
सुन करता जो ध्यान, संवर पै जावै है ।
मन वच काया से, जो इन्द्रियों को गोपता है
अप्रमत्त भावना से, सदा सुख पावै है ।
दस विध समाधि के, कहे प्रभु ने विचार-
इन्द्रियों को वशीभूत करके बचावे हैं ।
करे पृथक् शय्यासन पण्डग पशू योषा
नहीं सेवे, वो ही निरग्रन्थ कहलावै है ।।२।।

संसत्ताइं सयणासणाइं सेवित्ता हवइ, से णिग्गंथे। तं कहमिति चे ? आयरियाह-। णिग्गंथस्स खलु इत्थी-पसु-पंडग- संसत्ताइं सयणासणाइं सेवमाणस्स- बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा कंखा वा विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा, केवलिपण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा। तम्हा णो इत्थी-पसु- पंडग- संसत्ताइं सयणासणाइं सेवित्ता हवइ, से णिग्गंथे।।१।।

णो इत्थीणं कहं कहित्ता हवइ से णिग्गंथे। तं कहमिति चे ? आयरियाह णिग्गंथस्स खलु इत्थीणं कहं कहेमाणस्स बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा, केवलि पण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा। तम्हा णो इत्थीणं कहं कहेज्जा॥२।।

णो इत्थीणं सद्धिं सण्णिसेज्जागए विहरित्ता हवइ, से णिग्गंथे। तं कहमिति चे ? आयरियाह-। णिग्गंथस्स खलु इत्थीहिं सद्धिं सण्णिसेज्जा-गयस्स बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा, केवलि-पण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा। तम्हा खलु णो णिग्गंथे इत्थीहिं सद्धिं सण्णिसेज्जागए विहरेज्जा।।३।।

आचार्य प्रवर कहे, स्त्री पशु नपुंसकों से-
शयनासन विविक्त ब्रह्मचारी छावै है ।
ब्रह्मचर्य विषय में शंका कांक्षा विचिकित्सा
ब्रह्मवृत्ति नाशक प्रमाद भी दिखावै है ।
दीर्घकालिक रोग पावे आतंक महान होवे
केवल निर्दिष्ट मार्ग से भी, गिर जावै है ।
नहीं करे कदापि कहीं भी स्त्री विषय चर्चा
ऐसा भगवन्त जिन शास्त्रों में गिनावै है ।।२,३।।

णो इत्थीणं इंदियाइं मणोहराइं मणोरमाइं आलोइत्ता णिज्झाइत्ता हवइ, से णिग्गंथे । तं कहमिति चे ? आयरियाह-। णिग्गंथस्स खलु इत्थीणं इंदियाइं मणोहराइं मणोरमाइं आलोयमाणस्स णिज्झायमाणस्स-
बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा, केवलिपण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा, तम्हा खलु णो णिग्गंथे इत्थीणं इंदियाइं मणोहराइं मणोरमाइं आलोएज्जा णिज्झाएज्जा ।।४।।

नहीं योषा विषयक मनोहर मनोरथ-
इन्द्रियों पै धरे ध्यान, साधक सुहावै है ।
करे नहीं, चिन्तन को, आत्मभाव में जो रमे
ऐसे ही विरक्तिपूर्ण मुनि मन भावै है ।
स्थविर भदन्तों ने कहा है, काम चिंतना से-
संयम की साधना, विराधना में छावै है ।
शंका कांक्षा विचिकित्सा नाश उनमादना से-
दीर्घकाल रोगांतक, भ्रष्ट पथ जावै है ।।४।।

णो इत्थीणं कुड्डंतरंसि वा दूसं तरंसि वा, भित्तंतरंसि वा कूइय-सद्दं वा रुइय-सद्दं वा गीयसद्दं वा हसिय-सद्दं वा थणिय-सद्दं वा कंदिय-सद्दं वा विलविय-सद्दं वा सुणेत्ता हवइ से णिग्गंथे । तं कहमिति चे ? आयरियाह णिग्गंथस्स खलु इत्थीणं कुड्डंतरंसि वा, दूसंतरंसि वा भित्तंतरंसि वा कूइयसद्दं वा रुइयसद्दं वा गीयसद्दं वा हसियसद्दं वा थणियसद्दं वा कंदिय-सद्दं वा विलविय-सद्दं वा सुणेमाणस्स बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा, केवलि पण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा। तम्हा खलु णो णिग्गंथे इत्थीणं कुड्डंतरंसि वा दूसंतरंसि वा भित्तंतरंसि वा कूइयसद्दं वा रुइयसद्दं वा गीयसद्दं वा हसिय-सद्दं वा

कुड्य आवरण से, संकूजन रोदन हास्य-
गर्जन क्रन्दन गीत विलाप जो आवै है ।
उपर्युक्त शब्दों से, विराधना होवे सदैव
शंका कांक्षा विचिकित्सा, उनमाद छावै है ।
भ्रष्ट साधना का पथ, दीर्घकाल रोगातंक
अतः ऐसे स्वरों पै न, ध्यान कभी लावै है ।
गिरे निज भावना से, रति भाव की जागृति
छोड़ सदा मन से, न चिन्तन में पावै है ।।५।।

थणिय-सद्दं वा कंदिय-सद्दं वा विलविय-सद्दं वा सुणेमाणे विहरेज्जा।।५।।

णो णिग्गंथे इत्थीणं पुव्वरयं पुव्वकीलियं अणुसरित्ता हवइ, से णिग्गंथे । तं कहमिति चे ? आयरियाह-। णिग्गंथस्स खलु इत्थीणं पुव्वरयं पुव्वकीलियं अणुसरमाणस्स बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा, केवलिपण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा । तम्हा खलु णो णिग्गंथे इत्थीणं पुव्वरयं पुव्वकीलियं अणुसरेज्जा।।६।।

संयम ग्रहणपूर्व, की गई रति क्रिया का-
करे न स्मरण, निरग्रन्थ कहलावै है ।
होवे शंका कांक्षा विचिकित्सा उनमाद तीव्र-
दीर्घकाल रोगातंक मन मांही छावै है ।
केवल भाषित धर्म पतन की स्थिती बने
नहीं साधना के प्रति, चित्त हरसावै है ।
अतः साधु पूर्व काल रति क्रीड़ा भूल जावै
सुमिरे तो ब्रह्मचर्य व्रत खपि जावै है ।।६।।

णो पणीयं आहारं आहारित्ता हवइ, से णिग्गंथे। तं कहमिति चे ? आयरियाह-। णिग्गंथस्स खलु पणीयं आहारं आहारे माणस्स-बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा केवलिपण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा। तम्हा खलु णो णिग्गंथे पणीयं आहारं आहारेज्जा।।७।।

णो अइमायाए पाणभोयणं आहारेत्ता हवइ, से णिग्गंथे । तं कहमिति चे? आयरियाह-। णिग्गंथस्स खलु अइमायाए पाणभोयणं आहारे माणस्स बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा

रसयुक्त, पौष्टिक, आहार परिमाण थान
निरग्रन्थ साधक की साधना न पावै है ।
शंका कांक्षा विचिकित्सा नाश और उनमाद
दीर्घकालि रोगातंक शरीर समावै है ।
केवली प्ररूपणा के, धर्म से गिरे सदैव
रूखा, सूखा, भोजन से, शान्ति कर छावै है।
गृहीत व्रतों को परिपाले, सावधान चित्त-
निरमल भावना से शिव सुख आवै है ।।७-८।।

लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा, केवलि- पण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा। तम्हा खलु णो णिग्गंथे अइमायाए पाणभोयणं आहारेज्जा।।८।।

णो विभूसाणुवाई हवइ, से णिग्गंथे। तं कहमिति चे ? आयरियाह-। विभूसावत्तिए विभूसियसरीरे इत्थिजणस्स अभिलसणिज्जे हवइ। तओ णं तस्स इत्थिजणेणं अभिलसिज्जमाणस्स बंभयारिस्स बंभचेरे संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा केवलिपण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा। तम्हा खलु णो णिग्गंथे विभूसाणुवाई हविज्जा।।६।।

देह की विभूषा नाही, करे साधना प्रवीन
निरग्रन्थ रूप ने ही, वीर दरसावै है ।
शब्द रूप, रस, गन्ध, फरस में अनासक्त
यति धर्म का स्वरूप सतत सुहावै है ।
शंका कांक्षा विचिकित्सा नाश उनमाद भाव
शुद्ध बुद्ध जीव कभी नांहि अकुलावै है ।
दीर्घकाल रोगान्तक, होवे विपरीत गति
इससे उत्पथ पर, मुनि नहीं जावै है ।।६।।

णो सद्द-रूव-रस-गंध- फासाणुवाई हवइ, से णिग्गंथे । तं कहमिति चे ? आयरियाह णिग्गंथस्स खलु सद्द-रूव-रस-गंध-फासाणुवाइस्स बंभयारिस्स संका वा, कंखा वा, विइगिच्छा वा समुप्पज्जिज्जा, भेदं वा लभेज्जा, उम्मायं वा पाउणिज्जा, दीहकालियं वा रोगायंकं हवेज्जा, केवलि- पण्णत्ताओ धम्माओ वा भंसेज्जा। तम्हा खलु णो सद्द-रूव-रस- गंध-फासाणुवाइ हवेज्जा, से णिग्गंथे। दसमे बंभचेर समाहिठाणे हवइ । हवंति य इत्थ सिलोगा। त ंजहा-।

छन्द-बसन्ततिलका

जं विवित्त - मणाइण्णं,
रहियं इत्थि - जणेण य।
बंभचेरस्स रक्खट्ठा,
आलयं तु णिसेवए।।१।।
मण - पल्हाय - जणणी,
काम - राग - विवड्ढणी।
बंभचेर रओ भिक्खू,
थी-कहं तु विवज्जए।।२।।

एकान्त शून्य महिला जन से विविक्त-
बाधा विहीन थल संयम के लिए हो ।
आह्लाद काम रति वर्धक संकथा को-
भिक्षू सदैव तज दे, निज साधना में ।।१-२।।

समं च संथवं थीहिं,
संकहं च अभिक्खणं।
बंभचेर-रओ भिक्खू,
णिच्च सो परिवज्जए।।३।।

जो ब्रह्म में रत सदा वह भिक्षु जीव-
स्त्री संग में परिचयादि कभी करे न ।
औ बार बार इनके परिभाषणादि-
छोड़े, मुनीन्द्र निज संयम के हितार्थ ।।३।।

अंग-पच्चंग-संठाणं,
चारु-ल्लविय-पेहियं।
बंभचेर-रओ थीणं,
चक्खुगिज्झं विवज्जए।।४।।

जो ब्रह्म में रत सदा वह चक्षुओं से-
स्त्री अंग आकृति तथा परिलाप मुद्रा-
होवे कटाक्ष परिदर्शन से विमुक्त-
वो है, विराट् शिव विशेष गुणाधिकारी ।।४।।

कूइयं रुइयं गीयं,
हसियं थणिय-कंदियं।
बंभचेर-रओ थीणं,
सोयगिज्झं विवज्जए।।५।।

जो ब्रह्म में रत रहे अरु कर्ण से है-
स्त्री शब्द कूजन व रोदन हास्य गीत ।
संगर्जनादिक तथा उनके मनोज्ञ-
वाचादि को न सुनता, वह है तपस्वी ।।५।।

हासं किड्डं रइं दप्पं,
सहभुत्ता-सियाणि य।
वंभचेर-रओ थीणं,
णाणुचिंते कयाइ वि।।६।।

जो ब्रह्म में रत विशेष विबुद्ध साधु
दीक्षादि पूर्व कृत काम व हास्य कार्य-
क्रीडाभिमान सहसा दुख की अवस्था
होवे, न चिन्तन कभी प्रथमोपभुक्त ।।६।।

पणीयं भत्त-पाणं तु,
खिप्पं मय-विवड्ढणं।
बंभचेर-रओ भिक्खू,
णिच्च सो परिवज्जए।।७।।

जो ब्रह्म में सततलीन व काम वाले-
आहार के सरस सुन्दर रूपता का-
संत्याग भाव रखता, वह है तपस्वी
माधुर्य भोज रत की, दयनीयता है ।।७।।

धम्म-लद्धं मियं काले,
जत्तत्थं पणिहाणवं ।
णाइ-मत्तं तु भुंजेज्जा,
बंभचेर-रओ सया।।८।।

जो ब्रह्म में रत विचक्षण साधुकर्मी
वो चित्त की सुदृढ़ता हित जीव यात्रा ।
निर्वाहनार्थ मित फासुक भोज्य लेवे
मात्रादि से अधिक की परिवर्जना हो ।।८।।

विभूसं परिवज्जेज्जा,
सरीर-परिमण्डणं ।
बंभचेर-रओ भिक्खू,
सिंगारत्थं ण धारए।।९।।

जो ब्रह्म में सततलीन विभूषणों का-
संत्यागशील बनके, विचरे महर्षि ।
शृंगार के हित यती परिमण्डना को-
त्यागे सदा, विरतिपूर्ण महातपस्वी ।।९।।

सद्दे-रूवे य गंधे य,
रसे-फासे तहेव य ।
पंचविहे कामगुणे,
णिच्च सो परिवज्जए।।१०।।
आलओ थी-जणा-इण्णो,
थी-कहा य मणोरमा ।
संथवो चेव णारीणं,
तासिं इंदिय-दरिसणं।।११।।

शब्दादि गन्ध रस रूप व फर्श का भी-
हो त्याग पंच विध है परिकाम रूप ।
योषादि संगति तदिन्द्रिय दर्शनादि-
स्त्री संकथा परिचयादि, करे न साधु ।।१०-११।।

कूइयं रुइयं गीयं,
हास-भुत्ता-सियाणि य ।
पणीयं भत्त-पाणं च,
अइ-मायं पाण-भोयणं।।१२।।

स्त्री गीत कूजन व रोदन हास्य शब्द
संबुद्ध साधक कृते न कदापि योग्य-
ना भुक्त भोग सहवास कभी विचारे
स्वादिष्ट भोज्य विरती, मुनि के लिए हो ।।१२।।

गत्तभूसण-मिट्ठं च,
कामभोगा य दुज्जया ।
णरस्सत्त-गवेसिस्स,
विसं तालउडं जहा।।१३
दुज्जए काम-भोगे य,
णिच्च सो परिवज्जए ।
संका-ठाणाणि सव्वाणि,
वज्जेज्जा पणिहाणवं।।१४।।

ना हो शरीर परिसज्जित की अभीप्सा-
हैं ये सभी पतन के ध्रुव बीज रूप ।
एकाग्रचित्त मुनि दुर्जय काम भोग-
शंका दुरन्त पथ से, नित दूर होवे ।।१३-१४।।

धम्मारामे चरे भिक्खू,
धिइमं धम्म-सारही ।
धम्मा - रामे - रए दन्ते,
बंभचेर-समाहिए।।१५।।

जो धैर्यशील, शुभ धर्म रथादिकों का-
है सारथी रत सदा, निज भावना में-।
संदान्त भिक्षु नत संयम में सदैव
सद्ब्रह्मचर्य युत साधु समान चेता ।।१५।।

देव-दाणव गंधव्वा,
जक्ख-रक्खस्स-किन्नरा ।
बम्भयारिं णमंसंति,
दुक्करं जे करंति तं।।१६।।

जो ब्रह्मचर्य धृति को नित पालता है
पूर्णातिपूर्ण उसको नमनीय जाने ।
गन्धर्व यक्ष सुर किन्नर भक्ति भाव-
से रक्ष, दानव सदा नमते अजस्र ।।१६।।

एस धम्मे धुवे णिच्चे,
सासए जिण-देसिए ।
सिद्धा सिज्झंति चाणेणं,
सिज्झिस्संति तहावरे।।१७।।

है ब्रह्मचर्य यम नित्य निरामयाप्त
धर्म स्वरूप नित शाश्वत लाभकारी ।
अर्हन्तदिष्ट इससे सब काल में ही
संसिद्धि सौध मिलता परिसाधना से ।।१७।।

१७ अध्ययन : पाप-श्रमणीय

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'पाप–श्रमणीय' है। इसमें पापी श्रमण के स्वरूप का निरूपण किया गया है।
- श्रमण बन जाने के बाद यदि व्यक्ति यह सोचता है कि अब मुझे और कुछ करने की कोई आवश्यकता नही है, न तो मुझे ज्ञानवृद्धि के लिए शास्त्रीय अध्ययन की जरूरत है, न तप, जप, ज्ञान, ध्यान, अहिसादि व्रतपालन या दशविध श्रमणधर्म के आचरण की अपेक्षा है, तो यह बहुत बडी भ्रान्ति है। इसी भ्रान्ति का शिकार होकर साधक यह सोचने लगता है कि मै महान् गुरु का शिष्य हूँ। मुझे सम्मानपूर्वक भिक्षा मिल जाती है, धर्मस्थान, वस्त्र, पात्र या अन्य सुखसुविधाएँ भी प्राप्त है। अब तप या अन्य साधना करके आत्मपीडन से क्या प्रयोजन है ? इस प्रकार विवेकभ्रष्ट होकर सोचने वाले श्रमण को प्रस्तुत अध्ययन मे 'पापश्रमण' कहा गया है।
- श्रमण दो कोटि के होते है। एक सुविहित श्रमण और दूसरा पापश्रमण। सुविहित श्रमण वह है, जो दीक्षा सिंह की तरह लेता है और सिंह की तरह ही पालन करता है। संयम का एवं महाव्रतो का पालन करता है। समता उसके जीवन के कण–कण मे रमी रहती है। क्षमा आदि दस धर्मों के पालन में वह सतत जागरूक रहता है।
- इसके विपरीत पापश्रमण सिंह की तरह दीक्षा लेकर सियार की तरह उसका पालन करता है। उसकी दृष्टि शरीर पर टिकी रहती है। फलत शरीर का पोषण करने मे, उसे आराम से रखने में वह रात–दिन लगा रहता है। उसका सारा कार्य अविवेक से और अव्यवस्थित होता है।
- अन्त मे पापश्रमण के निन्द्य जीवन का तथा श्रेष्ठश्रमण के वन्द्य जीवन का दिग्दर्शन कराया गया है।

१७. पाप-श्रमणीय

जे केइ उ पव्वइए णियंठे,
धम्मं सुणित्ता विणओववण्णे ।
सुदुल्लहं लहिउं बोहिलाभं,
विहरेज्ज पच्छा य जहासुहं तु।।१।।

जो पूर्व धर्म सुनके, कर बोधि लाभ
आचार में रत रहा, परियाम में भी ।
निर्ग्रन्थ दीक्षित बना, पर अन्त में हैं
सौख्य स्पृहा हित सुतन्त्र विहार का भी ।।

सेज्जा दढा पाउरणम्मि अत्थि,
उप्पज्जई भोत्तुं तहेव पाउं ।
जाणामि जं वट्टइ आउसु त्ति,
किं णाम काहामि सुएण भंते!।।२।।

आचार्य और गुरु शास्त्र निदर्शना पै-
वो दुर्मुखी बन कहे, निज भावना से ।
मैं वस्त्र खाद्य अरु थान मनोज्ञ पाऊँ
शास्त्रीय पाठ किस हेतु बने प्रवृत्ति ? ।।२

जे के इमे उ पव्वइए,
णिद्दासीले पगाम-सो ।
भोच्चा-पेच्चा सुहं सुवइ,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।३।।

दीक्षा विशेष लहके बहु नींद लेता-
खाता यथेप्सित सदा, अरु पेय पीता ।
आराम धाम सुख से, शयन क्रियावान्
है, पाप साधु कहते, उसको मनीषी ।।३।।

आयरिय-उवज्झाएहिं,
सुयं विणयं च गाहिए ।
ते चेव खिंसइ बाले,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।४।।

आचार्य से श्रुत-धरादिक से विनेय-
आचार को ग्रहण भी करके सदैव ।
निन्दा करे, यदि विचार विवेकहीन
होता जिनेन्द्र पथ से, वह नष्ट साधु ।।४।।

आयरिय-उवज्झायाणं,
सम्मं ण पडितप्पइ ।
अप्पडि-पूयए थद्धे,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।५।।

आचार्य की श्रुतधरादिक की, न चिन्ता
एवम् अनादर करे, गुरुदेव का जो ।
है ठीक वो श्रमण साधक पाप रूप
होता न योग्य, जिन-शासन के कदापि ।।५।।

सम्मद्दमाणे पाणाणि,
बीयाणि हरियाणि य ।
असंजए संजय-मण्णमाणे,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।६।।

जो द्वीन्द्रियादि अरु बीज वनस्पती को-
संमर्दना नित करे, वह निर्दयी है ।
निर्ग्रन्थ भाव निज लक्ष्य रहे, जिसे न
पापात्म साधक कहा, प्रभु ने उसे है ।।६।।

संथारं फ़लगं पीढं,
णिसेज्जं पायकम्बलं ।
अप्पमज्जिय-मारुहइ,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।७।।

संस्तारकादि फलकादि व पीठ भूमि-
जो पाद कम्बल न मार्जित है बनाता ।
वो साधना रहित साधक है अवश्य
पापी कहा श्रमण को प्रभुवीर ने है ।।७।।

दव-दवस्स चरइ,
पमत्ते य अभिक्खणं ।
उल्लंघणे य चण्डे य,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।८।।

जो शीघ्रतायुत गती करता प्रमाद
आचार शून्य मरयादित भी नहीं है ।
क्रोधाभिभूत विधिहीन मनोविहारी
वो पापलिप्त यति है, अभिमान धारी ।।८।।

पडिलेहेइ पमत्ते,
अवउज्झइ पायकम्बलं ।
पडिलेहा - अणाउत्ते,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।९।।

होके प्रमत्त करता प्रतिलेखनादि-
पात्रादि की न करता सविशेष चिन्ता ।
निर्ग्रन्थ धर्म परिपालन में न निष्ठा
पापी कहा श्रमण को, विभुवीर ने हैं ।।९।।

पडिलेहेइ पमत्ते,
से किंचि हु णिसामिया ।
गुरु परिभावए णिच्चं,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१०।।

बातें करे, विषय की प्रतिलेखना में
होके प्रमत्त विचरे, मनसा विहारी ।
ध्यातव्य पूज्यजन की अवमानना हो
संख्यात पाप यति है, श्रुत में निदिष्ट ।।१०।।

बहुमाई पमुहरे,
थद्धे लुद्धे अणिग्गहे ।
असंविभागी अवियत्ते,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।११।।

माया- प्रधान मुखरी अपभीत लोभ,
कामाभिभूत विकलेन्द्रिय घात चित्त ।
जो संविभाग परिशून्य यशोऽभिलाषी
वो पापशील-यति है, यतनाविहीन ।।११।।

विवादं य उदीरेइ,
अहम्मे अत्त-पण्णहा ।
वुग्गहे कलहे रत्ते,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१२।।

जो शान्त वाद दव को, फिर से लगाता
प्रज्ञा, अधर्म हित में अपनी जगाता ।
एवम् कदाग्रह तथा कलहादिपूर्ण
पापी उसी श्रमण को कहते मनीषी ।।१२।।

अथिरासणे कुक्कुइए,
जत्थ तत्थ णिसीयई ।
आसणम्मि अणाउत्ते,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१३।।

जो बैठता स्थिर नहीं, निज हस्तपाद-
चांचल्यपूर्ण रखता विकृतात्मचेष्ट ।
जो योग्य आसन निसेद न जानता है
पापी उसी श्रमण को कहते श्रुतज्ञ ।।१३।।

ससरक्ख-पाए सुवई,
सेज्जं ण पडिलेहिए ।
संथारए अणाउत्ते,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१४।।

संलिप्त धूलि पद से शयनाधिकारी-
शय्या-प्रमार्जन जिसे कब रोचता है ?
संस्तारकादिक विषै नहि सावधान-
पापी उसे श्रमण को कहते श्रुतज्ञ ।।१४।।

दुद्ध-दही-विगईओ,
आहारेइ अभिक्खणं ।
अरए य तवो कम्मे,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१५।।

जो दुग्ध का सुविधि का उपभोगकारी-
एवम् तपादि जिसको नहिं रोचता है ।
वो साधना विमुख है, पथ से विलुप्त
पापी उसे श्रमण को कहते विबुद्ध ।।१५।।

अत्यन्तम्मि य सूरम्मि,
आहारेइ अभिक्खणं ।
चोइओ पडिचोएइ,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१६।।

सूर्योदयास्तमित काल विशेष भोजी-
जो वार वार करता, नहि मानता है ।
शिक्षा स्वयं न लहता उपदेशकारी-
पापी उसे श्रमण को कहते विबुद्ध ।।१६।।

आयरिय-परिच्चाई,
परपासण्ड-सेवए ।
गाणं गणिए दुब्भूए,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१७।।

आचार्य को न, रखता अपने सदैव-
पाषण्डि दुर्विनय को गुरु भी बनाता ।
एकत्र शान्त रहता, नहि गच्छ मे भी
पापी उसे श्रमण को कहते श्रुतज्ञ ।।१७।।

सयं गेहं परिच्चज्ज,
पर गेहंसि वावरे ।
णिमित्तेण य ववहरई,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१८।।

संत्यक्त नैज गृह भी, परगेह सेवी-
द्रव्यादि अर्जन करे, बनके निमित्ती ।
संसार में नित पचे, पचनाभिलाषी
पापी गृही श्रमण को, कहते श्रुतज्ञ ।।१८।।

सण्णाइ-पिण्डं जेमेइ,
णेच्छइ सामुदाणियं ।
गिहि-णिसेज्जं च वाहेइ,
पावसमणे त्ति वुच्चइ।।१९।।

जो भिक्षु वृत्ति करता स्वजनादिकों से
सामान्य सर्व गृह की विनिवर्जना से ।
शय्योपभोग करता बनके निशंका-।
पापी उसे श्रमण को कहते मनस्वी ।।१९।।

एयारिसे पंच-कुसील-संवुडे,
रूवंधरे मुणि-पवराण हेट्ठिमे ।
अयंसि लोए विसमेव गरहिए,
ण से इहं णेव परत्थ लोए।।२०।।

जो ध्यान आचरण पै रखता नहीं है
पार्श्वस्थ के सम कुशील विकारशील ।
है, वेष धारक यती जन में निकृष्ट
है लोक में, विष सरूप विनिन्दनीय ।।२०।।

जे वज्जए एए सया उ दोसे,
से सुव्वए होइ मुणीण मज्झे ।
अयंसि लोए अमयं व पूइए,
आराहए लोगमिणं तहा परं।।२१।।

जो साधु दोष परिमुक्त व सुव्रती है
वो लोक में अमृत के सम पूजनीय ।
संसार पार परलोक सुवन्दनीय
आराधना नित करे, शमनैकवृत्ति ।।२१।।

१८ अध्ययन : संजयीय

अध्ययन–सूत्र संकेत

- उत्तराध्ययन सूत्र का अठारहवॉ अध्ययन (1) सजयीय अथवा (2) संयतीय है। यह नाम संजय (राजर्षि) अथवा संयति (राजर्षि) के नाम पर से पड़ा है।
- इस अध्ययन के पूर्वार्द्ध मे 18 गाथाओ तक संजय (या संयति) राजा के शिकारी से पंच महाव्रतधारी निर्ग्रन्थमुनि के रूप मे परिवर्तन की कथा अंकित है।
- उत्तरार्द्ध में, जब कि संजय मुनि गीतार्थ, कठोर श्रमणाचारपालक और एकलविहार–प्रतिमाधारक हो गए थे, तब एक क्षत्रिय राजर्षि ने उनके ज्ञान, दर्शन और चारित्र की थाह लेने के लिए उनसे कुछ प्रश्न पूछे। तत्पश्चात् क्षत्रियमुनि ने स्वयं स्वानुभवमूलक कई तथ्य एकान्तवादी क्रियावाद, अक्रियावाद, विनयवाद एव अज्ञानवाद के विषय में बताए, अपने पूर्वजन्म की स्मृतियो का वर्णन किया।
- गाथा 34 से 51 तक में भगवान् महावीर के जिनशासनसम्मत ज्ञान–क्रियावादसमन्वय रूप सिद्धान्तो पर चल कर जिन्होने स्वपरकल्याण किया, उन भरत आदि 16 महान् आत्माओ का सक्षेप मे चारित्र चित्रण प्रस्तुत किया है। इन गाथाओं द्वारा जैन इतिहास की पुरातन कथाओ पर काफी प्रकाश डाला गया है।
- अन्तिम तीन गाथाओं द्वारा क्षत्रियमुनि ने अनेकान्तवादी जिनशासन को स्वीकार करने की प्रेरणा दी है तथा उसके सुपरिणाम के विषय मे प्रतिपादन किया गया है।

१८. संजयीय

कम्पिल्ले णयरे राया,
उदिण्ण-बल-वाहणे ।
णामेणं संजओ णामं,
मिगव्वं उवणिग्गए।।१।।
हयाणीए गयाणीए,
रहाणीए तहेव य ।
पायत्ताणीए महया,
सव्वओ परिवारिए।।२।।

काम्पिल्य में नृप चमू व रथादिकों से-
सम्पन्न संजय यशोधन शोभशाली ।
वो एक बार मृगया रमणार्थ शक्त-
ले, सैन्य संग निकला, निज राज्य से था ।।१-२।।

मिए छुहित्ता हयगओ,
कम्पि-ल्लुज्जाण-केसरे ।
भीए संते मिए तत्थ,
वहेइ रस-मुच्छिए।।३।।

अश्वाधिरूढ रसमूर्च्छित भीतचित्त
उद्यान आगत अनुद्रुत धावकों से ।
सुश्रान्त दीप्त वन से, हरिणादिकों की
संताडना कर रहा, नृप जीवघाती ।।३।।

अह केसरम्मि उज्जाणे,
अणगारे तवोधणे ।
सज्झाय-ज्झाण-संजुत्ते,
धम्मज्झाणं झियायइ।।४।।

उद्यान में तप रहे, तप से तपस्वी
स्वाध्याय में सततलीन सुयोग्यनिष्ठ ।
ध्यानस्थ धर्म धृति के प्रथित प्रतीक
एकाग्रशील मुनि थे, शुभ भाव भूष ।।४।।

अप्फोव-मण्डवम्मि,
झायइ-क्खवियासवे ।

वे आश्रवादि परिमुक्त, लता निकुंज-
ध्यानस्थ थे, मुनि महाकरुणापरीत-।

तस्सागए मिगे पासं,
वहेइ से णराहिवे।।५।।

आए, समीप मृग को उसने विनाशा
क्रूर स्वभाव नृप में दयना कहाँ थी ? ।।५।।

अह आसगओ राया,
खिप्प-मागम्म सो तहिं ।
हए मिए उ पासित्ता,
अणगारं तत्थ पासइ।।६।।

आया, नरेश हय पै चढ़के वहाँ पै
ध्यानस्थ थे मुनि जहाँ, निज भावना से।
पंचत्व लब्ध मृग देख, महीप ने था
देखा, वहाँ परम संयम साधनार्थी ।।६।।

अह राया तत्थ सम्भंतो,
आत्मीय के मिलन में, जिनको न हर्ष
होता न शोक बिछुड़े, अणुमात्र को भी ।
अर्हद्-प्रणीत पथ पै चलते गुणज्ञ
ब्राह्मण्ययुक्त उनको, हम मानते हैं ।।२०।।

जायरूवं जहा-मट्ठं,
णिद्धंत-मल-पावगं ।
राग-द्दोस-भयाईयं,
तं वयं बूम माहणं।।२१।।

दग्ध प्रदग्ध मल शुद्ध समान हेम-
पूरे, कसे निकष पै, भय शुक्ति मुक्त-।
द्वेषादि राग परिहीन, तपो विशिष्ट-
ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते है ।।२१।।

तवस्सियं किसं दन्तं,
अवचिय-मंस-सोणियं ।
सुव्वयं पत्त-णिव्वाणं,
तं वयं बूम माहणं।।२२।।

जो हैं तपोधन तथा कृश शान्त दान्त-
मांसादि रक्त अपचै जिनमें विशेष-।
पूर्ण व्रती विमल चित्त सहिष्णु, मुक्त-
ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते हैं ।।२२।।

तसपाणे वियाणेत्ता,
संगहेण य थावरे ।
जो ण हिंसइ तिविहेणं,
तं वयं बूम माहणं।।२३।।

षट्काय को समझ के, उनकी सुरक्षा-
हेतु प्रमुक्त मन वाचिक काय से भी-।
जो स्थावरादि तस की करता न हिंसा-
ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते हैं ।।२३।।

कोहा वा जइ वा हासा,
लोहा वा जइ वा भया ।
मुसं ण वयइ जो उ,
तं वयं बूम माहणं।।२४।।

जो क्रोध लोभ अथवा भय भाव से भी
मिथ्या प्ररूपण कभी करता नहीं हैं ।
कौत्कुच्य हास्य नट नाट्य सभाव शून्य
ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते हैं ।।२४।।

चित्तमंत-मचित्तं वा,
अप्पं वा जइ वा बहुं ।
ण गिण्हइ अदत्तं जे,
तं वयं बूम माहणं।।२५।।

जीवादियुक्त अथवा उनसे विहीन-
न्यूनातिरिक्त धन की करते, न चौर्य-।
लेते, सुवस्तु अपने हित याचना से-
ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते हैं ।।२५।।

दिव्व-माणुस्स-तेरिच्छं,
जो ण सेवइ मेहुणं ।
मणसा काय-वक्केणं,
तं वयं बूम माहणं।।२६।।

तिर्यंच देव मनुजादिभवस्थ होके-
होते न मैथुन-सुसक्त विमर्श पूर्व-।
वाङ्मानसादि अरु काय सहायता से-
ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते हैं ।।२६।।

जहा पोमं जले जायं,
णोवलिप्पइ वारिणा ।
एवं अलित्तं कामेहिं,
तं वयं बूम माहणं।।२७।।

निर्लिप्त पंकज समान सदा विरक्त-
कामादिमुक्त जिनकी परिभावना है ।
सर्वांश शुद्ध चरतावलि चारु चारी-
ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते हैं ।।२७।।

अलोलुयं मुहाजीविं,
अणगारं अकिंचणं ।
असंसत्तं गिहत्थेसु,
तं वयं बूम माहणं।।२८।।

निर्दोष भिक्षुक, रसादि विहीन वृत्ति-
त्यागी समग्र विभवादिक का मनस्वी-।
आसक्ति हीन जग से, धन धान्य शून्य-
ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते हैं ।।२८।।

जहित्ता पुव्व-संजोगं,	संयोग मुक्त बन, जाति विशेष से हैं-
णाइ-संगे य बंधवे ।	बन्धुत्व बन्ध न, विविक्त रहे सदैव-।
जो ण सज्जइ भोगेसु,	आसक्ति दैन्य दुख पीन नहीं कदाचित्-
तं वयं बूम माहणं।।२६।।	ब्राह्मण्ययुक्त उनको हम मानते हैं ।।२६।।
पसुबंधा सव्व-वेया,	दुःशील जन्तु वध बन्धन भीतिकारी-
जट्ठं च पावकम्मुणा ।	यज्ञार्थ पाप परिकर्म सदा विहारी-।
ण तं तायंति दुस्सीलं,	का यज्ञ वेद विधि से कृत नैव रक्षी-
कम्माणि बलवंति हि।।३०।।	कर्म-प्रधान जग में सब मानते हैं ।।३०।।
ण वि मुंडिएण समणो,	श्रामण्य-युक्त नहि मुण्ड शिरस्क होता
ण ओंकारेण बम्भणो ।	ओंकार जाप करता, नहिं विप्र होता ।
ण मुणी रण्ण-वासेणं,	कान्तार वास विधि से मुनि भी न होता
कुस-चीरेण ण तावसो।।३१।।	त्वग् वल्कलादि परिधान तपी न होता ।।३१।।
समयाए समणो होइ,	साम्य स्वरूप शुचि साधक संयमी है
बम्भचेरेण बम्भणो ।	ब्रह्मत्व रूप धन है द्विज का अनूठा-।
णाणेण य मुणी होइ,	ज्ञान-प्रधान भव में मुनि रूपता है-
तवेण होइ तावसो।।३२।।	बाह्यान्तरादि तप से तपसी विशिष्ट ।।३२।।
कम्मुणा बम्भणो होइ,	कर्मानुसार बनता द्विज है मनुष्य-
कम्मुणा होइ खत्तिओ ।	क्षात्र स्वरूप मिलता नित कर्म से ही-।
वइसो कम्मुणा होइ,	वैश्य स्थिती सुलभ कर्म विशेष से है-
सुद्दो हवइ कम्मुणा।।३३।।	शूद्रत्व की परिणती बस कर्म से ही ।।३३।।
एए पाउकरे बुद्धे,	तत्त्व प्ररूपण किया अरिहन्त ने हैं
जेहिं होइ सिणायओ ।	होता विशिष्ट इनसे परिपूर्ण जीव ।
सव्वकम्म विणिम्मुक्कं,	होते सुसाधक जभी परिकर्म मुक्त-
तं वयं बूम माहणं।।३४।।	ब्राह्मण्ययुक्त उनको, हम मानते हैं ।।३४।।

एवं गुण समाउत्ता,	ऐसे समाधिपन से द्विज रूपता में-
जे भवंति दिओत्तमा ।	अध्यात्म साधन जहाँ रहता सदैव ।
ते समत्था समुद्धत्तुं,	उद्धारशील बनते, निज अन्य के भी-
परमप्पाण-मेव य।।३५।।	सामर्थ्य शैव सुख का, वरते अवश्य ।।३५।।
एवं तु संसए छिण्णे,	शंका समूल परिनष्ट हुई विशेष-
विजयघोसे य माहणे ।	स्वीकार की, विजय ने, जय घोष वाणी ।
समुदाय तओ तं तु,	संतुष्ट हो, विनत भाव सहर्ष बोला-
जयघोसं महामुणिं।।३६।।	सम्पूर्ण विप्र, धन का उपदेश पाया ।।३६-३७।।
तुट्ठे य विजयघोसे,	
इण-मुदाहु कयंजली ।	
माहणत्तं जहाभूयं,	
सुट्ठु मे उवदंसियं।।३७।।	
तुब्भे जइया जण्णाणं,	यज्ञ स्वरूप तुमने परिपूर्ण जाना-
तुब्भे वेयविऊ विऊ ।	वेदांग के फलित अर्थ हमें बताये ।
जोइ-संग-विऊ तुब्भे,	दैवज्ञ बोध तुमसे, न विलुप्त भी है
तुब्भे धम्माण पारगा।।३८।।	धर्मादि वस्तु धन के तुम पारगामी ।।३८।।
तुब्भे समत्था समुद्धत्तुं,	उद्धार में स्वपर के तुम हो समर्थ-
परेमप्पाण-मेव य ।	आओ, सहर्ष हमपै उपकारकारी-।
तमणुग्गहं करेहम्हं,	भिक्षा गृहीत करके, हम पै दया हो-
भिक्खेणं भिक्खू उत्तमा।।३९।।	सौभाग्यशील करना, महती कृपा से ।।३९।।
ण कज्जं मज्झ भिक्खेण,	भिक्षा-प्रयोजन नहीं द्विज शीघ्र आओ
खिप्पं णिक्खमसू-दिया ।	दुःखार्तरूप भय से, तुम दूर जाओ !
मा भमिहिसि भयावट्टे,	संसार में भ्रमण के अवरोध हेतु-
घोरे संसार-सागरे।।४०।।	श्रामण्य में विहरना अनुकूल होगा ।।४०।।

उवलेवो होइ भोगेसु,
अभोगी णोवलिप्पइ ।
भोगी भमइ संसारे,
अभोगी विप्पमुच्चई।।४१।।

कर्मोपलिप्त जग के परिभोग सारे-
भोगा विरक्ति उनसे, नहि युक्त होती ।
भोगी करे, भ्रमण संसृति मध्य पाती
भोग प्रहीन उनसे, परिमुक्त होता ।।४१।।

उल्लो सुक्को य दो छूढा,
गोलया मट्टिया-मया ।
दोवि आवडिया कुड्डे
जो उल्लो सोऽत्थ लग्गइ।।४२।।

आर्द्राक्त शुष्क परिगोलक मृत्तिका के-
क्षिप्त प्रक्षिप्त करते जिनको विशेष-।
भित्ति प्रदेश पर आर्द्र हुआ प्रलिप्त-
नीचे गिरा, गगन से परिशुष्क जो था ।।४२।।

एवं लग्गंति दुम्मेहा,
जे णरा काम-लालसा ।
विरत्ता उ ण लग्गंति,
जहा से सुक्क गोलए।।४३।।

दुर्बुद्धिशील पड़ता, परिमोह में हैं
आसक्त भाव उसमें, सब देखते हैं ।
वैराग्य युक्त भव में, न कदापि लिप्त
होता प्रशुष्क परिगोलक के समान ।।४३।।

एवं से विजयघोसे,
जयघोसस्स अंतिए ।
अणगारस्स णिक्खंतो,
धम्मं सोच्चा अणुत्तरं।।४४।।

सम्यक्व्रती विजय ने, जयघोष से है-
आप्त प्रणीत पथ का शुभ भाव पाया ।
दीक्षा गृहीत करके, मुनि से सहर्ष-
प्राप्तव्य की, सुगम लब्धि हुई विचित्र ।।४४।।

खवित्ता पुव्व कम्माइं,
संजमेण तवेण य ।
जयघोस विजयघोसा,
सिद्धिं पत्ता अणुत्तरं।।४५।।

संप्राप्ति से निज तपश्चरण क्रिया की
सम्यक्त्व युक्त परिसंयम भावना से-।
श्रामण्य युक्त जयघोष तथा विजै ने-
पाया, विमुक्ति पद, कर्म निरासना से ।।४५।।

२६ अध्ययन : समाचारी

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'समाचारी' (सामायारी) है।
- इसमे साधुजीवन की उस व्यवस्था एवं चर्या का वर्णन है, जिससे साधु परस्पर सम्यक् व्यवहार, आचरण और कर्त्तव्य का यथार्थ पालन करके समस्त शारीरिक–मानसिक दु:खों से मुक्त एव सिद्ध, बुद्ध हो सके।
- आचार के दो अंग है–व्रतात्मक और व्यवहारात्मक। सघीयजीवन को सुव्यवस्थित ढंग से यापन करने के लिए न तो दूसरों के प्रति उदासीनता, रुक्षता एवं अनुत्तरदायिता होनी चाहिए और न अपने या दूसरों के जीवन (शरीर–इन्द्रिय, मन आदि) के प्रति लापरवाही, उपेक्षा या आसक्ति होनी चाहिए। इसलिए स्थविरकल्पी साधु के जीवन मे व्रतात्मक आचार की तरह व्यवहारात्मक आचार भी आवश्यक है। जिस धर्मतीर्थ (संघ) में व्यवहारात्मक आचार का सम्यक् पालन होता है, उसकी एकता अखण्ड रहती है, वह दीर्घजीवी होता है और ऐसा धर्मतीर्थ साधु–साध्वियो को तथा श्रावक–श्राविकाओं को संसारसागर से तारने में समर्थ होता है।
- प्रस्तुत अध्ययन में व्यवहारात्मक शिष्टजनाचरित 10 प्रकार की ओघ सामाचारी का वर्णन है। ओघसामाचारी के 10 प्रकार ये है – (1) आवश्यकी, (2) नैषेधिकी, (3) आपृच्छना, (4) प्रतिपृच्छना, (5) छन्दना, (6) इच्छाकार, (7) मिथ्याकार, (8) तथाकार, (9) अभ्युत्थान और (10) उपसम्पदा।
- यह साधु–सामाचारी शारीरिक मानसिक शान्ति, व्यवस्था एवं स्वस्थता के लिए अत्यन्त लाभदायक है। यथा (1–2) आवश्यकी और नैषेधिकी से निष्प्रयोजन गमनागमन पर नियन्त्रण का अभ्यास होता है, (3–4) आपृच्छा और प्रतिपृच्छा से

श्रमशील और दूसरो के लिए उपयोगी बनने की भावना पनपती है, (5) इच्छाकार से दूसरों के अनुग्रह का सहर्ष स्वीकार तथा स्वच्छन्दता में प्रतिरोध आता है, (6) मिथ्याकार से पापों के प्रति जागृति बढती है, (7) तथाकार से हठाग्रहवृत्ति छूटती है और गम्भीरता एवं विचारशीलता पनपती है, (8) छन्दना से अतिथिसत्कार की प्रवृत्ति बढ़ती है, (9) अभ्युत्थान से गुरुजनभक्ति एवं गुरुता बढ़ती है एवं (10) उपसम्पदा से परस्पर ज्ञानादि के आदान–प्रदान से उनकी वृद्धि होती है।

२६. समाचारी

सामायारिं पवक्खामि,
सव्व-दुक्ख विमोक्खणिं ।
जं चरित्ताण णिग्गंथा,
तिण्णा संसार-सागरं।।१।।

दुःखार्त मुक्त बनते परिपालना से-
निर्ग्रन्थ भाव परिशुद्ध रहा क्रिया में ।
संसार के पतन में अवरोध होता
ऐसे समाचरण को कहता यहाँ हूँ ।।१।।

पढमा आवस्सिया णाम,
बिइया य णिसीहिया ।
आपुच्छणा य तइया,
चउत्थी पडिपुच्छणा।।२।।
पंचमी छंदणा णाम,
इच्छाकारो य छट्ठओ ।
सत्तमो मिच्छाकारो उ,
तहक्कारो य अट्ठमो।।३।।
अब्भुट्ठाणं य णवमं,
दसमी उवसंपया ।
एसा दसंगा साहूणं,
सामायारी पवेइया।।४।।

छन्द-धनाक्षरी
आवश्यकी नैषेधिकी अरु प्रतिपृच्छना है
छन्दना है, इच्छाकार, मुनिमनहारी है ।
मिथ्याकार, तथाकार, उपदेश मानता है
अभ्युत्थान अरु उपसम्पदा सुखारी है ।
परिभाषा जाननी है, शास्त्र बात माननी है
अणगार जीवन की, साधु बलिहारी है ।
पालना है, अनिवार्य, आत्म रूप रक्षा हेतु
विमल दशांग रूप साधु समाचारी है ।।२-४।।

गमणे आवस्सियं कुज्जा,
ठाणे कुज्जा णिसीहियं ।

वाहर स्वस्थान से निकलते आवासस्सिय करे
स्थान में, प्रवेशते निस्सिहियं कहा करे ।

आपुच्छणा सयं-करणे,
परकरणे पडिपुच्छणा।।५।।
छंदणा दव्व-जाएणं,
इच्छाकारो य सारणे ।
मिच्छाकारो य णिंदाए,
तहक्कारो पडिस्सुए।।६।।

निज काज हेतु राय, गुरु की आपृच्छना है
पर काज हेतु, प्रतिपृच्छना लिया करे ।
स्वीकृत द्रव्यार्थ, गुरु, आमन्त्रण छन्दना है
उपकार करे, स्वार्थ बिनती किया करे ।
इच्छाकार, समाचारी, दोष के निवृत्त हेतु
आत्मनिंदा मिथ्याकार, सतत दिया करे ।।५-६।।

अब्भुट्ठाण गुरुपूया,
अच्छणे उवसंपया ।
एवं दु-पंच-संजुत्ता,
सामायारी पवेइया।।७।।

गुरु उपदेश माने, तथाकार समाचारी
छक् छक् प्रेम प्याला, भर के पिया करे ।
गुरुजन पूजा हेतु, स्थित होना अभ्युत्थान
सावधान चूक बिना चौकस किया करे ।
सामाचारी उपसम्पदा में, अन्य गुरु पार्श्व
स्वकीय विशिष्ट कार्य हेतु से जिया करे ।
अनुकूल शास्त्र से प्ररूपित दशांग ये हैं
आत्मा के विकास हेतु मानस दिया करें ।।७।।

छन्द-बसन्ततिलका

पुव्विल्लम्मि चउब्भाए,
आइच्चम्मि समुट्ठिए ।
भण्डयं पडिलेहित्ता,
वंदित्ता य तओ गुरुं।।८।।

सूर्यादि के उदय पै निज पात्रकादि-
तुर्यादि भाग नियत प्रतिलेखना को-।
सम्पूर्ण हो चरण वन्दन संग पूछे-
आदेश शीघ्र मुझको, अब देव ! देवें ।।८।।

पुच्छिज्ज पंजलिउडो,
किं कायव्वं मए इह ।
इच्छं णिओइउं भंते!,
वेयावच्चे व सज्झाए।।९।।
वेयावच्चे णिउत्तेणं,
कायव्वं अगिलायओ ।

स्वाध्याय में रत रहूँ, कहिये भदन्त !
सेवादि तत्पर बनूं अथवा यहाँ पै ।
स्वाध्याय के हित हुई, यदि देशना है-
ग्लान्यादि दोष तज के, उसको निभाले ।।९-१०।।

सज्झाए वा णिउत्तेणं,
सव्वदुक्ख विमोक्खणे।।१०।।

दिवसस्स चउरो भागे,
भिक्खू कुज्जा वियक्खणो ।
तओ उत्तरगुणे कुज्जा,
दिणभागेसु चउसु वि।।११।।

दक्षाग्र भिक्षु दिन के, कर चार भाग-
निर्दिष्ट में निरत हो, रस से सदैव-।
स्वाध्याय दिव्य गुण की, करके मनोज्ञ-
आराधना विजय को, सफली बनावें ।।११।।

पढमं पोरिसि सज्झायं,
बीयं झाणं झियायइ ।
तईयाए भिक्खायरियं,
पुणो चउत्थीइ सज्झायं।।१२।।

स्वाध्याय कर्म करना, पहले समोद-
ध्यान क्रिया द्वितय की, परिसाधना है।
भिक्षाचरी त्रितय में, कर एषणा से-
स्वाध्याय ही फिर करे, शुभ साधना है ।।१२।।

आसाढे मासे दुपया,
पोसे मासे चउप्पया ।
चित्तासोएसु मासेसु,
तिप्पया हवइ पोरिसी।।१३।।

आषाढ़ मास दुपदा, क्ल पौरुसी है
आ पौष वृद्धि चय, चारु चतुष्पदी है।
चैत्राश्विनादि मधि है, त्रिपदी स्वरूपा-
सम्यक् स्वरूप इनका, समझे, मुनीन्द्र ।।१३।।

अंगुलं सत्तरत्तेणं,
पक्खेणं य दुरंगुलं ।
वड्ढए हायए वावि,
मासेणं चउरंगुलं।।१४।।
आसाढ-बहुल-पक्खे,
भद्दवए कत्तिए य पोसे य ।
फग्गुण-वइसाहेसु य,
बोद्धव्वा ओमरत्ताओ।।१५।।
जेट्ठामूले आसाढ-सावणे,
छहिं अंगुलेहिं पडिलेहा ।

छन्द-धनाक्षरी
पुरुष प्रमाण पौरुषी का, रूप नियत है
चौबीस अंगुल शंकु लेके, नाप पारे है।
दक्षिण उत्तर एन, काल का विभाग होत
प्रथम में वृद्धि हास, अन्य में सुधारे है।
आषाढ़ पूनम दिन, चौबीस अंगुल शंकु
षट्मास मध्य वाने, दुगुन उचारे है ।
परिज्ञान पौरुषी को, साधुजन राखे नित
या ही पौरुषी रहस्य, बुधजन सारे है ।।१४-१६।।

अट्ठहिं बीय-तइयम्मि,
तइए दस अट्ठहिं चउत्थे।।१६।।

बसन्ततिलका

रइंवि चउरो भागे,
भिक्खू कुज्जा वियक्खणो ।
तओ उत्तरगुणे कुज्जा,
राइभाएसु चउसुऽवि।।१७।।

उत्सर्ग रात्रि कृति को, करणार्थ साधु
चारों विभाग उसका, करके प्रसन्न ।
स्वाध्याय को प्रथम में, करणीय माने
ध्यानस्थ संयम करे, नित दूसरे में ।।१७।।

पढमं पोरिसि सज्झायं,
बीयं झाणं झियायई ।
तइयाए णिद्द-मोक्खं तु,
चउत्थी भुज्जो वि सज्झायं।।१८।।
जं णेइ जया रइं,
णक्खत्तं तम्मि णह चउब्भाए ।
सम्पत्ते विरमेज्जा,
सज्झायं पओस कालम्मि।।१६।।
तम्मेव य णक्खत्ते,
गयण-चउब्भाग-सावसेसम्मि ।
वेरत्तियंपि कालं,
पडिलेहित्ता मुणी कुज्जा।।२०।।

निद्रा लहे, त्रितय में, निज लाभकारी
चौथा प्रवास पठनार्थ, अवश्य माने ।
किन्तु प्रदोष, रजनीमुख में, पढ़े न
विद्यार्थ हेतु, नियमादिक पालना हो ।।१८-२०।।

पुव्वि-ल्लम्मि चउब्भाए,
पडिलेहित्ताण भंडयं ।
गुरुं वंदित्तु सज्झायं,
कुज्जा दुक्ख-विमोक्खणं।।२१।।

है दैन्यकृत्य अनिवार्य विशेष रूप-
पात्रादि का, सुपरिलेखन कार्य पश्चात्-।
आचार्य वन्दन करे, विनयानती हो-
स्वाध्याय हो, दुख निवृत्ति सहायकारी ।।२१।।

पोरिसीए चउब्भाए,
वंदित्ताण तओ गुरुं ।

अर्धार्ध पौरुष गये, गुरु वन्दन हो
कालादि का, प्रति-निरीक्षण के विना ही ।

अपडिक्कमित्ता कालस्स,
भायणं पडिलेहए।।२२।।

संभाजनादि परिलेखन बाद में हो
पाले, विशेष, दिनकृत्य सदा तपस्वी ।।२२।।

मुहपत्तिं पडिलेहित्ता,
पडिलेहिज्ज गोच्छगं ।
गोच्छग-लइयंगुलिओ,
वत्थाइं पडिलेहए।।२३।।

जाने, सदैव परिलेखन के, विधी को
पूर्वम् विलेखन करे मुखवस्त्रिका का ।
पश्चात् रजोहरण की प्रतिलेखना हो
सद्यः विधान उसका वसनादि का है ।।२३।।

उड्ढं थिरं अतुरियं,
पुव्वं ता वत्थमेव पडिलेहे ।
तो बिइयं पप्फोडे,
तइयं च पुणो पमज्जिज्जा।।२४।।

सर्वत्र पूर्व परिलेखन के, विधी को-
हो, एक रूप उकडू थिर आसनों से ।
वस्त्रादि ऊपर उठा, थिरता लिये ही
दृष्टि-प्रचार झटके, बिन वस्त्र देखे ।।२४।।

अणच्चावियं अवलियं,
अणाणुबंधिं अमोसलिं चेव ।
छ-प्पुरिमा णव खोडा,
पाणी पाणि-विसोहणं।।२५।।

वस्त्रादिकाय, परिनर्तन को बचावे
मोड़े न, वास परिदृष्ट रहे समक्ष ।
संस्पृष्ट भित्ति चय से, न कदापि होवे
संसक्त जीव परिलक्षित हो हटाये ।।२५।।

छन्द-धनाक्षरी

प्रतिलेखना के दोष :-

आरभडा सम्मद्दा,
वज्जेयव्वा य मोसली तइया ।
पप्फोडणा चउत्थी,
विक्खिता वेइया छट्ठी।।२६।।
पसिढिल-पलम्ब-लोला,
एगा-मोसा अणेग-रूव धुणा ।
कुणइ पमाणि पमायं,
संकिय-गणणोवगं कुज्जा।।२७।।

तेरा दोष होते प्रतिलेखन के त्यजनीय
आरभटा विपरीत सम्मर्द तजि दीजै ।
मोसली प्रस्फोटना विक्षिप्ता वेदिका को छोड़े
विधि रूप जान के भाव, भरि भजि लीजे ।
शिथिल प्रलम्ब लोल, एक मर्श दशवी है
दोष हानिकारक है, सुधारस समी जे ।
विविध विधूनना प्रमाण में, प्रमाद कार्य
गणनोपगणना सव हेतु, कानि कीजे ।।२६-२७।।

अणूणाइ रित्त-पडिलेहा,
अविवच्चासा तहेव य ।
पढमं पयं पसत्थं,
सेसाणि उ अप्पसत्थाइं।।२८।।

प्रस्फोटना न कम नाधिक रूप से है
सम्यक् प्रमार्जन विधान गृहीत माना ।
अन्यून औ अविपरीत विभेद तीन
अष्ट प्रभेद मधि आद्य विकल्प शुद्ध ।।२८।।

पडिलेहणं कुणंतो,
मिहो कहं कुणई जणवय-कहं वा ।
देइ व पच्चक्खाणं,
वाएइ सयं पडिच्छइ वा।।२६।।

वार्त्ता करे न परिलेखन मध्य काल
देश प्रदेश विकथा परिवर्जना है ।
अध्यापनाध्ययन भी करना न युक्त
एतत्सुकृत्य पचखान नहीं करावे ।।२६।।

पुढवी-आउक्काए,
तेऊ-वाऊ-वणस्सइ तसाणं ।
पडिलेहणा-पमत्तो,
छण्हं वि विराहओ होइ।।३०।।

पूर्वोक्त कार्य यदि मत्त मुनी करे तो
पृथ्व्यप् सुतेजस वनस्पति वायुकाय-।
त्रसकायकादि परिरूप विभाजनात्त
षट्काय का नियत हिंसक है अवश्य ।।३०।।

पुढवी-आउक्काए,
तेऊ-वाऊ-वणस्सइ-तसाणं ।
पडिलेहणा-आउत्तो,
छण्हं संखओ होइ।।३१।।
तइयाए पोरिसीए,
भत्तं पाणं गवेसए ।
छण्हं अण्ण-तराए,
कारणम्मि समुट्ठिए।।३२।।

सुव्यक्त कार्य जिसमें मुनि अप्रमत्त
पृथ्वी सुतेजस, वनस्पति, वायुकाय-।
सारे त्रसादि परिमुक्त बने, तपस्वी-
षट्कायिकादि सबकी परिपालना है ।।३१-३२।।

वेयण[1] वेयावच्चे
इरियट्ठाए[3] य संजमट्ठाए[4] ।
तह पाणवत्तियाए[5],
छट्ठं पुण धम्मचिंताए[6] ।।३३।।

क्षुद् वेदना शमन हेतु, तथा सुसेवा-
ईर्यादि पालन कृते, निज संयमार्थ-।
प्राण प्ररक्षण, निदान तथा स्वधर्म-
निर्दोष भक्त, परिपानक याचना हो ।

णिग्गंथो धिइमंतो,
णिग्गंथी वि ण करेज्ज छहिं चेव ।
ठाणेहिं उ इमेहिं,
अणइक्क-मणाइ से होइ।।३४।।
आयंके उवसग्गे,
तितिक्खया बम्भचेर-गुत्तीसु ।
पाणिदया तव-हेउं,
सरीर-वोच्छेयणट्ठाए।।३५।।

रोगार्त और उपसर्ग समृद्धि में, भी-
गुप्त्यर्थ ब्रह्मचर जीव दया हितार्थ-।
बाह्यान्तरादि तप कार्य, विलोप हेतु-
षट् हेतु भक्त, चय की, न करे गवेषा ।।३४-३५।।

अवसेसं भण्डगं गिज्झा,
चक्खुसा पडिलेहए ।
परमद्ध जोयणाओ,
विहारं विहरए मुणी।।३६।।

पात्रादि का सुपरिलेखन चक्षु से हो-
अर्धादि योजन चले, परिभक्त हेतु-।
वासादि सन्निधि मिले, न हि गोचरी हो-
पूर्वोक्त दूर तक ही, मुनि कल्प रूप ।।३६।।

चउत्थीए पोरिसीए,
णिक्खिवित्ताण भायणं ।
सज्झायं च तओ कुज्जा,
सव्व-भाव-विभावणं।।३७।।

तुर्यादिकाल परिलेखन पात्र बाँधे
आत्मार्थ चिन्तन करे, शुभ भावना से ।
जीवादि भाव परिरक्षक, भक्ति पूर्ण
स्वाध्याय में, सुपरिमज्जित हो सदैव ।।३७।।

पोरिसीए चउब्भाए,
वंदित्ताण तओ गुरुं ।
पडिक्कमित्ता कालस्स,
सेज्जं तु पडिलेहए।।३८।।

चौथे विभाग करके, गुरु वन्दना को-
उत्सर्ग काय विधि को करते विधिज्ञ ।
शय्यादि का नित करे परिलेखना भी
ये कृत्य हैं, नियत, अन्तिम पौरुषी का ।।३८।।

पासवणुच्चार भूमिं च,
पडिलेहिज्ज जयं जई ।
काउस्सग्गं तओ कुज्जा,
सव्व-दुक्ख-विमोक्खणं।।३९।।

यत्न प्रयत्न करके, मुनि साधना में
उच्चार पस्रवन के हित, लेखना हो ।
पश्चात् समग्र दुख से, विनिमुक्त साधु-
उत्सर्ग काय विधि का, विचरे विधान ।।३९।।

देवसियं य अइयारं,
चिंतिज्जा अणुपुव्वसो ।
णाणे य दंसणे चेव,
चरित्तम्मि तहेव य।।४०।।

ज्ञानादि दर्शन चरित्र समाधिबद्ध
दोषादि कर्म अपना, गुरु के समक्ष-।
आलोचना विधि करे, शुभ भावना से-
संचिन्तना, फिर करे, परिपूरणार्थ ।।४०।।

पारिय-काउस्सग्गो,
वंदित्ताण तओ गुरुं ।
देवसियं तु अइयारं,
आलोएज्ज जहक्कम्मं।।४१।।

उत्सर्ग पूर्ण करके, गुरु वन्दना को-
संशुद्ध भाव धरके, अतिचारणा की-।
आलोचना मुनि करे, जिन पास में हो
जो आत्म कार्य हित है, अनिवार्य रूप ।।४१।।

पडिक्कमित्तु णिस्सल्लो,
वंदित्ताण तओ गुरुं ।
काउस्सग्गं तओ कुज्जा,
सव्व-दुक्ख-विमोक्खणं।।४२।।

आत्म प्रतिक्रमण शल्य विमुक्तकारी
सम्यक्-प्रधानपन से, गुरु वन्दना हो-।
बाधा विहीन दुख मुक्त, सुलाभकारी-
उत्सर्ग कायरत हो, सुसमाधिवन्त ।।४२।।

पारिय-काउस्सग्गो,
वंदित्ताण तओ गुरुं ।
थुइ-मंगलं च काऊणं,
कालं संपडिलेहए।।४३।।

उत्सर्गकाय फिर पार करे, मुनीश
हो वन्दना, चरण में, परिकामना से-।
सिद्ध-स्तुति प्रबल भाव, विशेष से है
कालादि में फिर करे, प्रतिलेखना को ।।४३।।

पढमं पोरिसि सज्झायं,
बिइयं झाणं झियायइ ।
तइयाए णिद्दमोक्खं तु,
सज्झायं तु चउत्थिए।।४४।।

स्वाध्याय हो, प्रथम में, निज बोध हेतु
ध्यानादि कार्य करना, तब दूसरे में ।
निद्रा तृतीय परियाम लहे अवश्य
स्वाध्याय ही फिर करे, प्रहरे तुरीय ।।४४।।

पोरिसीए चउत्थीए,
कालं तु पडिलेहिया ।
सज्झायं तु तओ कुज्जा,
अबोहंतो असंजए।।४५।।

तुर्यादि काल पहले, प्रतिलेखना हो
स्वाध्याय में निरत हो, शुभ साधना से ।
योगी असंयत जगा, न तजे विवेक
आराधना फिर करे, धृति भावना से ।।४५।।

पोरिसीए चउब्भाए,
वंदिऊण तओ गुरुं ।
पडिक्कमित्तु कालस्स,
कालं तु पडिलेहए।।४६।।

तुर्यादि काल जिसका, कर भाग चौथा
हो वन्दना, गुरु समक्ष, विनीतकारी ।
काल प्रतिक्रमण भी, करके मनोज्ञ
कालादि की फिर करे, प्रतिलेखना को ।।४६।।

आगए काय-वोस्सग्गे,
सव्व-दुक्ख-विमोक्खणे ।
काउस्सग्गं तओ कुज्जा,
सव्व-दुक्ख-विमोक्खणं।।४७।।

दुःख प्रकर्ष परिमोचक भव्य रूप
उत्सर्ग के समय में, परिदुःख मुक्त ।
उत्सर्ग कर्म वृति को, करके गुणज्ञ
हो मुक्त, बुद्ध, परिमुक्त, विनम्र साधु ।।४७।।

राइयं च अइयारं,
चिंतिज्ज अणुपुव्वसो ।
णाणंमि दंसणंमि य,
चरित्तंमि तवंमि य।।४८।।

रात्री विशेष जिसमें, अनुचिन्तना हो
संबोध दर्शन चरित्र विशेष बद्ध ।
हो दोष और अतिचार लगे, कदापि
तो चिन्तना सहित ही, करना समीक्षा ।।४८।।

पारिय-काउस्सग्गो,
वंदित्ताण तओ गुरुं ।
राइयं तु अईयारं,
आलोएज्ज जहक्कम्मं।।४९।।

उत्सर्ग पूर्ण करके, गुरु पादपद्म-
भक्ति-प्रधान विनयी, कर वन्दना को-।
रात्रि-प्रदोष जिसकी, अतिचारणा की-
आलोचना फिर करे, उनके समक्ष ।।४९।।

पडिक्कमित्तु णिस्सल्लो,
वंदित्ताण तओ गुरुं ।
काउस्सग्गं तओ कुज्जा,
सव्वं-दुक्ख-विमोक्खणं।।५०।।

सम्यक् प्रतिक्रमित हो, परिमुक्त शल्य
हो वन्दना, चरण में सुसमाधिवन्त ।
बाह्य क्रियादि परिमोचन, शोधदायी
उत्सर्ग कर्म करना, मुनि योग्य माना ।।५०।।

किं तवं पडिवज्जामि,
एवं तत्थ विचिंतए ।
काउस्सग्गं तु पारित्ता,
करिज्जा जिणसंथवं।।५१।।

उत्सर्ग काय जिसमें, अनुचिन्तना हो
"मैं कौन-सा तप विशेष करूँ मनोज्ञ" ।
उत्सर्ग मुक्त बनके, गुरु वन्दना से-
स्वीकार, ताप तप को, स्तुति गान गाए ।।५१-५२।।

पारिय-काउस्सग्गो,
वंदित्ताण तओ गुरुं ।
तवं संपडिवज्जित्ता,
कुज्जा सिद्धाण संथवं।।५२।।

एसा सामायारी,
समासेण वियाहिया ।
जं चरित्ता बहू जीवा,
तिण्णा संसार-सागरं।।५३।।

संक्षिप्त आचरण की, विधि को बनाये
ऐसे समाचरण जो, परिबोध भव्य-।
पाले, विवेकपन से, तप रूप में वो
संसार तीर्ण करता, भव से गुणज्ञ ।।५३।।

२७ अध्ययन : खलुंकीय

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम है–खलुंकीय (खलुंकिज्ज)।
- खलुंक का अर्थ है–दुष्ट बैल। उसकी उद्दण्ड एवं अविनीत शिष्य से उपमा दी गई और ऐसे शिष्य की दुर्विनीतता का चित्रण किया गया है।
- अनुशासन और विनय ये दो रत्नत्रय की ग्रहणशिक्षा और आसेवनाशिक्षा के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनके बिना साधक ज्ञानादि में खोखला रह जाता है, उसके चारित्र की नीव सुदृढ नहीं होती। अनुशासनविहीन एवं दुर्विनीत शिष्य या तो उच्छृंखल एवं स्वच्छन्द हो जाता है, अथवा वह संयम से ही भ्रष्ट हो जाता है।
- अनुशासनहीन दुर्विनीत शिष्य भी खलुंक (दुष्ट बैल) की तरह संघ रूपी शकट और उसके स्वामी संघाचार्य की हानि करता है। थोडी–सी प्रतिकूलता या प्रेरणा का ताप आते ही संत्रस्त हो जाता है। जुए और चाबुक की तरह वह महाव्रत–भार और अंकुश को भंग कर डालता है और विपथगामी हो जाता है।
- अविनीत शिष्य खलुंक–सा दुष्ट, दंशमशक के समान कष्टदायक, जौंक की तरह गुरु के दोष ग्रहण करने वाला, वृश्चिक की तरह वचन–कंटकों से बीधने वाला, असहिष्णु, आलसी और गुरुकथन न मानने वाला होता है।
- वह गुरु का प्रत्यनीक, चारित्र में दोष लगाने वाला, असमाधि उत्पन्न करने वाला और कलहकारी होता है।
- वह चुगलखोर, दूसरों को सताने वाला, मर्म प्रकट करने वाला, दूसरों का तिरस्कार करने वाला, श्रमणधर्म के पालन में खिन्न और मायावी होता है।
- आत्मार्थी मुनि के लिए यही कर्त्तव्य है कि समाधि और साधना समूह से भंग होती हो या कोई निपुण या गुण में अधिक या सम सहायक न मिले तो अपने सयम की रक्षा करता हुए एकाकी रह कर साधना करे। अपने जीवन में पापवासना, विषमता, आसक्ति आदि रूप स्थान को न आने दे।

२७. खलुंकीय

थेरे गणहरे गग्गे,
मुणी आसि विसारए ।
आइण्णे गणि-भावम्मि,
समाहिं पडिसंधए।।१।।

उद्भूत गर्ग कुल में जगती प्रसिद्ध
गर्गाभिधान मुनि वृद्ध गणी मनस्वी ।
निष्णात आगम विशारद थे गुणज्ञ
शिष्यादि-पाठक, सुधीर, समाधियुक्त ।।१।।

वहणे वहमाणस्स,
कंतारं अइवत्तई ।
जोगे वहमाणस्स,
संसारो अइवत्तई।।२।।

कान्तार में शकटवाहन बैल से है-
काठिन्य मार्ग सुख पूर्वक पार होता ।
वैसे समाधि परियुक्त सुसंयमी भी-
संसार पार करता सुख से मुनीश ।।२।।

खलुंके जो उ जोएइ,
विहम्माणो किलिस्सइ ।
असमाहिं च वेएइ,
तोत्तओ य से भज्जइ।।३।।

जो दुष्ट बैल निज वाहन जोतता है
संक्लेशपूर्ण उसकी गतिशीलता है ।
वो मारता दुखित हो निरुपाय होके
होता समाधि परिहीन कशाविहीन ।।३।।

एगं डसइ पुच्छम्मि,
एगं विंधइ-ऽभिक्खणं ।
एगो भंजइ समिलं,
एगो उप्पह-पट्ठिओ।।४।।

क्षुब्ध प्रकृष्ट परिवाहक, देख वृत्ति
उत्खिन्न भाव मन से, फिर पूंछ काटे ।
बींधे, उसे हृदय में, परिदुःख देवे
तोड़े जुए, वह कुमार्ग विशेष जाता ।।४।।

एगो पडइ पासेणं,
णिवेसइ णिवज्जइ ।
उक्कुद्दइ उप्फिडइ,
सढे बालगवी वए।।५।।

कोई गिरा, वृषभ पार्श्व विषादशील
बैठे व लेट परिकूर्दन शीलता से ।
मारे उछाल, अथवा वह गाय पीछे-
भागे, विशेष सबको परिदुःख देता ।।५।।

माई मुद्धेण पडइ,
कुद्धे गच्छइ पडिप्पहं ।
मय लक्खेण चिट्ठइ,
वेगेण य पहावई।।६।।

मायादि रूप शिर को, कर के निढ़ाल
पृथ्वी निकृष्टिपन से, गिरता अवश्य ।
उन्मार्ग में कुपित हो, भगता वराक
निश्चेष्ट भूमि पड़ता, परिवेग बैल ।।६।।

छिण्णाले छिंदइ सेल्लिं,
दुद्दंतो भंजए जुगं ।
से वि य सुस्सुया-इत्ता,
उज्जहित्ता पलायए।।७।।

छिन्नाल मानस बना, वह रास तोड़े
दुर्दान्त होकर जुआ, परिनाशता है ।
सूँ-सूँ पुकार कर, वाहन छोड. नैज-
उन्मार्ग पै गमन ही, परिरोचता है ।।७।।

खलुंका जारिसा जोज्जा,
दुस्सीसा वि हु तारिसा ।
जोइया धम्म-जाणम्मि,
भज्जंति धिइ-दुब्बला।।८।।

जैसे अयोग्य वृष वाहन, तोड़ता है
दुःशिष्य भी, धरमयान विखण्डता है ।
धैर्यादिमुक्त, नय हीन, विरुद्ध दुष्ट
होता नहीं, वृषभ तुल्य अभीष्टकारी ।

इड्ढी-गारविए एगे,
एगेऽत्थ रसगारवे ।
साया-गारविए एगे,
एगे सुचिर कोहणे।।९।।

ऐश्वर्य गौरव करे, अभिमान युक्त
एवम् रसादि चय की, कर तीव्र चिन्ता ।
सौख्यादि चाह करके, अविनीत शील
कोप, प्रकोप करता, चिरकाल शिष्य ।।

भिक्खा-लसिए एगे,
एगे ओमाण भीरुए ।
थद्धे एगे-अणुसासम्मि,
हेऊहिं कारणेहिं य।।१०।।

आलस्य युक्त करता, वह गोचरी को
लोकापवाद भय से, डरता सदैव-।
हेत्वादि कारण कहे, गुरु देशना तो-
तो भी, न वोध वुधता, उसमें समाती ।।१

सोवि अंतर-भासिल्लो,
दोसमेव पकुव्वइ ।
आयरियाणं तु वयणं,
पडिकूलेइ-ऽभिक्खणं।।११।।

वादी प्रवाद करता, गुरु वाक्य में भी
आचार्य के वचन में, फिर दोष देखे ।
जो बार बार वचनादिक, टालता है
दुश्शील शिष्य, जिसकी यह भावना है ।।११।।

ण सा ममं वियाणाइ,
णवि सा मज्झ दाहिई ।
णिग्गया होहिइ मण्णे,
साहू अण्णोऽत्थ वज्जउ।।१२।।

भिक्षार्थ के समय, शिष्य कहे गणी से
संबुद्धहीन मुझ से, गृहिणी रही है ।
देगी न, वस्तु, मुझको अनभिज्ञ है वो
मैं मानता, घर नहीं, पर को पठावे ।।१२।।

पेसिया पलि उंचन्ति,
ते परियंति समन्तओ ।
रायवेट्ठिं च मण्णंता,
करेंति भिउडिं मुहे।।१३।।

भव्य-प्रयोजन निदान, विशेष भेजा-
लौटा, न कार्य, करके अपलापकारी ।
घूमे, सदा इधर तो, फिर और तत्र
बेगार रूप, समझे गुरु कार्य सारा ।।१३।।

वाइया संगहिया चेव,
भत्तपाणेण पोसिया ।
जाय-पक्खा जहा हंसा,
पक्कमंति दिसो दिसिं।।१४।।

दीक्षा प्रशिक्षण, विधान समग्र युक्त
भक्तादि पान, विधि से, परिपुष्ट गात्र ।
ऐसा, कुशिष्य गुरु से, विपरीत जाता
ज्यों, हंस पक्ष मिलने पर, दूर भागे ।।१४।।

अह सारही विचिंतेइ,
खलुंकेहिं समागओ ।
किं मज्झ दुट्ठ-सीसेहिं,
अप्पा मे अवसीयइ।।१५।।

खिन्न प्रकृष्ट बनते, गुरु सारथी भी
सोचे, विशेष मन में, यदि शिष्य दुष्ट ।
कोई न लाभ इनसे, परिषद् खलुंक
सन्ताप नित्य, मिलता खल संगती से ।।१५।।

जारिसा मम सीसाउ,
तारिसा गलि-गद्दहा ।
गलि-गद्दहे जहित्ताणं,
दढं पगिण्हइ तवं।।१६।।

ये मूर्ख शिष्य, गलिगर्दभ के समान
दिग्भ्रान्त से, भटकते परियाम में है ।
ऐसे कुशिष्य तज के, निज साधना में-
आचार्य गर्ग, परिलीन हुए अकेले ।।१६।।

मिउ-मद्दव संपण्णो,
गम्भीरो सुसमाहिओ ।
विहरइ महिं महप्पा,
सील भूएण अप्पणा।।१७।।

कौशल्य, मार्दव, समाहित शीलवन्त-
गाम्भीर्य से, सुपरिलक्षित हो, मुनीन्द्र ।
आत्मस्थ वे, तब हुए, निज शिष्य छोड़
संपृक्त, भूरि करते, वसुधासुधा से ।।१७।।

२८ अध्ययन : मोक्षमार्गगति

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम 'मोक्षमार्गगति' (मोक्खमग्गगई) है।
- मोक्ष जीवन का अन्तिम लक्ष्य है और मार्ग उसको पाने का उपाय। गति साधक का अपना यथार्थ पुरुषार्थ है। साध्य हो, किन्तु साधन न मिले तो साध्य प्राप्त नही किया जा सकता। इसी प्रकार साध्य भी हो, साध्यप्राप्ति का उपाय भी हो, किन्तु उसकी ओर चरण न बढे तो वह प्राप्त नही हो सकता।
- प्रस्तुत अध्ययन मे मोक्षप्राप्ति के चार उपाय (साधन) बताए है–ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप। यद्यपि तत्त्वार्थसूत्र मे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र को मोक्षमार्ग बताया गया है और यहाँ तप को अधिक बताया है, किन्तु यह विवक्षाभेद के कारण ही है। चारित्र मे ही तप का समावेश हो जाता है। इस चतुरंग मोक्षमार्ग मे गति करने वाले साधक ही उस चरम लक्ष्य को प्राप्त करते हैं।
- मोक्षप्राप्ति का प्रथम साधन सम्यग्ज्ञान है। बिना ज्ञान के कोरी क्रिया अधी है और क्रिया के बिना ज्ञान पंगु है। अत सर्वप्रथम ज्ञान के निरूपण के सन्दर्भ मे 5 ज्ञान और उसके ज्ञेय द्रव्यगुण–पर्याय तथा षट्द्रव्य का प्रतिपादन है।
- दूसरा साधन दर्शन है, जिसका विषय है–नौ तत्त्वो की उपलब्धि–वास्तविक श्रद्धा। वे तत्त्व यहाँ स्वरूपसहित बनाए है। फिर दर्शन को निसर्गरुचि आदि 10 प्रकारों से समझाया गया है।
- तृतीय मार्ग है–चारित्र। उसके सामायिक आदि 5 भेद है, जिनका प्रतिपादन यहाँ किया गया है।
- अन्त मे मोक्ष के चतुर्थ साधन तप के दो रूप–ब्राह्य और आभ्यन्तर बता कर प्रत्येक के 6–6 भेदो का संगोपांग निरूपण किया है।

- कुछ अनिवार्यताएँ बताई हैं–दर्शन के बिना ज्ञान सम्यक् नहीं होता, सम्यग्ज्ञान के बिना चारित्र असम्यक् है और चारित्र नहीं होगा, तब तक मोक्ष नहीं होता। मोक्ष के बिना आत्मसमाधि, समग्र आत्मगुणों का परिपूर्ण विकास या निर्वाण प्राप्त नहीं होता।

२८. मोक्षमार्गगति

मोक्ख-मग्ग-गइं तच्चं,
सुणेह जिण-भासियं ।
चउ-कारण संजुत्तं,
णाण-दंसण-लक्खणं।।१।।

ज्ञानादि चार पटु कारण जान के ही-
संबुद्ध साधक, जिनेन्द्र पथानुगामी-।
मुक्ति-प्रधान धन की, उपलब्धि हेतु-
सम्यक् विवेचन सुनो, सुख से मनोज्ञ ।।१।।

णाणं च दंसणं चेव,
चरित्तं च तवो तहा ।
एस मग्गुत्ति पण्णत्तो,
जिणेहिं वर-दंसिहिं।।२।।
णाणं च दंसणं चेव,
चरित्तं च तवो तहा ।
एयं मग्ग-मणुप्पत्ता,
जीवा गच्छंति सोग्गइं।।३।।

संबोधि, दर्शन, चरित्र, तपस्वरूप-
की देशना प्रभु जिनेन्द्र निदिष्टपूर्ण ।
आरूढ हो गमन जो करता उसे ही-
मोक्ष प्रशस्त, मिलता निरपाय धाम ।।२-३।।

तत्थ पंचविहं णाणं,
सुयं आभिणिबोहियं ।
ओहि-णाणं तु तइयं,
मण-णाणं च केवलं।।४।।
एयं पंचविहं णाणं,
दव्वाण य गुणाण य ।
पज्जवाणं च सव्वेसिं,
णाणं णाणीहिं देसियं।।५।।

हैं, ज्ञान पांच मतिपूर्वक बोधकारी-
सम्यक् श्रुतादि अवधी मनपर्यवादि-।
कैवल्य युक्त अववोधक, दाव संग-
पर्याय सयुत, गुणोच्चय के विशिष्ट ।।४-५।।

गुणाण-मासओ दव्वं,
एग-दव्वस्सिया गुणा ।
लक्खणं पज्जवाणं तु,
उभओ अस्सिया भवे।।६।।

है द्रव्य आश्रय, गुणादि समूह के ये-
प्रत्येक में, निवसना, गुण का स्वभाव-।
पर्याय आश्रय सदा गुण दव्व दोनों-
तीनों विशिष्ट परिलक्षण युक्त जानों ।।६।।

धम्मो अहम्मो आगासं,
कालो पुग्गल-जंतवो ।
एस लोगो-त्ति पण्णत्तो,
जिणेहिं वर-दंसिहिं।।७।।

षड्द्रव्य रूप परिकल्पित लोक सारा-
ऐसा जिनेन्द्र परिरूपण शास्त्र में है ।
आकाशकाल परिपुद्गल जीव रूप-
धर्माद्य धर्म-युत दव्व सरूप सिद्ध ।।७।।

धम्मो अहम्मो आगासं,
दव्वं इक्किक्क-माहियं ।
अणंताणि य दव्वाणि,
कालो पुग्गल-जंतवो।।८।।
गइ-लक्खणो उ धम्मो,
अहम्मो ठाण-लक्खणो ।
भायणं सव्व-दव्वाणं,
णहं ओगाह-लक्खणं।।९।।

धर्माद्यधर्म नभ एक विशेष जानों
जीवादि काल अरु पुद्गल है अनन्त ।
हैं हेतु ये, युगल यान गती निरोध-
में, द्रव्य आश्रय सदा, वह एक मात्र ।।८-९।।

वत्तणा-लक्खणो कालो,
जीवो उवओग-लक्खणो ।
णाणेणं दंसणेणं च,
सुहेण य दुहेण य।।१०।।
णाणं च दंसणं चेव,
चरित्तं च तवो तहा ।
वीरियं उवओगो य,
एयं जीवस्स लक्खणं।।११।।

है, काल वर्तन गुण, उपयोग जीव-
दुःखादि रूप सुख दर्शन लक्षणाक्त-।
है, ज्ञान दर्शन चरित्र तप स्वरूप-
वीर्योपयोग गुण लक्षण युक्त जीव ।।१०-११।।

सद्दन्धयार-उज्जोओ,
पभा छाया ऽऽतवो-इ वा ।
वण्ण-रस-गंध-फासा,
पुग्गलाणं तु लक्खणं।।१२।।

शब्दान्धकार नभ पूरित दीप्ति रूप-
छायादि आतप विभा रस वर्ण गन्ध-।
स्पर्शादि पुद्गल सरूप समक्षदृष्ट-
सर्वज्ञ दिष्ट जिन शासन में गृहीत ।।१२।।

एगत्तं च पुहुत्तं च,
संखा संठाण-मेव य ।
संजोगा य विभागा य,
पज्जवाणं तु लक्खणं।।१३।।

एकत्व भेद रु पृथक् परिसंख्य आदि-
संस्थान आकृति विभाग तथा सयोग-।
पर्याय लक्षण निदिष्ट किया गया है
स्याद्वाद दर्शन विधायक देव दृष्ट ।।१३।।

जीवाजीवा य बंधो य,
पुण्णं पावाऽसवो तहा ।
संवरो णिज्जरा मोक्खो,
सन्त्येए तहिया णव।।१४।।

जीवाद्यजीव परिपुण्य अथाश्रवादि-
बन्धादि संवर तथा परिनिर्जरादि-।
ये तत्त्व मोक्ष पद हेतु, विशेष योग्य-
आराधना कर, पुनीत बने मनुष्य ।।१४।।

तहियाणं तु भावाणं,
सब्भावे उवएसणं ।
भावेण सद्दहंतस्स,
सम्मत्तं तं वियाहियं।।१५।।

तथ्य स्वरूप चय की, धृति धारणा से
श्रद्धान भक्ति करता, नित भाव पूर्ण ।
सम्यकृत्व बीज वपनादिक कृत्य रूप
मोक्ष-प्रधान फल की, उपलव्धि होती ।।१५।।

णिसग्गुवएस-रुई,
आणारुई सुत्त-बीयरुइ मेव ।
अभिगम-वित्थार रुई,
किरिया-संखेव धम्मरुई।।१६।।

सम्यकृत्व के दस, सरूप निसर्ग आदि-
आज्ञोपदेश, अनुरञ्जित, सूत्र-बीज-।
संक्षेप-विस्तृत-रुचीकृति धर्मधारी-
श्रद्धा सदा, अभिगमादि विबोधशील ।।१६।।

भूयत्थे-णाहि-गया,
जीवाजीवा य पुण्ण-पावं च ।
सह सम्मइयाऽसव-संवरो य,
रोएइ उ णिसग्गो।।१७।।

प्राप्तव्य वोध निज से, करके समीक्षा-
नौ तत्त्व के विषय में, अनुभूतिपूर्व-।
श्रद्धा स्वरूप विधि से, परिपालना से-
नैसर्ग रूप, रुचि को, समझे गुणज्ञ ।।१७।।

जो जिणदिट्ठे भावे,
चउव्विहे सद्दहाइ सयमेव ।
एमेव णण्णह त्ति य,
स णिसग्गरुइ त्ति णायव्वो।।१८।।

सर्वज्ञ दिष्ट उपदिष्ट विशेष तत्त्व
में, अन्यथा न रखना, निज भावना को।
वस्तु स्वरूप नित सत्य, विशिष्ट भाव
नैसर्ग रूप रुचि को, समझे गुणज्ञ ।।१८।।

एए चेव उ भावे,
उवइट्ठे जो परेण सद्दहई ।
छउमत्थेण जिणेण व,
उवएसरुइ त्ति णायव्वो।।१९।।
रागो दोसो मोहो,
अण्णाणं जस्स अवगयं होइ ।
आणाए रोयंतो,
सो खलु आणारुई णामं।।२०।।

छद्मस्थ अन्य जिन दिष्ट पदार्थ जीव-
श्रद्धान पूर्ण उपदेश, रुचि कहीं है ।
द्वेषादि राग परिमोह अबुद्धता भी-
हो दूर पूर्ण, उनकी रुचि रूप आज्ञा ।।१९-२०।।

जो सुत्त-महिज्जंतो,
सुएण ओगाहई उ सम्मत्तं ।
अंगेण बाहिरेण व,
सो सुत्तरुइ त्ति णायव्वो।।२१।।

अंग प्रविष्ट मत का, कर बोध सारा-
अंगादि बाह्य पर भी, अवगाहना हो ।
सम्यक्त्व बोध धन की, उपलब्धि से ही-
सूत्राख्य रूप रुचि को, कहते मनीषी ।।२१।।

एगेण अणेगाइं पयाइं,
जो पसरइ उ सम्मत्तं ।
उदए व्व तेल्लबिंदू,
सो बीयरुई त्ति णायव्वो।।२२।।

सम्यक्त्व एक पद से, वह तत्त्व में भी-
प्रत्न प्रयास बिन, साहज पद्धती से-।
विस्तारशील बनती, रुचि बीज रूप-
पानीय मध्यगत तैल, समान भव्य ।।२२।।

सो होइ अभिगम रुई,
सुयणाणं जेण अत्थओ दिट्ठं ।
एक्कारस अंगाइं,
पइण्णगं दिट्ठिवाओ य।।२३।।

एकादशांग गत, विस्तृत से प्रकीर्ण
सम्वद्ध दृष्टि परिवाद समग्र पूर्ण ।
श्रोतादि वोध विधि से उपलब्धि रूप
षष्ठ प्रभेद निहिताभिगमारुची है ।।२३।।

दव्वाण सव्वभावा,	प्रत्यक्ष सम्यगभिधेय नियोगकारी-
सव्व पमाणेहिं जस्स उवलद्धा ।	लिंगादि से, विदित मान परोक्ष रूप ।
सव्वाहिं णय-विहीहिं,	सातों, नयादिचय से, सम वस्तु बोध
वित्थाररुइ त्ति णायव्वो।।२४।।	विस्तार रूप रुचि को, समझें गुणज्ञ ।।२४।।
दंसण-णाण-चरित्ते,	ज्ञानादि दर्शन चरित्र तपस्वरूप-
तव-विणए सच्च-समिइ-गुत्तीसु ।	सत्यक्रिया समिति गुप्ति विनीत भाव-।
जो किरियाभाव-रुई,	पै हो, रुची करण से, कर धारणा को
सो खलु किरियारुई णाम।।२५।।	वो ही क्रिया रुचि, विशेष कही गयी है ।।२५।।
अणभिग्ग-हिय-कुदिट्ठी,	निर्ग्रन्थ के वचन में, अनभिज्ञपूर्ण
संखेवरुइ-त्ति होइ णायव्वो ।	मिथ्या प्रभाषण विधान, रहस्य शून्य-।
अविसारओ पवयणे,	दृष्टि-प्रदोष जिसमें, कुछ भी नहीं है
अणभिग्गहिओ य सेसेसु।।२६।।	संक्षिप्त रूप रुचि, अल्प विबोधशाली ।।२६।।
जो अत्थिकाय-धम्मं,	धर्मास्तिकाय परिबोध, विशेष युक्त-
सुय-धम्मं खलु चरित्त-धम्मं च ।	श्रद्धा स्वरूप करता, चरण क्रिया में-।
सद्दहइ जिणाभिहियं,	श्रौत क्रिया वरण हो, परिपूर्ण जानें-
सो धम्मरुइत्ति णायव्वो।।२७।।	वो धर्म रूप रुचि है, जिन धर्मनिष्ठ ।।२७।।
परमत्थ संथवो वा,	सम्यक् स्वरूप परमार्थ, विशेष जानें
सुदिट्ठ परमत्थ-सेवणा वावि ।	व्यापन्न दर्शन समेत, कुदर्शना से-।
वावण्ण कुदंसण-वज्जणा,	तत्त्व प्रदर्शनमयी, परिसेवना को-
य सम्मत्त सद्दहणा।।२८।।	जो दूर, वो समकिती, शुचि रूप में हैं ।।२८।।
णत्थि चरित्तं सम्मत्त विहूणं,	सम्यक्त्वहीन चरणादिक है न शक्य
दंसणे उ भइयव्वं ।	चारित्र मुक्त वह तो रहता अवश्य ।
सम्मत्त-चरित्ताइं,	सम्यक्त्व और चरणादिक साथ होते
जुगवं पुव्वं व सम्मत्तं।।२९।।	चारित्रपूर्ण समभाव सुलाभकारी ।।२९।।

णादंसणिस्स णाणं,
णाणेण विणा ण हुंति चरणगुणा ।
अगुणिस्स णत्थि मोक्खो,
णत्थि अमोक्खस्स णिव्वाणं।।३०।।

सम्यक्त्वरिक्त परिबोध न शोभता है
बोधित्वहीन चरणादिक सम्भवी क्या ?
चारित्र शून्य परिमोक्ष, मिला किसे है ?
निर्वाण रिक्त, शुभ सौख्य, मिले कहीं क्या ? ।।३०।।

णिस्संकिय-णिक्कंखिय-
णिव्वितिगिच्छा अमूढदिट्ठी य ।
उवबूह-थिरीकरणे,
वच्छल्ल-पभावणे अट्ठ।।३१।।

धनाक्षरी-

शंकाओं आकांक्षाओं को भव भाव विषयक
धर्मफल संशय को भूरि-भूरि त्यागना ।
देव गुरु शास्त्र, अरु लोक मूढ़ता से मुक्त
गुणिजन परशंसा नित प्रति भावना ।
गुण नित प्रति बढ़े, थिरीकरणादिक से
बात सत्य भाव भव्य सतत विकासना ।
प्रतीत-प्रभावना यह, अष्ट सम्यक्त्व अंग
जैन-शास्त्र संरहस्य, श्रद्धा युत जानना ।।३१।।

सामाइ-यत्थ पढमं,
छेओ-वट्ठावणं भवे बीयं ।
परिहार-विसुद्धीयं,
सुहुमं तह संपरायं च।।३२।।

छन्द-बसन्ततिलका

चारित्र पंचविध है, प्रभु से प्रदिष्ट
सामायिक प्रथम, छेदन दूसरा है ।
औ है तृतीय, फिर भी परिहार शुद्धि
चौथा, स्वरूप परिसूक्ष्म, कहा गया है ।।३२।।

अकसाय-महक्खायं,
छउमत्थस्स जिणस्स वा ।
एयं चयरित्तकरं,
चारित्तं होइं आहियं।।३३।।

है जो कषाय, परिमुक्त चरित्र रूप
याथाख्य भाव, परिलक्षित हो सदैव ।
छद्मस्थ केवल, जिसे करते गृहीत
चारित्रकर्म चयरिक्त, कहा गया है ।।३३।।

तवो य दुविहो वुत्तो,
बाहि-रब्भंतरो तहा ।

है दो प्रकार, तप का, परिगान भव्य
आन्तर्य वाह्य, उनकी परिदेशना है ।

बाहिरो छव्विहो वुत्तो,
एव-मब्भंतरो तवो।।३४।।

बाह्यादि ताप तप है, विध षट् स्वरूप
है दूसरा, सदृश ही, अभिधान युक्त ।।३४।।

णाणेण जाणेइ भावे,
दंसणेण य सद्दहे ।
चरित्तेण णिगिण्हाइ,
तवेण परिसुज्झइ।।३५।।

आत्म प्रबोध धन से जग जानता हूँ
श्रद्धान दर्शन सरूप, कहा गया है ।
चारित्र से क्षय करे, निज कर्मबन्ध-
होता, विशुद्ध करके, तप को विशिष्ट ।।३५।।

खवित्ता पुव्व कम्माइं,
संजमेण तवेण य ।
सव्वदुक्ख-पहीणट्ठा,
पक्कमंति महेसिणो।।३६।।

दुःख प्रमुक्त बनने, हित साधना से
संयाम और तप से, निज कर्म सारे ।
पूरा, विनष्ट करके, अति भव्य रूप-
मोक्ष स्वरूप पथ पै, चलते महर्षि ।।३६।।

२९ अध्ययन : सम्यक्त्वपराक्रम

अध्ययन–सूत्र संकेत

- प्रस्तुत अध्ययन का नाम सम्यक्त्व–पराक्रम है। इससे सम्यक्त्व में पराक्रम करने का, अथवा सम्यक्त्व अर्थात् दर्शन, ज्ञान, चारित्र एवं तप के प्रति सम्यक्रूप में श्रद्धा करने का दिशानिर्देश मिलता है, इसलिए यह गुणनिष्पन्न नाम है। कई आचार्य इसे 'वीतरागश्रुत' अथवा 'अप्रमादश्रुत' भी कहते हैं।
- इसमें अध्यात्मसाधना अथवा मोक्षप्राप्ति की साधना का सम्यक् दृष्टिकोण, महत्त्व, परिणाम और लाभ सूचित किया गया है। इसमें सम्पूर्ण उत्तराध्ययनसूत्र के सार का समावेश हो जाता है।
- प्रस्तुत अध्ययन में 73 प्रश्न और उनके उत्तर हैं। 73 बोलों की फलश्रुति बहुत ही गहनता के साथ बताई गई है।
- अन्त में योगनिरोध एवं शैलेशी अवस्था का क्रम एवं मुक्त जीवो की गति–स्थिति आदि का निरूपण किया गया है। अतः सम्यक्रूप से पूर्ण श्रद्धा, प्रतीति, रुचि, स्पर्शन, पालन करने से, गइराई से जानने से, इसके गुणोत्कीर्त्तन से, शोधन से, आराधन से, आज्ञानुसार, अनुपालन से साधक परिपूर्णता के–मुक्ति के–शिखर पर पहुँच सकता है, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

२९. सम्यक्त्वपराक्रम

सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं। इह खलु सम्मत्त-परक्कमे णामं अज्झयणे समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइए, जं सम्मं सद्दहित्ता पत्तियाइत्ता रोयइत्ता फासित्ता पालइत्ता तीरित्ता कित्तइत्ता सोहइत्ता आराहित्ता आणाए अणुपालइत्ता बहवे जीवा सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणमंतं करेंति।

छन्द-धनाक्षरी

काश्यप गोत्रीय भगवान महावीर स्वामी-
सम्यक्त्व-पराक्रम अध्याय को उचारे हैं ।
बाकी सम्यक् श्रद्धा से, प्रतीति रुचि फर्शना से
परिबोध गाम्भीर्य से, भक्ति युक्त पारै हैं ।
कीर्तन से, शुद्धि रूप, भावना आराधना से
आज्ञा अनुकूल, अनुपालना विचारे हैं ।
जीव सिद्ध बुद्ध परिमुक्त, होके मायाहीन-
परिनिरवाण पाय, दु:ख जारि डारै हैं ।

तस्स णं अयमट्ठे एवमाहिज्जइ, तंजहा-

संवेगे[1] णिव्वेए[2] धम्मसद्धा[3] गुरु-साहम्मिय-सुस्सूसणया[4] आलोयणया[5] णिंदणया[6] गरिहणया[7] सामाइए[8] चउव्वीसत्थवे[9] वंदणे[10] पडिक्कमणे[11] काउस्सग्गे[12] पच्चक्खाणे[13] थव'थुईमंगले[14] कालपडिलेहणया[15] पायच्छित्तकरणे[16] खमावयणया[17] सज्झाए[18] वायणया[19] पडिपुच्छणया[20] परियट्टणया[21] अणुप्पेहा[22] धम्मकहा[23] सुयस्स आराहणया[24]

एगग्ग-मण-संणिवेसणया[२५] संजमे[२६] तवे[२७] वोदाणे[२८] सुहसाए[२९] अप्पडिबद्धया[३०] विवित्त- सयणासण-सेवणया[३१] विणियट्टणया[३२] संभोग- पच्चक्खाणे[३३] उवहि- पच्चक्खाणे[३४] आहार- पच्चक्खाणे[३५] कसाय- पच्चक्खाणे[३६] जोग-पच्चक्खाणे[३७] सरीर - पच्चक्खाणे[३८] सहाय- पच्चक्खाणे[३९] भत्त-पच्चक्खाणे[४०] सब्भाव - पच्चक्खाणे[४१] पडिरूवणया[४२] वेयावच्चे[४३] सव्वगुण - संपण्णया[४४] वीयरागया[४५] खंती[४६] मुत्ती[४७] मद्दवे[४८] अज्जवे[४९] भावसच्चे[५०] करणसच्चे[५१] जोगसच्चे[५२] मणगुत्तया[५३] वयगुत्तया[५४] कायगुत्तया[५५] मण-समाधारणया[५६] वय-समाध ारणया[५७] काय- समाधारणया[५८] णाण-संपण्णया[५९] दंसण-संपण्णया[६०] चरित्त- संपण्णया[६१] सोइंदिय-णिग्गहे[६२] चक्खुंदिय - णिग्गहे[६३] घाणिंदिय- णिग्गहे[६४] जिब्भिंदिय-णिग्गहे[६५] फासिंदिय - णिग्गहे[६६] कोह-विजए[६७] माण-विजए[६८] माया-विजए[६९] लोह-विजए[७०] पेज्ज-दोस-मिच्छादंसण विजए[७१] सेलेसी[७२] अकम्मया[७३]।

(१) संवेगेणं भंते ! जीवे किं जणयइ ?

संवेगेणं अणुत्तरं धम्मसद्धं जणयइ । अणुत्तराए धम्मसद्धाए संवेगं हव्वमागच्छइ। अंणताणुबंधि- कोह-माण-माया-लोहे खवेइ। णवं च कम्मं ण बंधइ । तप्पच्चइयं च णं मिच्छत्तविसोहिं काऊण दंसणाराहए भवइ।

संवेग से जीव, सर्वश्रेष्ठ-धर्म श्रद्धा लहै
जाके परिपालन से, मोक्ष रुचि छावै है ।
अनन्तानुबंधी क्रोध, मान, माया अरु लोभ
करे क्षय, नूतन, करम न बंधावै है ।
अनन्तानुवन्धी तीव्र, कषाय की क्षीणता से-
मिथ्यात्व विशुद्ध रूप, दर्शन को जावै है ।

दंसणविसोहीए य णं विसुद्धाए अत्थेगइए तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झइ । विसोहीए य णं विसुद्धाए तच्चं पुणो भवग्गहणं णाइक्कमइ ।

होके जीव शुद्धं कछु, उसी भव मोक्ष जावे
कछु शुद्ध तीजे भव, मोक्ष पद पावे है ।।१।।

(२) णिव्वेएणं भंते ! जीवे किं जणयइ? णिव्वेएणं दिव्व-माणुस- तेरिच्छिएसु कामभोगेसु णिव्वेयं हव्व-मागच्छइ। सव्व-विसएसु विरज्जइ। सव्व-विसएसु विरज्जमाणे आरम्भ परिच्चायं करेइ, आरम्भ-परिच्चायं करेमाणे संसारमग्गं वोच्छिंदइ, सिद्धिमग्गं पडिवण्णे य हवइ।

निर्वेद से जीव देव, नर तिर्यंक् भोगादि से-
विषय विरक्त, सक्त, शीघ्र बनि जावै है ।
विरक्त हो, विषयो से, आरम्भ का त्याग करें
सर्वारम्भ त्याग कर, त्यागी रूप पावै है ।
भव मार्ग उच्छेद से, आतम सरूप बोध
अनन्त सुखों में लीन, सिद्धी पद पावै है ।
अपुनरावृत्ति रूप, होवे जाकी दिव्य गति
निरवेदी, अव्याबाध, सुख में समावै है ।।२।।

(३) धम्म-सद्धाए णं भंते जीवे किं जणयइ ? धम्मसद्धाए णं साया-सोक्खेसु रज्जमाणे विरज्जइ। आगारधम्मं च णं चयइ । अणगारिए णं जीवे सारीर-माणसाणं दुक्खाणं छेयण-भेयण संजोगाईणं वोच्छेयं करेइ, अव्वाबाहं च सुहं णिव्वत्तेइ ।

धरम श्रद्धा से साता, वेदनीय कर्मजन्य
वैषयिक सुखों से, आसक्ति सब टारै है ।
आगार धरम त्यागि, श्रमणत्व नित्य पाले
होके अणगार रूप, दश धर्म धारै है ।
छेदन भेदन आदि, शारीरिक संयोगादि
मानसिक दुःखों को, समूल जारि डारै है ।
रत्नत्रय प्राप्त कर, कृत्स्न कर्म क्षय करि
अव्याबाध मुक्ति सुख, सुधा सनिसारै है ।।३।।

(४) गुरु- साहम्मियसुस्सूसणयाए णं भंते ! जीवे किं जणयइ ? गुरु-साहम्मिय सुस्सूसणयाए णं विणय-पडिवत्तिं जणयइ । विणय पडिवण्णे य णं जीवे अणच्चा सायण-सीले नेरइय-तिरिक्ख जोणिय मणुस्स-देव-दुग्गइओ णिरुम्भइ।

गुरु तथा साधार्मिक, शुश्रूषा से जीव सदा
विनै प्रतिपत्ति रत, लाभान्वित होवै है ।
आशातना परिवादादिक रूप दोष मुक्त
तिर्यक् नारक, देव नर दुर्गति निरोधै है ।
श्लाघा, संज्वलन भक्ति, बहुमान [illegible]
दिव्य देव, मानव की. सुगति [illegible] है ।

वण्ण-संजलण-भत्ति-बहुमाणयाए मणुस्स-देवसुग्गइओ णिबंधइ, सिद्धिं-सोग्गइं च विसोहेइ। पसत्थाइं च णं विणय-मूलाइं सव्व कज्जाइं साहेइ । अण्णे य बहवे जीवे विणिइत्ता भवइ।

श्रेष्ठ गति रूप सिद्धि, पाके हो प्रशस्तकारी
अन्य भव जीवों को भी, विनयी प्रबोधै है ।।४।।

(५) आलोयणाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ?
आलोयणाए णं माया-णियाण-मिच्छा-दंसण-सल्लाणं, मोक्खमग्ग-विग्घाणं, अणंत-संसार-बंधणाणं उद्धरणं करेइ, उज्जुभावं च जणयइ । उज्जुभाव पडिवण्णे य णं जीवे अमाई इत्थीवेय णपुंसगवेयं च ण बंधइ । पुव्वबद्धं य णं णिज्जरेइ ।

आलोचना मोक्ष मार्ग विघ्नकारी फलाकांक्षा
माया मिथ्या दर्शन को, दूर छिटकावै है।
ऋजु भाव धारणा से, माया को निवारपा है
जाया वेद कीव वेद मूलि ना बँधावै है।
पूर्वबद्ध करमों की जीव करे, निज्जरण-
आत्मशोध हेतु या ही पंथ अपनावै है।
आचार्य समक्ष दोष, परकाश करि जीव
मिथ्या दर्शन रूप शल्य, दूर करि पावै है ।।५।।

(६) णिंदणयाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ?
णिंदणयाए णं पच्छाणुतावं जणयइ। पच्छाणुतावेणं विरज्जमाणे करणगुणसेढिं पडिवज्जइ । करणगुण-सेढी पडिवण्णे य णं अणगारे मोहणिज्जं कम्मं उग्घाएइ ।

छन्द-बसन्ततिलका
निन्दा प्रभाव पछताव लहै सुजीव
आती सुतापचय से भव से विरक्ति ।
होती विशिष्ट करणादिक रूप दृष्टि
गौणादि संवरण से परिमोह नष्ट ।।६।।

(७) गरहणयाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ?
गरहणयाए णं अपुरक्कारं जणयइ । अपुरक्कारगए णं जीवे अप्पसत्थेहिंतो जोगेहिंतो णियत्तेइ, पसत्थे य पडिवज्जइ। पसत्थ-जोग पडिवण्णे य णं अणगारे अणंतघाइपज्जवे खवेइ।

गर्हा विशेष कृति से मिलती अवज्ञा
वैसा अकर्म, परिवर्जनशील होता ।
कार्यादि रिक्त बनता, शुभ कार्यकारी
कर्मादि का क्षय करे, गुण दीप्तिकारी ।।७।।

(८) सामाइएणं भंते ! जीवे किं जणयइ?
सामाइएणं सावज्ज जोग-विरइं जणयइ।
(९) चउव्वीसत्थएणं भंते! जीवे किं जणयइ ?
चउव्वीसत्थएणं दंसणविसोहिं जणयइ।

सामायिकादि करके परिभोग मुक्त-
सावद्य कार्य विधि से परिरिक्त होता ।
चौबीस तीर्थकर के स्तुति गान से भी-
होता विशुद्ध, परिदर्शन लाभकारी ।।८-९।।

(१०) वंदणएणं भंते ! जीवे किं जणयइ?
वंदणएणं णीयागोयं कम्मं खवेइ, उच्चा-गोयं कम्मं णिबंधइ, सोहग्गं च णं अपडिहयं आणाफलं णिव्वत्तेइ, दाहिणभावं च णं जणयइ।

नीचादि गोत्र कृति का क्षयकार कारी-
उच्चादि गोत्र सुख से, शुभ बाँधता है ।
सौभाग्य लाभ करता, जन नेह पाता
दाक्षिण्य शासन लहे, जिन-वन्दना से ।।१०।।

(११) पडिक्कमणेणं भंते! जीवे किं जणयइ ?
पडिक्कमणेणं वयछिद्दाणि पिहेइ । पिहिय-वयछिद्दे पुण जीवे णिरुद्धासवे असबल-चरित्ते अट्ठसु-पवयण-मायासु उवउत्ते अपुहत्ते सुप्पणिहिए विहरइ ।

प्राणी-प्रतिक्रमण से, व्रत छिद्र रोके
संरुद्ध-आश्रव करे, चरण क्रिया से-।
आराधना, समिति गुप्ति चयादि का ही-
सम्यक् समाधि युत सन्तत संयमी हो ।।११।।

(१२) काउस्सग्गेणं भंते ! जीवे किं जणयइ ?
काउस्सग्गेणं तीय-पडुप्पण्णं पायच्छित्तं विसोहेइ। विसुद्ध- पायच्छित्ते य जीवे णिव्वुय-हियए ओहरिय-भरुव्व भारवहे पसत्थ-ज्झाणोवगए सुहं सुहेणं विहरइ।

उत्सर्गशील परिपत्र अतीत काल-
दोषादि रूप-अतिचार विशोधता है ।
जैसे कि भार परिवाहक भारमुक्त-
हो स्वस्थ-सौख्य लहता सुसमाधिलीन ।।१२।।

(१३) पच्चक्खाणेणं भंते! जीवे किं जणयइ ?
पच्चक्खाणेणं आसवदाराइं णिरुम्भइ। पच्चक्खाणेणं इच्छा-णिरोहं जणयइ। इच्छाणिरोहं गए य णं जीवे सव्व-दव्वेसु विणीय-तण्हे सीइभूए विहरइ ।

दोषादि छोड़कर के, भव मध्य जीव-
रागादि कर्म परिबन्धन हेतुओं का-।
साधे निरोध, भव आश्रव रूपता का
वाही तटाक नलिका-अवरोध तुल्य ।।१३।।

(१४) थव-थुइ मंगलेणं भंते जीवे किं जणयइ ?
थव-थुइ मंगलेणं णाण-दंसण -चरित्त-बोहिलाभं जणयइ । णाण-दंसण-चरित्त बोहिलाभसंपण्णे य णं जीवे अंतकिरियं कप्पविमाणोववत्तियं आराहणं आराहेइ ।

संबुद्ध दर्शन चरित्र विबोध लाभ
होता, स्तुती सुपरिमंगल गान से है ।
अन्तक्रिया सतत लक्ष्य विशेष होती
वैमानिकादि सुर की उपलब्धियाँ भी ।।१४।।

(१५) काल-पडिलेहणयाए णं भंते ! जीवे किं जणयइ ? काल-पडिलेहणयाए णं णाणावरणिज्जं कम्मं खवेइ ।

स्वाध्याय धर्म करणादिक हेतु युक्त-
कालादि धेय परिपालन काल लेखा-।
से जीव शुद्ध करता क्षय सर्वदेव-
ज्ञानावृतीय कृति का करणीयकारी ।।१५।।

(१६) पायच्छित्तकरणेणं भंते! जीवे किं जणयइ ? पायच्छित्त-करणेणं पावकम्म-विसोहिं जणयइ । णिरइयारे यावि भवइ । सम्मं च णं पायच्छित्तं पडिवज्जमाणे मग्गं च मग्गफलं च विसोहेइ, आयारं च आयार-फलं च आराहेइ ।

सम्यक् विशुद्ध दुरितादिक दूरकारी-
धर्मादि को निरतिचार सदा बनाता ।
सम्यक्त्व बोध परिनिर्मलता विशिष्ट-
आचार-मुक्ति भजता अनुतप्त जीव ।।१६।।

(१७) खमावणयाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ?

चित्त प्रसाद मिलता सु-खमापना से-
प्रह्लाद भाव करता सबसे सुमैत्री-।

खमावणयाए णं पल्हायणभावं जणयइ। पल्हायणभावमुवगए य सव्व-पाण-भूय-जीव-सत्तेसु मित्तीभावमुप्पाएइ। मित्तीभावमुवगए यावि जीवे भावविसोहिं काऊण णिब्भए भवइ।

निवृत्त भाव लहके परिशुद्ध जीव-
भावादि शुद्ध बनके, भय-शून्य होता ।।१७।।

(१८) सज्झाए णं भंते ! जीवे किं जणयइ ?
सज्झाएणं णाणावरणिज्जं कम्मं खवेइ।

पूछा विनीत बनके, भगवान् बतावे-
स्वाध्याय में सतत जीव अपूर्व पाता ?
क्या ? देव ने तब कहा उससे समग्र
ज्ञानावृतात्म कृति का क्षय साधता हो ।।१८।।

(१९) वायणाए णं भंते ! जीवे किं जणयइ ?
वायणाए णं णिज्जरं जणयइ । सुयस्स य अणुसज्जणाए अणासायणाए वट्टए, सुयस्स अणुसज्जणाए अणासायणाए वट्टमाणे तित्थ-धम्मं अवलम्बइ । तित्थधम्मं अवलम्बमाणे महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवइ ।

श्रौतादि पाठ परिवाचन, निर्जरा है
आशातना सतत दूर करे मनस्वी ।
तीर्थादि धर्म अवलम्बन भूत होता
संसार तीर्ण करता, बहु निर्जरा से ।।१९।।

(२०) पडिपुच्छणयाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ? पडिपुच्छणयाए णं सुत्तत्थ-तदुभयाइं विसोहेइ । कंखा-मोहणिज्जं कम्मं वोच्छिंदइ ।

शंका निवृत्ति करना परिपृच्छना है
प्राक् प्राप्त शास्त्र निगमागम के विषै में।
सूत्रार्थ औ उभय का, परिबोध होता
तद्बद्ध संशय निराकृति जीव पावे ।।२०।।

(२१) परियट्टणयाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ? परियट्टणयाए णं वंजणाइं जणयइ । वंजणलद्धिं च उप्पाएइ ।

आवर्तना पुनि करे निज पाठ की भी
शब्दादि रूप थिर भाव लहे अवश्य-।
एवम् पदानुसरता अनुरंजनाभृत्-
से व्यंजनादि परिलब्धि विशेष पाता ।।२१।।

(२२) अणुप्पेहाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ?
अणुप्पेहाए णं आउयवज्जाओ सत्तकम्म-प्पगडीओ धणियबंधण-बद्धाओ सिढिल-बंधण बद्धाओ पकेइ। दीहकालट्ठिइयाओ हस्सकालट्ठिइयाओ पकरेइ। तिव्वाणुभावाओ मंदाणुभावाओ पकरेइ, बहु-पएस-ग्गाओ अप्पपएस-ग्गाओ पकरेइ । आउयं च णं कम्मं सिय बंधइ, सिया णो बंधइ । असाया-वेयणिज्जं च णं कम्मं णो भुज्जो भुज्जो उवचिणाइ । अणाइयं च णं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरन्तं संसारकंतारं खिप्पामेव वीइवयइ ।

छन्द-धनाक्षरी

अनुप्रेक्षा से जीव, चिन्तन मननानुरूप
आयु कर्म छोड़ ज्ञानावरणीय पारै है ।
करमों की प्रकृतियाँ शिथिल करण हेतु
दीर्घ काल प्रकृति ने, मन्दता प्रचारै है
तीव्र रस अनुभाव मन्दता में परिणामे
बहु कर्म परदेश अल्पता में धारै है ।
भंजना आयुष् कर्म सात में वेद उपचय
अनादि अनन्त मुक्ति सर्वसुख सारै है ।।२२।।

(२३) धम्म-कहाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ?
धम्मकहाए णं णिज्जरं जणयइ । धम्म-कहाए णं पवयणं पभावेइ । पवयण-पभावेणं जीवे आगमेसस्स भद्दताए कम्मं णिबंधइ ।

छन्द-बसन्ततिलका

धर्मोपदेश करता कृति निर्जरा को-
सिद्धान्त शासन सदा परिभावना को-।
सम्प्राप्त जीव, निज आयति काल में भी-
सानन्द पुण्य करमादिक बाँधता है ।।२३।।

(२४) सुयस्स आराहणयाए णं भंते ! जीवे किं जणयइ ?
सुयस्स-आराहणयाए णं अण्णाणं खवेइ, ण य संकिलिस्सइ ।

(२५) एगग्गमणसंणिवेसणयाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ? एगग्गमणसंणिवेसणयाए णं चित्तणिरोहं करेइ ।

आराधना यदि करे, श्रुत की, विनाश-
अज्ञान का नित करे, परिताप शून्य-।
एकाग्र रूप मन की विनियोजना से-
होता निरोध, उसका विषयादिकों से ।।२४-२५।।

(२६) संजमेणं भंते ! जीवे किं जणयइ ?
संजमेणं अणण्हयत्तं जणयइ ।
(२७) तवेणं भंते ! जीवे किं जणयइ?
तवेणं वोदाणं जणयइ ।

संयाम आश्रव निरोध विशेषकारी-
नैर्मल्य युक्त तप से, बनता मनस्वी ।
पूर्वार्जित प्रबल कर्म विनाशकारी
पाता, विशुद्ध महिमा भृत भव्य जीव ॥२६-२७॥

(२८) वोदाणेणं भंते ! जीवे किं जणयइ?
वोदाणेणं अकिरियं जणयइ । अकिरियाए भवित्त तओ पच्छा सिज्झइ, बुज्झइ, मुच्चइ, परिणिव्वायइ सव्व-दुक्खाण-मंतं करेइ ।

होती विशुद्धपन से, नितनिष्क्रियत्व
योगत्रयादि परिवृत्ति, निवृत्ति रूपा ।
हो सिद्ध, बुद्ध, परिमुक्त, विशिष्ट कृत्य-
निर्वाण लाभ करता, कर दुःख शान्त ॥२८॥

(२९) सुह-साएणं भंते ! जीवे किं जणयइ ?
सुह-साएणं अणुस्सुयत्तं जणयइ । अणुस्सुयाए णं जीवे अणुकंपए अणुब्भडे विगय-सोगे चरित्तमोहणिज्जं कम्मं खवेइ ।

सौख्यादि शान्त गुण से, विषयाऽऽविरक्ति
औत्सुक्यहीन बन के, करता दया है ।
शोकादिहीन परिशान्त चरित्र मोह-
नीयादि-कर्म सविशेष, निरा खपाता ॥२९॥

(३०) अप्पडिबद्धयाए णं भंते जीवे किं जणयइ ? अप्पडिबद्धयाए णं णिस्संगत्तं जणयइ । णिस्संगत्तेणं जीवे एगे एगग्गचित्ते दिया य राओ य असज्जमाणे अप्पडिबद्धे यावि विहरइ ।

आसक्तिहीन बन जीव रहे अकेला-
निस्संग एकपन से विचरे मनोज्ञ ।
एकाग्रचित अपनी कर साधना से-
सर्वत्र संयत रमे प्रतिवद्धहीन ॥३०॥

(३१) विवित्त-सयणासणयाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ? विवित्त-सयणासणयाए णं चरित्तगुत्तिं जणयइ । चरित्तगुत्ते य णं जीवे विवित्ताहारे दढचरित्ते एगंतरए

होती विविक्त शयनासन से चरित्र-
रक्षा, तथा विकृत भोजनहीनता से ।
एकान्तशील, दृढ मुक्ति, सुभाव युक्त
अष्टाक्त कर्मचय का क्षय [illegible] ॥३१॥

मोक्खभावपडिवण्णे अट्ठविह कम्मसंगंठिं णिज्जरेइ ।

(३२) विणियट्टणयाए णं भंते! जीवे किं जणयइ ? विणियट्टणयाए णं पावकम्माणं अकरणयाए अब्भुट्ठेइ । पुव्व-बद्धाणं य णिज्जरणयाए पावं णियत्तेइ । तओ पच्छा चाउरन्तं संसारकंतारं वीइवयइ ।

जो इन्द्रियादि मन का करता विजै है
वो जीव पाप कृति से रहता पृथक् है।
प्राग्बद्ध कर्मचय की, कर निर्जरा को
कान्तार पार करता, बनके वशीन्द्र ॥३२॥

(३३) संभोगपच्चक्खाणेणं भंते! जीवे किं जणयइ ? संभोगपच्चक्खाणेणं आलम्बणाइं खवेइ। णिरालम्बणस्स य आययट्ठिया जोगा भवंति । सएणं लाभेणं संतुस्सइ, परलाभं णो आसाएइ, परलाभं णो तक्केइ, णो पीहेइ, णे पत्थेइ, णो अभिलसइ । परलाभं अणस्सायमाणे अतक्केमाणे अपीहेमाणे अपत्थेमाणे अणभिलसमाणे दुच्चं सुहसेज्जं उवसंपज्जित्ता णं विहरइ ।

धनाक्षरी

संभोग के प्रत्याख्यान से, तो परालम्ब जीव
निरालम्ब भावना में, मानस सुढ़ारै है।
पुरुषार्थरत्न सारे, होते पूरे मुक्ति हेतु
अपनी उपार्जना में, तोष धृति धारै है।
दूसरों के लाभादिक, उपयोग करे नाही
अभिलाष स्पृहा अरु, याचना न सारै है।
दोषों से विमुक्त जीव शुद्ध भव्य सर्वदैव
अन्य सुख शय्या पाके जीवन विहारै है ॥३३॥

